राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 124 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



यूएनजीए में भारत की प्रतिनिधि रुचिका कम्बोज ने पाकिस्तान के राजदूत की तरफ से दिए गये बयान को विध्वंसक बताया।

## आदर्श विचार



जो व्यवहार आपको दूसरों से अपने लिए पसंद ना हो, ऐसा व्यवहार दूसरों के साथ भी ना करें।
- भगवत गीता

## मन की बात



-जिस प्रकार केवल एक ही बीज पूरे जंगल को पुनर्जीवित करने के लिए पर्याप्त है।
-विवेकानंद

# 'विपक्ष जनता को गुमराह कर रहा'

● सपा-बसपा के लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए लड़ रहे चुनाव: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**चुनावी जनसभा**

**जनता ही उनका परिवार है। मोदी-योगी आपके बच्चों के भविष्य के लिए जीवन खपा रहे हैं: पीएम मोदी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**इटावा: भाजपा के व**रिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के इटावा में एक चुनावी जनसभा में विपक्षी दलों के परिवारवाद पर कड़ा तंज कसा। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा के लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि मोदी और योगी के पास बाल-बच्चे नहीं हैं। जनता ही उनका परिवार है। मोदी-योगी आपके बच्चों के भविष्य के लिए जीवन खपा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साथियों, इन परिवारवादियों की विरासत क्या है? इनकी विरासत गाड़ी, बंगला और रसूख है। कोई इटावा, मैनपुरी और कन्नौज को अपनी जागीर मानता है तो कोई अमेठी, रायबरेली को अपनी विरासत मानता है। मोदी की विरासत गरीब को मिला मकान, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज है। मोदी की विरासत आपके बच्चों के लिए बनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। कौन जानता है कि 2047 में आपका ही बेटा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बने। शाही परिवार का ही बेटा सीएम पीएम बने, चाय वाले ने यह प्रथा तोड़ दी है। जैसे राजा राम मोहन राय के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने कुप्रथा तोड़ दी। ऐसे ही भविष्य में मेरे बारे में कहा जाएगा कि एक चायवाले ने शाही परिवारों से ही सीएम पीएम बनने की कुप्रथा तोड़ी थी। अब कोई भी सीएम पीएम बन सकता है। तीन लोकसभा क्षेत्रों- इटावा, कन्नौज और मैनपुरी के लिए आयोजित इस जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषण के दौरान इस पूरे क्षेत्र को भावनात्मक रूप से जोड़ते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि 2019 में संसद में उन्होंने कहा था कि भाजपा की एक बार फिर सरकार बनने जा रही है। मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

### सीएम योगी ने पूरा उप्र बदल कर रख दिया: पीएम

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता मोदी ने गुण्डाराज पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा राज में खाली प्लाट पर अपना झण्डा गाड़ दिया करते थे। सीएम योगी ने पूरा उप्र बदल कर रख दिया है। कन्नौज का इत्र आज दुनिया में पहुंच रहा है। जी-20 में आए दुनियाभर के लोगों को कन्नौज का इत्र ही भेंट किया था।

**आज यूपी में कानून का राज है: सीएम योगी** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दो चरण सम्पन्न हो चुके हैं। तीसरे चरण में सात और चौथे चरण में 13 मई को जनता जनार्दन भारत के भविष्य के लिए चुनाव करना है। एक तरफ देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले हैं दूसरी ओर देश की सुरक्षा और समृद्धि करने वाला मोदी का परिवार है। आज एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

इटावा की यह वही भूमि है जहां से लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। पहले यहां बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। माफिया का बोलबाला था। आज यहां एक्सप्रेस-वे बन रहा है। क्षेत्र का विकास हो रहा है। जनता जनार्दन का समर्थन प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का यहां आगमन हुआ है।

# पीओके खुद हो जाएगा आजाद: रक्षा मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर कई बड़े दावे किए हैं। राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्थिति में काफी सुधार हुआ है और एक समय ऐसा आएगा जब केंद्र शासित प्रदेश में अफस्पा (सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम) की आवश्यकता नहीं होगी।

**'जम्मू-कश्मीर में जरूर होंगे चुनाव':** हालांकि, रक्षा मंत्री ने कहा कि यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है और वह उचित निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव भी जरूर होंगे, लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं दी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि भारत को कुछ नहीं करना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से जमीनी हालात बदले हैं, क्षेत्र में जिस तरह से आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां जिस तरह से शांति लौटी है, मुझे लगता है कि पीओके के लोगों की ओर से यह मांग उठेगी कि उनका भारत के साथ विलय होना चाहिए।" उन्होंने कहा कि हमें पीओके पर अपना कब्जा करने के लिए बल का प्रयोग नहीं करना पड़ेगा क्योंकि लोग ही कहेंगे कि हमें भारत में विलय करना चाहिए।

### 'सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा'

**रक्षा** मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के छद्म युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि इस्लामाबाद को सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा। उन्होंने कहा कि वे भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं और हम ऐसा नहीं होने देंगे। पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में फरवरी 2019 में भारत के युद्धक विमानों द्वारा पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर हमला किए जाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया है।

# राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



**रायपुर: तीसरे** चरण के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस की नेशनल मीडिया कोऑर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर लिखा कि आज अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रही हूं। साथ ही अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं। हां मैं लड़की हूं और लड़ सकती हूं और वही अब मैं वहीं कर रहीं हूं। अपने और देशवासियों के न्याय के लिए मैं निरंतर लड़ती रहूंगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर तीन पेज का इस्तीफा लिखा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को तीन पेज के लिखे इस्तीफा पत्र में कहा कि आदिकाल से स्थापित सत्य है कि धर्म का साथ देने वालों का विरोध होता है।

# आरक्षण छीनना चाहते हैं पीएम मोदी: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**
**हैदराबाद: भाजपा पर** हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और लोगों से आरक्षण छीनना चाहते हैं। तेलंगाना में आदिलाबाद (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि चल रहे आम चुनाव दो विचारधाराओं के बीच हो रहे हैं जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है। जबकि भाजपा-आरएसएस गठबंधन इसे और लोगों के अधिकारों को खत्म करना चाहता है। उन्होंने आगे कहा, "नरेंद्र मोदी जी आरक्षण के खिलाफ हैं। वह आपसे आरक्षण छीनना चाहते हैं। देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाना है।"

**दावा**

**दो विचारधाराओं के बीच हो रहे हैं जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है: राहुल**

**'भाजपा नेता भी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं':** कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी आरक्षण के खिलाफ हैं। वह आपसे आरक्षण छीनना चाहते हैं। देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाना है।

# 'अच्छे-बुरे आतंकवाद में नहीं हो सकता अंतर'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत ने कहा है कि ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है। साथ ही इस बात को रेखांकित किया कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद में अंतर नहीं किया जा सकता है। फ्रांस के ल्योन में नेशनल सेंट्रल ब्यूरो के प्रमुखों के हाल ही में संपन्न 19वें इंटरपोल सम्मेलन में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने सम्मेलन में संगठित अपराध, आतंकवाद और चरमपंथी विचारधाराओं के बीच साठगांठ से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला।



सूद ने कहा, ऑनलाइन कट्टरपंथ वैश्विक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी प्रकार के आतंकवाद की निंदा की और कहा कि अच्छे आतंकवाद और बुरे आतंकवाद के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता। सीबीआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, इंटरपोल सम्मेलन में 136 देशों के नेशनल सेंट्रल ब्यूरो ने भाग लिया, जिसका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने किया।

# दुष्प्रचार पर आमादा पाक, भारत ने दिया जवाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पहले राजधानी इस्लामाबाद में पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने और उसके कुछ ही घंटे बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में पाकिस्तान के राजदूत ने अपने देश में कुछ संदिग्ध 'चरित्र' वाले लोगों की संदेहास्पद मौत के मामले को उठाते हुए भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने की कोशिश की है। भारत ने यूएनजीए में इसका करारा जवाब दिया है। भारत ने पाकिस्तान का नाम लिये बगैर उसे पूरे चरित्र को संदेहास्पद करार दिया है और आतंकवाद के मुद्दे पर भी उसे घेरा है।

# '400 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं पीएम मोदी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्मावरम (आंध्र प्रदेश):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए की एक रैली को आंध्र प्रदेश में संबोधित किया। अपने संबोधन में अमित शाह ने विश्वास जताया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने यह भी कहा कि पहले दो दौर के मतदान के बाद भाजपा को मिली सीटों की संख्या 100 से अधिक हो जाएगी। रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर आंध्र प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।



**'राहुल गांधी देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं':** भारतीय गठबंधन के सहयोगियों का मजाक उड़ाते हुए, शाह ने कहा कि राहुल गांधी सहित कोई भी भारतीय ब्लॉक नेता देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं है। जबकि दूसरी ओर, पूरे देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा, तेलुगु देशम पार्टी और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना ने गुंडों और अपराधियों के कथित शासन, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रेत माफिया को समाप्त करने के लिए गठबंधन बनाया

**कटाक्ष**

**पहले दो दौर के मतदान के बाद भाजपा को मिली सीटों की संख्या 100 से अधिक हो जाएगी: शाह**

# बंगाल में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं: जेपी नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह केंद्र में ऐसी सरकार चाहती हैं जो आतंकवाद को लेकर नरम रुख अपनाए। लोकसभा चुनाव को लेकर बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने दावा किया कि राज्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार भ्रष्टाचार, जबरन वसूली, तुष्टीकरण और भेदभाव के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि हम मजबूत सरकार की बात करते हैं, लेकिन ममता बनर्जी 'मजबूर सरकार' चाहती हैं।



# संदेशखाली प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ: ममता

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर राज्य को बदनाम करने के लिए संदेशखाली की घटनाओं को अंजाम देने का आरोप लगाया, जहां तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं। टीएमसी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि यह फुटेज उसके रुख की पुष्टि करता है कि संदेशखाली प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ था।



बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया, "मैं लंबे समय से कह रही थी कि भाजपा संदेशखाली घटना को अंजाम देकर बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है।" उन्होंने पोस्ट में कहा, "स्टिंग ऑपरेशन में 'बांग्ला-बिरोधियों' का असली चेहरा सामने आया है। उन्होंने मेरी माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की है। 13 मई को राणाघाट के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि बांग्ला-बिरोधियों को बंगाल से बाहर कर दिया जाए!" कथित वीडियो में एक व्यक्ति ने दावा किया कि वह गंगाधर कयाल है, जो उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में भाजपा मंडल अध्यक्ष है, जिसे यह कहते हुए सुना गया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता "सुवेंदु अधिकारी पूरी साजिश के पीछे हैं।" हालांकि, पीटीआई ने टीएमसी द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं की है।

**हमला बोला**

**सब अधिकारी की थी प्लानिंग, टीएमसी ने जारी किया स्टिंग वीडियो, ममता बनर्जी हुई हमलावर**

# भारत-मालदीव ने सैन्य कर्मियों की वापसी की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत और मालदीव ने द्वीप देश से भारतीय सैन्यकर्मियों को बदलने की चल रही प्रक्रिया की समीक्षा की। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए 10 मई की समय सीमा तय की है। भारत हिंद महासागर में स्थित द्वीपसमूह में तीन विमानन प्लेटफॉर्मों का संचालन कर रहे कुछ सैन्यकर्मियों को पहले ही वापस बुला चुका है। सैन्यकर्मियों का स्थान तकनीकी विशेषज्ञों ने ले लिया है। नई दिल्ली में शुक्रवार को दोनों पक्षों की द्विपक्षीय उच्च स्तरीय कोर ग्रुप की चौथी बैठक हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी। रक्षा क्षेत्र, द्विपक्षीय व्यापार व निवेश को बढ़ाने का प्रयास और विकास सहयोग परियोजनाएं प्रमुख रहीं।

**घेरा** सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्य में अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दायर किया गया है

# 'रोहित की आत्महत्या पर राजनीति के लिए माफी मांगें राहुल'

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुणे:** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रोहित वेमुला की आत्महत्या का 'राजनीतिकरण' करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। रोहित ने वर्ष 2016 में आत्महत्या की थी। पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्य में अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दायर किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रोहित दलित नहीं था। उसके पास एससी (अनुसूचित जाति) का फर्जी प्रमाण पत्र था। रोहित को डर था कि उसकी 'वास्तविक पहचान' उजागर हो जाएगी। लेकिन कांग्रेस ने सार्वजनिक रूप से मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश की थी। संसद में राहुल गांधी ने बयान दिया कि रोहित पर दबाव डाला गया।



**राहुल को भाषणों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए:** सीतारमण ने कहा, राहुल को उस समय लोकसभा में दिए गए अपने भाषणों को सुनना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्हें एससी समुदाय से भी माफी मांगनी चाहिए जिनका उन्होंने दुरुपयोग किया। यह दलित मुद्दा नहीं था, लेकिन (राहुल ने) इसे दलित मुद्दे की तरह बना दिया। 'मोहब्बत की दुकान' चलाने की बात कहने वाले 'टाक्सिक दुकान' चला रहे थे।

**नैरेटिव बनाया गया:** बाद में डेक्कन कॉलेज में 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने में उच्च शिक्षा की भूमिका पर छात्रों के साथ बातचीत करते हुए सीतारमण ने दावा किया कि नैरेटिव बनाया गया कि सरकार छात्रों और अनुसूचित जाति के खिलाफ है। यह गलत नैरेटिव स्वार्थी समूहों, स्वघोषित वामपंथी उदारवादी समूह, विपक्ष के नेताओं ने बनाया।

उन्होंने कहा, जिस समस्या को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जा सकता था, उसे सड़कों पर घसीटा गया।

**मांग**

**नैरेटिव बनाया गया कि सरकार छात्रों और अनुसूचित जाति के खिलाफ है: वित्त मंत्री सीतारमण**

# 'बिना सबूतों के आरोप लगाता है कनाडा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कनाडा में खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में तीन भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। अब इसपर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान सामने आया है। जयशंकर ने कहा कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर जो कुछ हो रहा है, वह ज्यादातर उनकी आंतरिक राजनीति के कारण है।

**बिना सबूतों के आरोप लगाता है कनाडा:** जयशंकर ने आगे कहा कि इस मामले में भारत का कोई लेना-देना नहीं है। एस जयशंकर ने कहा कि कनाडा बिना सबूतों के भारत पर गलत काम करने का आरोप लगाता है। दरअसल, एस जयशंकर इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा पुलिस तीनों आरोपियों का भारत सरकार से लिंक होने की जांच कर रही है। जयशंकर ने कहा कि भारत कनाडाई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन भारतीयों के बारे में जानकारी साझा करने का इंतजार करेगा।



मंत्री ने कहा कि उन्होंने गिरफ्तारियों की खबरें देखी हैं और संदिग्ध स्पष्ट रूप से किसी प्रकार की गिरोह पृष्ठभूमि के भारतीय हैं और इसपर पुलिस के अपडेट का इंतजार करना होगा। भारत में विशेष रूप से पंजाब में संगठित अपराध को कनाडा से संचालित होने की अनुमति दी जा रही है, जिसपर रोक होनी चाहिए।

**आरोप खारिज**

**निज्जर की हत्या पर जो कुछ हो रहा है, वह उनकी आंतरिक राजनीति के कारण प्रयास करार दिया**

# आरएमएल अस्पताल के ओपीडी कमरों में मरीजों का पहुंचना होगा आसान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आरएमएल अस्पताल के ओपीडी ब्लाक में कमरों का नंबर बदलेगा। ओपीडी में हर डॉक्टर के कमरों का नंबर अब क्रमवार दिए जाएंगे। सोमवार से ही यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। इस बाबत अस्पताल प्रशासन ने आदेश जारी किया है। इस आदेश पर अमल होने से अस्पताल के ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को डॉक्टर का कमरा ढूंढने में परेशानी परेशानी नहीं होगी। वे आसानी से ओपीडी में संबंधित विभाग के डॉक्टर के कमरे में पहुंच सकेंगे। आरएमएल अस्पताल दिल्ली के बड़े अस्पतालों में शुमार है। इस वजह से एम्स व सफदरजंग के बाद इस अस्पताल में मरीजों की भीड़ अधिक होती है। इसलिए यह दिल्ली का तीसरा सबसे व्यस्त अस्पताल है।




**अस्पताल में रोजाना पहुंचते हैं करीब 7500 हजार मरीज:** इस अस्पताल में प्रतिदिन करीब 7500 हजार मरीज के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी काउंटर पर पंजीकरण के बाद मरीज को दिए जाने वाले ओपीडी कार्ड पर डॉक्टर का कमरा लिखा होता है, जहां मरीज को जाने के लिए कहा जाता है। अस्पताल के ओपीडी ब्लाक में डॉक्टरों के कमरों का नंबर क्रमवार दर्ज नहीं है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था के कारण ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचने वाले नए मरीजों को डॉक्टर का कमरा तलाश करने में परेशानी होती है। क्योंकि मरीजों को पता नहीं होता कि अस्पताल में कौन सा ब्लाक किस जगह है।

**व्यवस्था**

**ओपीडी में हर डॉक्टर के कमरों का नंबर अब क्रमवार दिए जाएंगे। आज से ही यह व्यवस्था लागू होगी**

**पुराने नंबर हटाने के निर्देश:** इस वजह से मरीज भटकने को मजबूर होते हैं। इसके मद्देनजर अस्पताल प्रशासन ने ओपीडी ब्लाक में सभी विभागों के डॉक्टरों के कमरों का नंबर बदलकर नए सिरे से क्रमवार लिखे जाने का फैसला लिया है।

## कूलर नहीं लाने पर पति से हुआ पत्नी का विवाद, आत्महत्या की

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद में भीषण गर्मी होने के चलते पत्नी मोनिका ने पति जयभूषण से कूलर लाने के लिए कहा तो दोनों के बीच विवाद हो गया। नाराज मोनिका ने रविवार सुबह चुनरी से फंदा लगाकर जान दे दी। मोनिका के ही छोटे भाइयों ने यह देखकर शोर मचाया और उसे फंदे से नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि मोनिका मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी। डेढ़ साल पहले ही उसकी जयभूषण से शादी हुई थी। उनका छह महीने का एक बच्चा भी है। शुरूआती जांच में सामने आया कि मोनिका पति और बच्चे के साथ सुदामापुरी में रहते हैं। साथ में मोनिका के दो छोटे भाई भी रहता है। जयभूषण मजदूरी करता है। उनका कमरा तीसरी मंजिल पर है।

# बाइक सवार बदमाशों ने आयुर्वेदिक चिकित्सक की हत्या की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** करावल नगर के प्रेम विहार इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने आयुर्वेदिक चिकित्सक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त राजकुमार उर्फ बंटी (38) के रूप में हुई है। घायल राजकुमार के परिवार वाले पास के अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। राजकुमार सपरिवार गली नंबर 8, प्रेम विहार, शिव विहार करावल नगर में रहते थे। परिवार में मां लक्ष्मी व दो छोटे भाई हैं। वह पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक थे और अपने घर के भूतल पर क्लिनिक चलाते थे। बृहस्पतिवार रात 9.10 बजे पुलिस को नवीन मेडिकोज के सामने राजकुमार को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली।

मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला




कि परिवार वाले उन्हें पास के जीटीबी अस्पताल लेकर गए हैं। जहां पहुंचने पर पता चला कि राजकुमार के मृत घोषित कर दिया गया है।

उनके सीने पर चाकू से हमला किया गया था। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। वहां मिले राजकुमार के भाई रवि ने बताया कि वह ऑनलाइन डिलीवरी बॉय का काम करता है। घटना के समय वह घर की पहली मंजिल पर मौजूद था। उसने अपने भाई को गली के पास खड़ा देखा। जब वह नीचे आया तो उसने देखा कि उनके भाई जमीन पर गिरे हुए हैं। रवि ने बताया कि एक बाइक पर सवार तीन युवक उन्हें गाली दे रहे थे। पास जाकर देखा तो भाई के सीने पर चाकू लगा हुआ था। वह उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी हमला करने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

**वारदात**

**मृतक की शिनाख्त राजकुमार उर्फ बंटी (38) के रूप में हुई है। अस्पताल में ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया**

## गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में राधा जागरण 15 मई को



**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला :** श्री कृष्ण कृपा परिवार एवं जिओ गीता आगामी 15 मई को पंचकूला के परेड ग्राउंड में श्री कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव के दौरान श्री राधा जागरण का आयोजन करेंगे। इस संदर्भ में सेक्टर 5 के परेड ग्राउंड में आयोजकों की बैठक आयोजित की गई जिसमें अनेको सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत श्री कृष्ण कृपा परिवार के श्यामलाल बंसल, धर्मपाल सिंगला, राकेश गोयल ने बताया कि इस कृष्ण कृपा प्रेरणा उत्सव के दौरान होने वाले श्री राधा जागरण में देश भर के प्रमुख संतवृंद अपना आशीर्वाद देने हेतु पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम महामंडलेश्वर गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के परम सान्निध्य में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर परविंदर ढींगरा, दीपक लूथरा, दिनेश गुप्ता, एडवोकेट संजय जैन, प्रवीण अग्रवाल, मक्खन सिंह, वृषभान गर्ग, दिनेश बंसल, हेमंत जिंदल, वनीत जैन, सुरेंद्र सिंगला, राज मित्तल, संदीप जिंदल, सत्यनारायण गुप्ता, सतीश मंगला आदि समेत अनेकों संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मासूम भाई-बहन की हत्या; पिता गायब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केशवपुरम थाना क्षेत्र के रामपुरा में दो मासूम भाई-बहन की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। लड़की की उम्र 13 व लड़के की 11 वर्ष है। दोनों बच्चों के शव घर के ग्राउंड फ्लोर पर अपने पिता की परचून की दुकान में मिले। घटना के बाद से बच्चों का पिता गायब है। बताया जाता है कि पिता दोपहर में दोनों बच्चों को स्कूल से लेकर आया था। शाम तक बच्चे घर नहीं पहुंचे तो बच्चों की मां परचून की दुकान पर पहुंची। दुकान का शटर खुलवाया तो दोनों बच्चे मृत अवस्था में पाए गए। पुलिस को अंदेशा है कि बच्चों की हत्या जहर देकर या गला घोंटकर की गई है।

**दोनों बच्चे रोज की तरह गए थे स्कूल:** बच्चों की हत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। 7:09 मिनट पर पुलिस को इस घटना की कॉल मिली। पुलिस केशवपुरम के रामपुरा स्थित सैनी वाली गली में



पहुंची। दोनों भाई बहन दुकान के ऊपर बने मकान में अपने माता पिता के साथ रहते थे। दोनों बच्चे रोज की तरह स्कूल गए थे, आमतौर पर दोपहर दो बजे तक स्कूल से घर लौट आते थे। शनिवार शाम तक बच्चे घर नहीं लौटे तो मां ने अपने पति को फोन लगाया।कई बार प्रयास के बाद भी पति से संपर्क नहीं हुआ तो वह ग्राउंड फ्लोर पर परचून की दुकान पर पहुंची। दुकान का शटर बंद पाया, इसके बाद उसने अपने रिश्तेदार को बुलाकर शटर खुलवाया तो दोनों बच्चे बेसुध हाल में मिले। इसके बाद बच्चों को दीपचंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद से बच्चों के पिता का कोई अता-पता नहीं है। पुलिस को शक है कि दोनों बच्चों की हत्या गला घोंटकर या फिर जहर देकर की गई है। यह भी हो सकता है कि जहर देने के बाद गला घोंटा गया हो। मौत के सही कारण पोस्टमार्टम के बाद ही सामने आएंगे। पुलिस ने शुरूआती जांच के आधार पर हत्या का शक पिता पर जाहिर किया है।वैसे पुलिस अन्य सभी पहलुओं और शंकाओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

**जांच जारी**

**दोनों बच्चों के शव घर के ग्राउंड फ्लोर पर अपने पिता की परचून की दुकान में मिले**

**इंजीनियर है बच्चों का पिता:** बच्चों का पिता बीटेक पास है और पिता के अस्वस्थ्य होने के बाद परचून की दुकान संभाल रहा है दोनों बच्चे त्रिनगर में स्कूल में पढ़ते थे। बताया जाता है कि बच्चों को स्कूल से आमतौर पर उनका पिता ही लेकर आता था। स्कूल से आने के बाद दोनों बच्चे अक्सर कुछ समय तक दुकान में ही रुकते थे।

# पहलवान बजरंग पुनिया को अस्थायी रूप से किया निलंबित



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पुनिया को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई से बजरंग के पेरिस ओलंपिक में खेलने के सपने पर संकट के बादल छाए हैं। जानकारी के अनुसार बजरंग पुनिया 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के लिए अपना सैंपल देने में विफल रहे, जिसके बाद नाडा ने उन्हें भविष्य के किसी भी कार्यक्रम में भाग लेने से निलंबित करने का आदेश जारी किया। भाजपा के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वालों में पुनिया, ओलंपियन साक्षी मलिक और विनेश सहित अन्य शीर्ष पहलवानों की कतार में सबसे आगे थे। निलंबन के बाद टोक्यो ओलंपिक में देश को कांस्य पदक दिलाने वाले पुनिया को इस महीने के अंत में होने वाले चयन ट्रायल में भाग लेने से रोक दिए जाने की संभावना है। 65 किग्रा वर्ग में अभी तक किसी भी भारतीय ने ओलंपिक कोटा नहीं जीता है। निलंबन पत्र वर्ल्ड यूनाइटेड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की भंग हो चुकी तदर्थ समिति को भेजा गया था। वहीं, बजरंग ने कुछ महीने पहले एक वीडियो जारी कर डोप कलेक्शन किट के एक्पायर होने का आरोप लगाया था। उन्होंने डोप नियंत्रण अधिकारी के निर्देश की अवहेलना की और दावा किया कि नाडा अधिकारियों ने अभी तक उनकी चिंताओं का समाधान नहीं किया है। डीसीओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अपने समर्थकों से घिरे पुनिया ने लगातार अपना बयान दोहराया और डोप सैंपल देने से इनकार करते हुए तुरंत कार्यक्रम स्थल से चले गए। पुनिया को सहायक दस्तावेज और मूत्र का नमूना जमा करने से इनकार करने के लिए 7 मई तक लिखित स्पष्टीकरण पेश करने के लिए कहा गया था। पत्र में कहा गया है यदि आप परिणामों को स्वीकार करते हैं, तो अपील के अधिकार के अधीन, मामले को आगे की अनुशासनात्मक कार्यवाही के बिना हल किया जाएगा।

**संकट में**

**राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पुनिया को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया**

## टिल्लू गिरोह के पकड़े दो शार्प शूटर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने टिल्लू गिरोह के दो शार्प शूटर्स को गिरफ्तार किया है। इन्हें गैंगवार के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। वहीं, इसी मामले में पुलिस ने एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले अलीपुर इलाके में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने अलीपुर थाने के बदमाश नरेंद्र उर्फ ढीलू को गोलियों से भून दिया था, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। फायरिंग में उनके एक साथी तरूण के पैर में तीन गोलियां लगीं।

# सैनिक विहार से हटी 'दीदी' की वड़ा पाव स्टॉल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सोशल मीडिया पर "वड़ा पाव दीदी" के नाम से चर्चित चंद्रिका गेरा दीक्षित का स्टॉल पिछले तीन-चार दिन सैनिक विहार में नहीं लग रहा है। सैनिक विहार के जिस फुटपाथ पर वड़ा पाव खाने के शौकीन लोगों का मजमा लगता था, आज वहां सन्नाटा है। नगर निगम और पुलिस ने सैनिक विहार फुटपाथ से चंद्रिका के स्टॉल समेत सभी ठेले हटवा दिए हैं। पिछले सप्ताह चंद्रिका की ओर से लगाए गए लंगर में विवाद के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। इस



बीच, दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वड़ा पाव बेचने वाली महिला के खिलाफ न तो कोई मामला दर्ज किया है और न ही गिरफ्तार किया गया है। पिछले सप्ताह चंद्रिका गेरा दीक्षित ने क्षेत्र में अपने बेटे के जन्म दिवस पर लंगर लगाया था। इसी दौरान स्थानीय लोगों के साथ उनका विवाद हो गया। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसके बाद सोशल मीडिया पर चंद्रिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और उनकी कथित गिरफ्तारी की बात तेजी से प्रसारित हुई। पुलिस ने बताया कि चंद्रिका दीक्षित ने वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उनके और स्थानीय लोगों के बीच विवाद दिखाया गया था, जब वह अपने स्टॉल के पास सामुदायिक भोज का आयोजन कर रही थीं। पुलिस ने बताया कि भोज के कारण उनके स्टॉल के पास भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे यातायात बाधित हुआ।इस बारे में पुलिस को लोगों की शिकायतें मिली थीं। शिकायत के बाद पुलिस की एक टीम वहां पहुंची और महिला को पुलिस स्टेशन ले गई। पुलिस ने बताया कि वड़ा पाव विक्रेता के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था और उसे गिरफ्तार भी नहीं किया गया था। सैनिक विहार में जिस फुटपाथ पर वड़ा पाव की स्टॉल समेत बड़ी संख्या में रेहड़ी-ठेले लगते थे, वहां शनिवार को फुटपाथ पर कोई व्यवसायिक गतिविधि नजर नहीं आई।

# कार ने ऑटो में मारी टक्कर, पति की मौत व पत्नी समेत अन्य लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल :** ऑटो में सवार होकर सत्संग में शामिल होने जा रहे परिवार को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। राष्ट्रीय राजमार्ग पर फुलवाड़ी मोड़ के पास हुए हादसे में ऑटो पलट गया, जिसमें पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पत्नी की हालत गंभीर होने के चलते हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद आरोपी चालक कार सहित मौके से फरार हो गए। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक चालक की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। सदर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार होडल निवासी राजेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे उसके पिता दयानंद (55), मां राजवती, पुष्पेंद्र, डोली, प्रार्थना व अन्य ऑटो में सवार होकर गांव धौलागढ़ में सत्संग सुनने के लिए जा रहे थे। ऑटो को पुष्पेंद्र चला रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गांव बामनीखेड़ा पुल उतरते ही फुलवाड़ी मोड़ के समीप पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो ने तीन बार पलटी खाई।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।

**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :

स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।

**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# छठे दिन सबसे ज्यादा 51 उम्मीदवारों के नामांकन

## अब सिर्फ उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार का नामांकन शेष है। रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहा और सोमवार को नामांकन की अंतिम तिथि है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नामांकन के छठे दिन सबसे ज्यादा 51 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सातों लोकसभा सीटों से भाजपा के सभी प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। वहीं, आप के चार व कांग्रेस के दो उम्मीदवार नामांकन कर चुके हैं। अब सिर्फ उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार का नामांकन शेष है। रविवार को साप्ताहिक अवकाश रहा और सोमवार को नामांकन की अंतिम तिथि है। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के अनुसार कई उम्मीदवारों ने एक सेट से ज्यादा नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इसके अलावा कवरिंग उम्मीदवारों ने भी नामांकन किया है। 51 प्रत्याशियों ने 71 पर्चे दाखिल किए। अब तक कुल 141 उम्मीदवारों ने 186 नामांकन पत्र भरे हैं। बसपा उम्मीदवारों ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली, चांदनी चौक, दक्षिणी दिल्ली व पूर्वी दिल्ली से नामांकन किया है।

**महाबल ने कहा- नहीं दिख रही कोई चुनौती:** पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी महाबल मिश्रा ने रोड शो किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह और कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत समेत विधायक व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। ढोल-नगाड़ों के साथ निकले नामांकन जुलूस में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा व पार्टी के झंडे के साथ केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर महाबल ने कहा कि इस बार मुझे कोई चुनौती नहीं दिखाई दे रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोगों के मन में रोष है। वे गरीबों की मदद करते हैं। उनकी गारंटी हर घर में दिखाई देती है।






### पूर्वी दिल्ली के लोग सिसोदिया के साथ : कुलदीप कुमार

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने कहा कि मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र से रोड शो शुरू कर संदेश देने का काम किया है कि भाजपा कितनी भी ताकत लगा ले, लेकिन पूर्वी दिल्ली के लोग सिसोदिया के साथ खड़े हैं। दिल्ली के लोग बार जेल का जवाब वोट से देंगे। आप के समर्थन में लोग शहीद-ए-आजम भगत सिंह की पीली पगड़ी और बाबा साहब की नीली पट्टी बांधकर निकले हैं। भाजपा ने गलत तरीके से केजरीवाल को जेल में डालने का काम किया। रोड शो के दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी



और विधायक दिलीप पांडे समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कुलदीप ने माता-पिता व मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया का आशीर्वाद लिया। इसके बाद आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कुलदीप के नामांकन के दौरान आप नेता आदिल अहमद खान सहित अन्य विधायक व नेता भी मौजूद रहे। वहीं, मंत्री आतिशी ने कहा कि जितनी बड़ी संख्या में पूर्वी दिल्ली के लोग निकलकर आए हैं, उससे साफ दिख रहा है कि कुलदीप को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। दिल्ली के लोगों ने मन बना लिया है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी का जवाब वोट से देंगे। वहीं दिलीप पांडे ने कहा कि भाजपा की पूरी कोशिश रही कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की आवाज को खत्म किया जाए। इसके लिए विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है।

### दिल्ली में एक लाख से अधिक बढ़े युवा मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में चलाए गए व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) की मदद से युवा मतदाता की संख्या तेजी से बढ़ी है। 22 जनवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में दिल्ली में पहली बार मतदाताओं की संख्या एक लाख से अधिक बढ़ी है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक मतदान सूची में पहली बार नामांकित मतदाताओं की संख्या 1,47,074 से बढ़कर करीब 2.43 लाख हो गई है। सीईओ ने उम्मीद जताई है कि पूरक मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद अंतिम आंकड़ा करीब 2.5 लाख तक बढ़ जाएगा। जागरूकता मंच (192) सहित व्यापक भागीदारी पहल के माध्यम से इस बढ़त देखने को मिली।

# देवेन्द्र यादव ने संभाली प्रदेश की जिम्मेदारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को प्रदेश मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने अरविंदर सिंह लवली का स्थान लिया है। लवली ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पदभार ग्रहण करने के बाद यादव ने दावा किया कि आईएनडीआईए दिल्ली में सभी सातों सीटों पर जीतेगा। वे दिल्ली में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। यादव के कार्यभार ग्रहण करने के कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी भी मौजूद थे। लवली के इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस ने पंजाब के प्रभारी देवेन्द्र यादव को दिल्ली प्रदेश इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया

**पदभार**
▶▶ अरविंदर सिंह लवली का स्थान लिया है। लवली ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली

है। उल्लेखनीय है कि लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन, पार्टी के दो लोकसभा उम्मीदवारों और प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया के व्यवहार से नाराजगी जताते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। उनका इस्तीफा पार्टी ने उसी दिन स्वीकार भी कर लिया था। दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन कर चुनाव लड़ रही हैं। देवेन्द्र यादव साल 2008 से 2013 तक बादली विधानसभा सीट से विधायक रहे हैं।

# दिल्ली में दबे पांव आया भूकंप, पर लोगों को नहीं चला पता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में रविवार को भूकंप आया। यह भूकंप दोपहर बाद 04:19 बजे आया। हालांकि झटके महसूस नहीं किए गए। इसके केंद्र पश्चिमी दिल्ली रहा और गहराई पांच किमी थी। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2 मापी गई। दिल्ली में आखिरी बार इसी वर्ष 22 जनवरी को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उस दौरान भूकंप का केंद्र चीन के दक्षिणी झिंजियांग था, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.2 मापी गई थी।

**भूकंप के लिहाज से दिल्ली बेहद संवेदनशील:** भूकंप के लिहाज से राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर के इलाके बेहद संवेदनशील माने जाते हैं। इसीलिए सिस्मिक जोन चार में रखा गया है। विज्ञानियों का कहना है कि दिल्ली से होकर कई फाल्ट लाइन (दिल्ली सोहना फाल्ट लाइन, मथुरा फाल्ट लाइन और दिल्ली-मुरादाबाद फाल्ट लाइन) गुजरती हैं। ये सभी

**भूकंप की तीव्रता**
▶▶ राजधानी दिल्ली में रविवार को भूकंप आया। यह भूकंप दोपहर बाद 04:19 बजे आया

एक्टिव फाल्ट लाइनों में शामिल हैं।

**भूकंप से सुरक्षा कैसे करें**
भूकंप के आने पर जैसे ही हलका सा कंपन महसूस करें घर, दफ्तर या बंद बिल्डिंग से बाहर रोड पर या खुले क्षेत्र में खड़े हो जाएं।
घर मे गैस सिलेंडर तथा बिजली का मेन स्विच निकाल दें।
ना तो वाहन चलाएं, न ही वाहनों मे यात्रा करें।
कहीं भी सुरक्षित तथा ढके हुए स्थान पर खड़े हो जाएं।
किसी भी गहराई वाले स्थान, कुएं, तालाब, नदी, समुद्र, तथा कमजोर व पुराने घर के पास खड़े ना हों।

### तीन लाख से अधिक अमेरिकी डॉलर के साथ कोरियाई नागरिक काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सीआईएसएफ कर्मियों ने रविवार को दिल्ली हवाईअड्डे पर एक कोरियाई नागरिक को करीब 2.80 करोड़ रुपये मूल्य के तीन लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि ले जाने के आरोप में पकड़ लिया। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। अधिकारी ने बताया कि यात्री थाई एयरवेज की उड़ान से बैंकॉक जा रहा था और उसे देर रात करीब एक बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर सुरक्षा जांच के दौरान रोक लिया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) अधिकारी ने कहा कि कोरियाई नागरिक के सामान में कुल 3,39,000 अमेरिकी डॉलर पाए गए, जिनकी कीमत मौजूदा विनिमय दरों के अनुसार लगभग 2.80 करोड़ रुपये है।

# हादसों में घायल हो रहा लोगों का सीना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हादसों में सिर के बाद मरीजों का सीना गंभीर रूप से घायल हो रहा है। इससे फेफड़े, दिल, मुख्य धमनी सहित दूसरे महत्वपूर्ण अंग प्रभावित होते हैं। यदि मरीज को समय पर इलाज न मिले तो बचा पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मरीज में होने वाली परेशानी को जानने के लिए एम्स के ट्रामा सेंटर ने 15 साल में भर्ती हुए कुल मरीजों का विश्लेषण किया तो पता चला कि 32% मरीजों के सीने पर गंभीर रूप से चोट लगी थी, जबकि अन्य मरीजों को सिर सहित दूसरे अंगों पर चोट के कारण भर्ती किया गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण सीने पर गंभीर रूप से चोट लगती है। ऐसे मामलों में शरीर के कई महत्वपूर्ण अंग भी घायल हो जाते हैं जिससे मरीज की परेशानी बढ़ती है। एम्स के ट्रामा सर्जरी व सीसी विभाग की प्रोफेसर डॉ. सुषमा सागर ने बताया कि बड़ी संख्या में मरीज सीने पर चोट के




कारण ट्रामा सेंटर में भर्ती होते हैं। ऐसे मरीजों में देखा गया है कि सीने में रिसाव के कारण खून व हवा भर जाती है। इसे तत्काल निकालकर ऑक्सीजन की प्रक्रिया को सामान्य बनाने की जरूरत होती है। ऐसे मरीजों को चेस्ट ट्यूब डालकर व स्वास्थ्य सुविधा देकर बचाया जा सकता है, लेकिन जानकारी के अभाव में डॉक्टर ऐसे मरीजों को बड़े केंद्रों में रेफर कर देते हैं। अब छोटे केंद्रों पर मरीजों को सुविधा देने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि मरीज पास के केंद्रों पर ही जरूरत के आधार पर उचित इलाज दे सकें। इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार से बजट बढ़ाने की भी मांग की गई है।

**जानलेवा होती है सीने की चोट:** एम्स ट्रामा सेंटर के डॉक्टरों का कहना है कि सीने में लगी चोट काफी घातक होती है। इस कारण कई बार मरीज की मौत तक हो सकती है। ट्रामा सेंटर में आने वाले मरीजों में देखा गया है कि सड़क दुर्घटना में घायल होने पर सीने में धातु का हिस्सा, सड़क का किनारा, कांच या दूसरी चीज काफी गंभीर रूप से धंस जाती है। इस

**विश्लेषण**
▶▶ मरीज सीने पर चोट के कारण ट्रामा सेंटर में भर्ती होते हैं। सीने में रिसाव के कारण खून व हवा भर जाती है

कारण दिल, मुख्य धमनी, दिल में रक्त का प्रवाह करने वाली धमनियां, फेफड़े व दूसरे अंगों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचता है।

इसके अलावा शरीर के अंदर ही अतिरिक्त रक्त का रिसाव हो जाता है। ऐसे में मरीज को बचाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मरीजों को एम्स ट्रामा सेंटर के रेड जोन में शिफ्ट किया जाता है।

एम्स ट्रामा सेंटर के डॉक्टर सुबोध कुमार ने कहा कि यदि कोई घायल को अस्पताल लेकर आता हैं तो उसे दो हजार रुपये दिए जाते हैं। साथ ही, मदद करने वाले से कोई पूछताछ भी नहीं होती है।

### राफ्टिंग कारोबारियों ने दिल्ली के छह पर्यटकों के साथ की मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ऋषिकेश के मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में शुक्रवार को राफ्टिंग कार्यालय में दिल्ली के छह पर्यटकों के साथ रॉड, पैडल आदि से मारपीट की गई। उधर, पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। दोपहर एक बजे तपोवन में पर्यटक एक राफ्टिंग कंपनी कार्यालय में पहुंचे। पर्यटकों का आरोप है कि कार्यालय के एक कर्मचारी ने उनके एक साथी के साथ अभद्रता की। जब अन्य साथियों ने विरोध किया तो राफ्टिंग कंपनी के सभी कर्मचारियों ने उन पर पैडल, लोहे के रॉड से हमला कर दिया। मारपीट में सौरभ घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के लिए एसपीएस राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। घायल ने बताया, उन्होंने शिकायत मुनिकीरेती थाना पुलिस से कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### इस्कॉन के चेयरमैन गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का निधन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इस्कॉन के सबसे वरिष्ठ संन्यासियों में से एक और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का आज सुबह देहरादून में निधन हो गया। उन्होंने सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है। बता दें कि गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज दो मई को दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे।

# कंपनी के कर्मचारी से लूटा 200 ग्राम सोना और कैश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सोने का कारोबार करने वाली एक कंपनी के कर्मचारी से आदर्श नगर थाना क्षेत्र में 201 ग्राम सोना समेत पांच हजार रुपये नकदी की लूट हुई है। इस वारदात को बाइक पर सवार दो बदमाशों ने अंजाम दिया। पीड़ित ने इसकी सूचना आदर्श नगर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को पीड़ित ने बताया कि वह कंपनी की बाइक से करोल बाग स्थित दो कारोबारियों से सोने की दो चेन व सोना लेकर कंपनी लौट रहा था। तभी आजादपुर फ्लाईओवर पर पीछे से आए एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की धारा में मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी



फुटेज से आरोपितों का पता लगा रही है।

**सोने के आभूषण बनाने वाली कंपनी में करते हैं काम:** उत्तरी-पश्चिमी जिला के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित रोहताश जहांगीरपुरी क्षेत्र में परिवार के साथ रहते हैं। आदर्श नगर स्थित सराय पीपल थाला एक्सटेंशन स्थित एक सोने के आभूषण बनाने वाली निजी कंपनी में नौकरी करते हैं।

**इतना सोना था पास:** पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह बीते

**वारदात**
▶▶ आजादपुर फ्लाईओवर पर पीछे से आए बाइक पर सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया

बुधवार की शाम कंपनी की बाइक से रेगपुरा करोल बाग स्थित एक गोल्ड फैक्ट्री से 10 ग्राम की सोने की चेन व 66 ग्राम सोना व एक अन्य दुकान से 125 ग्राम सोने की चेन अपनी पेंट की जेब में रखकर बाइक से वापस कंपनी लौट रहे थे। रात करीब 8:30 बजे जब वह आजादपुर फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने ओवरटेक कर, इनको रोकने की कोशिश की।

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, 16 बाइक-स्कूटी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रोहिणी जिला पुलिस ने राजधानी में सक्रिय वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे 16 मोटर साइकिल व स्कूटी बरामद की हैं।
इन वाहनों में 10 मोटरसाइकिल शामिल हैं। गिरोह दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर दोपहिया वाहन चुराता था। दोनों आरोपित की गिरफ्तारी के बाद विभिन्न थाना अंतर्गत वाहन चोरी के 16 मुकदमों को सुलझा लिया है। दोनों आरोपित की उम्र 22 व 23 वर्ष है।

**रोहिणी पुलिस ने दो आरोपित को पकड़ा :** रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जीएस सिद्धू ने बताया कि दो संदिग्ध युवकों के बारे में गुप्त सूचना के बाद गत दो मई को अमन विहार थाना पुलिस ने अपना जाल बिछाया। पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को



हिरासत में ले लिया। जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल एक दिन पहले थाना अमन विहार से चोरी हुई थी। दोनों आरोपित की पहचान अभिषेक राय (23) निवासी हरि एन्क्लेव, किराड़ी और हर्ष (22) निवासी गौतम विहार, दिल्ली के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनों ने वाहन चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकारी। दोनों के कब्जे से 15 दोपहिया वाहन बरामद किए गए। ये वाहन दिल्ली के विभिन्न थानों के क्षेत्र से चुराए गए थे। पुलिस की कई टीमें गिरोह द्वारा चोरी किए गए वाहनों को निपटाने के तौर-तरीकों का पता लगाने के लिए काम कर रही हैं। जांच अभी चल रही है।

**यहां चोरी हुए थे दोपहिया वाहन:** थाना अमन विहार, थाना कंझावला, थाना साउथ रोहिणी, थाना केशव पुरम, थाना जनक पुरी,थाना राजौरी गार्डन, थाना मंगोलपुरी, थाना कल्याण पुरी,सुल्तानपुरी, थाना

**सफलता**
▶▶ वाहन चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकारी। दोनों के कब्जे से 15 दोपहिया वाहन बरामद किए गए

आनंद पर्वत, थाना डीबीजी रोड व थाना बवाना क्षेत्र से एक-एक और थाना मोती नगर और थाना नांगलोई क्षेत्र से दो-दो दोपहिया वाहन चोरी हुए थे।सभी 16 दोपहिया वाहनों की बरामदगी के साथ ही चोरी के इन मामलों को पुलिस ने सुलझा लिया है।

वाहन चोर गिरोह को पकड़ने वाली पुलिस थाना अमन विहार की टीम में एएसआई जसविंदर जून, एचसी नरेंद्र, कांस्टेबल विकास, कांस्टेबल कमल कांस्टेबल सुनील शामिल थे।



## न्यूज फ्लैश

### कलायत में सैंकड़ों युवा आप में शामिल हुए

टीम एक्शन इंडिया




**कलायत/कैथल :** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत की अग्रवाल धर्मशाला और गांव सर्पण खेड़ी में जनसभा की। इस मौके पर बीजेपी के एससी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष मेघराज अपने समर्थकों और परिवार के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उनके साथ गज्जन सिंह, सतबीर गोयत, राहुल दादू, सुनील सहारण, लीला राम, शमशेर मान, जगवीर हुड्डा भी मौजूद रहे। वहीं युवा नेता राहुल दादू के नेतृत्व में भगत सिंह बेनीवाल, कुलबीर, जगतानंद, मनदीप, मनकीत, सोनू जागलान, साहिल चहल, प्रदीप नरवाल, विक्रम, कुलदीप, गुरदास, सावन, नितिन, रोहित और रविंद्र समेत सैंकड़ों युवा भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रति लोगों का रुझान बहुत तेजी से बढ़ रहा है। हर गांव के लोग कह रहे हैं कि इस बार बीजेपी का घमंड तोड़ेंगे। पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं नहीं तो पूरे पांच साल जनता नेताओं के पीछे घूमती है। किसान को एमएसपी चाहिए, युवाओं को रोजगार चाहिए और यदि हमारा कोई बच्चा विदेश में फंस गया तो उसको निकालने के लिए सरकार के नेताओं के पास जाना पड़ता है। महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा नहीं हो पा रही तो नेताओं के पास जाना पड़ता है। जब सरपंचों को भी अपने अधिकार के लिए चंडीगढ़ नेताओं के दरवाजे तक जाना पड़ा था। पांच साल में केवल एक मौका ऐसा आता है जब ये नेता मतदाता के पास आते हैं। लेकिन अब आपके पास मौका है कि जितनी बार आपको उन नेताओं के पास जाना पड़ा और जैसा व्यवहार आपके साथ किया अब उसका हिसाब लेने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि जब हरियाणा पंजाब के किसान और मजदूर दिल्ली जाना चाहते थे तो इस सरकार ने उनके रास्तों में कीलें ठोक दी। इन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के संविधान का अपमान किया है। जिन मंत्रियों को हमने चुन कर भेजा किसान दिल्ली में उनके घर पर जाना चाहते थे, लेकिन इन्होंने कहा आप हमारे घर नहीं आ सकते। तो अब चुनाव में इन नेताओं की भी हिम्मत नहीं है कि वो हमारे गांव और घर में घुस सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 2 लाख सरकारी नौकरी खाली हैं यहां पर नौकरी देने की बजाए हरियाणा के युवाओं को इजरायल भेजा। अरविंद केजरीवाल ने भी कहा था कि हरियाणा के युवाओं को मौत के मुंह में मत भेजो, लेकिन हरियाणा सरकार के कामों पर जूं तक नहीं रेंगी। बीजेपी हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा करके आई थी। लेकिन पूरे 10 साल में 2 लाख नौकरी भी नहीं दी। हमारे युवाओं को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया है। पढ़ लिखकर हमारे बच्चे अपनी जमीन बेचकर विदेशों की ओर जा रहे हैं। यह आज के दिन में बहुत बड़ा खतरा है, क्योंकि जवानों के गांव के गांव खाली हो रहे हैं। कई केस ऐसे भी सामने आते हैं जिसमें विदेश में बुजुर्ग मां बाप के बेटे की मृत्यु हो जाती है और उनका पार्थिव शरीर भी अपने घर नहीं ला पाते। जिस सरकार ने हमारे बुजुर्गों और युवाओं की जिंदगी बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, इसलिए ऐसी सरकार को सत्ता से बेदखल करना होगा। उन्होंने कहा यदि गलती से भी बीजेपी की सरकार आ गई तो चुनाव होने बंद हो जाएंगे। इसकी शुरूआत इसी चुनाव से हो गई है, गुजरात में जगह पर चुनाव नहीं हुआ। विपक्ष के सभी उम्मीदवारों पर दबाव डालकर नामांकन वापस करवा दिया। वहां बिना चुनाव के बीजेपी का सांसद बन गया और 20 लाख लोग वोट ही नहीं कर पाए। इसके अलावा इंदौर में भी ऐसा ही हुआ। चुनाव की घोषणा से पहले ही पीएम मोदी 400 पार कह रहे थे इसका मतलब इनको आपके वोट की जरूरत नहीं है। वहीं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता अब तक 450 से ज्यादा गांव में जा चुके हैं और हर गांव में जाकर वोट मांगेंगे। उन्होंने कहा जिसको प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे बड़ा कोयला चोर कहा था आज उसी को उम्मीदवार बनाकर चुनाव मैदान में ले आए। आज बीजेपी के कार्यकर्ता भी घर बैठ गए हैं कि जिसे हम कोयला चोर कहते थे अब उसको जनता के सामने कोहिनूर कैसे कहें। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल हरियाणा का खून है, इसलिए इनसे बर्दाश्त नहीं हुआ कि हरियाणा का आदमी देश में इतनी तरकी कर रहा है। इसलिए उनको झूठे केस में जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि कोई पार्टी और नेता महत्वपूर्ण नहीं है, इस देश का संविधान और लोकतंत्र महत्वपूर्ण है। जिसको बचाने के लिए सभी दल एकजुट हुए हैं और इंडिया गठबंधन बनाया है। पहले वोट बंट जाते थे लेकिन अब वोट की केवल दो ढेरी हैं।

# दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बन जाएगा भारत : सैनी

## बिजली बिल को जीरो करना भी प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प, कांग्रेस ने भ्रष्टाचार बढ़ाया

टीम एक्शन इंडिया
**चण्डीगढ़/काजल रानी**

**बेरी** विधानसभा में विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दावा करते हुए कहा कि अगले दो वर्षों में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का संकल्प हर घर को पीएम सूर्य योजना से जोड़कर बिजली बिल जीरो करना है। रैली में बोलते हुए नायब सैनी ने सरपंचों को भी भरोसा दिया कि गांव के विकास पर ध्यान दें, पैसों की कोई कमी नहीं है, रही बात कार्यों को सरल करने की वो जिम्मेदारी मेरी है। यहां सैनी ने कांग्रेस कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को सिर्फ भ्रष्टाचार में आगे बढ़ाया है, जबकि भाजपा ने भ्रष्टाचार को मिटाया है। रोहतक लोकसभा से भाजपा



प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली में नायब सिंह सैनी ने कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य जनता को आत्मनिर्भर और देश को विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सड़क, रेल तथा हवाई यातायात को सुगम करके समस्याओं और परेशानियों को कम किया है। सैनी ने कहा कि झज्जर जिले में एम्स देने का काम बीजेपी की सरकार ने किया है और पिछले दिनों जब प्रधानमंत्री रेवाड़ी में आए थे तो उन्होंने रेवाड़ी में भी एम्स देकर लाखों लोगों को सुगम और घर के नजदीक ही विश्व स्तरीय हैल्थ सेवा दी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पारदर्शी सिस्टम दिया है और आज अधिकतर सुविधा घर बैठे मिल रही हैं। सरपंचों का आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंच

**दावा**

**▸▸ सैनी ने सरपंचों को भी भरोसा दिया कि गांव के विकास पर ध्यान दें, पैसों की कोई कमी नहीं है**

गांव और वार्ड के विकास के लिए किसी प्रकार की चिंता ना करें। आचार संहिता हटने के बाद गांवों में विकास के काम तेजी से करवाए जाएंगे और कार्यों का सरलीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग चुनाव में झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं, ताकि वोट ले सकें, लेकिन हम सबको कांग्रेस के झूठ से बचना भी है और लोगों को बचाना भी है।

# प्रकाशित-प्रसारित समाचारों की एमसीएमसी करेगी निगरानी

टीम एक्शन इंडिया

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार या राजनीतिक दल को एमसीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा, इसलिए, मतदान से पहले 24 मई व मतदान के दिन 25 मई के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले उम्मीदवार प्रस्तावित विज्ञापन का प्रमाण पत्र अवश्य लें। अन्यथा यह आदर्श आचार संहिता की अवहेलना मानी जाएगी। उन्होंने बताया कि टीवी और लोकल केबल टीवी में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए नामांकन करते ही एमसीएमसी से प्रमाणित कराना होगा। विज्ञापन प्रमाणित कराने के लिए विज्ञापन छपवाने व प्रसारित करने की तिथि से दो दिन पहले एमसीएमसी के पास निर्धारित प्रोफार्मा में जमा कराना होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में निर्देशन में मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है। अनुराग अग्रवाल ने कहा कि एमसीएमसी पूरी गंभीरता से अपना कार्य कर रही है। पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए स्पेशल कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गये है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने में नागरिक सबसे अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। नागरिक जितना सजग होता है व लोकतंत्र उतना ही मजबूत होता है। एमसीएमसी चुनाव के दौरान ऐसे समाचारों पर पैनी नजर रखेगी, जो पेड न्यूज की श्रेणी में आते हैं।

## मोदी ने लिया समान नागरिक संहिता कानून बनाने का संकल्प

**भाजपा** के राष्ट्रीय सचिव एव दिल्ली प्रभारी औमप्रकाश धनखड़ ने रविवार को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के गांव खैरा में प्रचार किया और पार्टी प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के पक्ष में मतदान करने का जोरदार आहवान किया। कार्यक्रम में तरुण यादव और मीना तरूण यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा को ज्वाइन किया।

दिल्ली प्रभारी श्री धनखड़ ने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाया, कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया, तीन तलाक की रोकथाम के लिए कानून बनाया, सीएए को लागू किया। भाजपा ने जो कहा वह पूरा किया। अब भाजपा ने देश की जनता से वादा किया है कि समान नागरिक संहिता का कानून बनाकर लागू करेंगे।

# विकास के नाम पर आदमपुर को चारों तरफ से खोदा: जयप्रकाश

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश ने आदमपुर क्षेत्र की जनता से आह्वान किया है कि वह उपचुनाव के दौरान धोखा करने वालों को सबक सिखाने के लिए कमर कस लें। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के समय जिस मुख्यमंत्री ने क्षेत्र से वादे किए थे, जनता उन वादों को याद करके इस लोकसभा चुनाव में वोट का फैसला करें। वे रविवार को आदमपुर क्षेत्र के गांवों का दौरा करके जनसभाओं में क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के अनेक नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। जयप्रकाश ने कहा कि कार्यक्रमों में उमड़ रही क्षेत्रवासियों की भीड़ बता रही है कि वह भाजपा सरकार के कार्यों से खुश नहीं है। भाजपा ने जनता को गुमराह करने के लिए आदमपपुर उपचुनाव के समय वादे तो बहुत किए, पर्याप्त मात्रा में बिजली व पानी देने,



ढाणियों में कनेक्शन देने, सड़कें बनवाने, सीवरेज बनवाने व पानी की पाइपें डालने सहित अनेक ऐसे वादे किए, जिनमें से कोई वादा पूरा नहीं किया। आदमपुर की जनता से पता नहीं क्या गलती हुई कि विकास के नाम पर आदमपुर को चारों तरफ से खोद कर रख दिया गया। अनेक कार्य ऐसे थे, जो कम समय में पूरा हो सकते थे, लेकिन जनता को गुमराह करने के लिए सभी कार्यों को एक साथ पूरा करने का राग अलापा गया और पूरा एक भी कार्य नहीं हुआ। उन्होंने मौके पर उपस्थित लोगों से पूछा कि क्या सभी कार्य लंबे समय तक चलने वाले थे, यदि सरकार चाहती तो अनेक कार्य ऐसे थे, जो काफी

**नहीं हुआ विकास**

**▸▸ मुख्यमंत्री ने क्षेत्र से वादे किए थे, जनता उन वादों को याद करके इस लोकसभा चुनाव में वोट का फैसला करें**

समय पहले पूरे हो जाते लेकिन सरकार की नीयत में खोट के चलते ऐसा नहीं हो पाया। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश ने रविवार को आदमपुर हलके के दड़ौली, चुली कलां, चुली खुर्द, चुली बागड़ियान, मंडी आदमपुर, मंडी गांव, लाइनपार, आदमपुर, किशनगढ़, खारा बरवाला, सदलपुर, चबरवाल, भोडिया, भाणा, सारंगपुर, खैरमपुर, कालीरावण सहित अनेक गांवों का दौरा किया।

## सोशल मीडिया की निगरानी पर टीमें रखें विशेष फोकस: अनुराग

टीम एक्शन इंडिया

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के जिलों में गठित सोशल मीडिया की निगरानी टीमों के अधिकारी सोशल मीडिया पर विशेष फोकस रखें, सोशल मीडिया पर आने वाले विज्ञापनों का खर्चा भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि अखबार, टेलीविजन व रेडियो की तरह सोशल मीडिया पर भी चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है, जिस पर राशि खर्च होती है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिलों में गठित टीमें इस बारे लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखें और किसी भी तरह का विज्ञापन मिलने पर उसकी रिपोर्ट खर्च के ब्यौरे सहित खर्चा निगरानी टीम को देना सुनिश्चित करें। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में उस विज्ञापन का खर्चा जोड़ दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की निगरानी बहुत जरूरी है। सोशल मीडिया पर भी कई बार चुनाव के दौरान यूट्यूब वीडियो प्लेटफॉर्म आदि पर उम्मीदवार व पार्टी चुनाव का प्रचार करते हैं।

# समय पर मुआवजा और भुगतान करने के लिए अडिग रहे हम: दुष्यंत

टीम एक्शन इंडिया

**चण्डीगढ़:** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जेजेपी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि गर्मी के मौसम में लोकसभा चुनाव का पारा भी हाई हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन चुनावी मैदान में जेजेपी कार्यकर्ता मेहनत करके चुनावी पारे को बढ़ाते जाएंगे और एसी में रहने वाले कांग्रेस और बीजेपी वाले मैदान में टिक नहीं पाएंगे। वे रविवार को दादरी में भिवानी-महेंद्रगढ़ से जेजेपी उम्मीदवार राव बहादुर सिंह द्वारा आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पूर्व डिप्टी



सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की कर्मभूमि भिवानी-महेंद्रगढ़ के लोग विकास कार्यों को लेकर अजय चौटाला को याद करते थे। उन्होंने कहा कि हमने पूर्व गठबंधन सरकार में यहां सिंचाई और सड़कों के मामले में भिवानी और

**दावा**

**▸▸ एसी में रहने वाले कांग्रेस और बीजेपी वाले मैदान में टिक नहीं पाएंगे: दुष्यंत चौटाला**

दादरी का खूब विकास किया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विधायक नैना चौटाला के प्रयासों से गांव घसौला में मेडिकल कॉलेज की नींव रखी गई। दादरी में पानी निकासी की व्यवस्था की गई। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो महीने में मौजूदा राज्य सरकार की विफलता के कारण किसानों की दुर्दशा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 20 दिनों से किसानों का भुगतान पैंडिंग पड़ा है, जो कि पहले गठबंधन सरकार में फसल खरीद के 48 घंटे में हो जाता था। उन्होंने कहा कि राज में किसानों-मजदूरों की सुध लेना वाला होना चाहिए, जैसे हमने सरकार में रहते भिवानी-दादरी के किसानों के फसल खराबे के मात्र 30 दिन में 172 करोड़ रुपए सीधे खाते में डालकर राहत दी, लेकिन आज सरकार में किसानों के हित में सोचने वाला कोई नहीं है।

# जेजेपी महासचिव दिग्विजय ने हुड्डा पर कसा तंज

**चंडीगढ़:** हरियाणा की करनाल लोकसभा सीट से जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी देवेंद्र कादियान का नामांकन दाखिल करवाने पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दिग्विजय चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि हुड्डा ने करनाल से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मुकाबले हरियाणा युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को डमी प्रत्याशी के बतौर उतारा है। ऐसा रोहतक से अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा की जीत सुनिश्चित करने के लिए किया गया। नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन



करनाल लोकसभा सीट के लिए सात प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा। इनमें जजपा के देवेंद्र कादियान व कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर उनकी पत्नी कपिला ने नामांकन दाखिल किया।

बसपा के इंद्र सिंह व कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर उनकी पत्नी नरेंद्र कौर, राष्ट्रीय गरीब दल से रूप सिंह और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नवजोत रंधावा व मनीश कुमार शामिल हैं।

दिग्विजय चौटाला ने प्रत्याशी का नामांकन दाखिल कराया। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने पूर्व सीएम मनोहर लाल के साथ मिलकर अपने बेटे को जिताने के लिए डमी प्रत्याशी को करनाल से मैदान में उतारा है। उन्होंने पार्टी ने लोगों की मांग पर देवेंद्र कादियान जैसे मजबूत उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। पार्टी छोड़ने वाले नेताओं के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी में कोई आए या जाए, लेकिन मूल जड़ मजबूत होनी चाहिए।

## जजपा का मेगा रोड सोमवार को, नैना चौटाला भरेंगी नामांकन

टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** जननायक जनता पार्टी की उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला सोमवार को अपना नामांकन भरेंगी। कार्यक्रम के तहत ओल्ड कोर्ट कॉम्पलेक्स मैदान में भारी संख्या में जजपा कार्यकर्ता एकत्रित होंगे और इसके उपरांत दोपहर में रोड शो करके नैना चौटाला नॉमिनेशन फाइल करेंगी। पार्टी की ओर से रविवार को बताया कि नामांकन के समय जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जजपा प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं शहरवासी मौजूद रहेंगे।

# चुनाव प्रचार में लगातार मजबूत होती जा ही हैं बंतो

टीम एक्शन इंडिया

**पंचकूला:** अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया का जन्मदिन रविवार को कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। घंटों तक उन्हें बधाई देने वाले कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बंतो कटारिया को 4 जून को जीत के रूप में जन्म दिन का तोहफा देने की बात कही। बंतो कटारिया के जन्म दिन का केट काटकर पूर्व विधायक लतिका शर्मा, वरिष्ठ नेत्री नीता खेड़ा, पूर्व प्रदेश महामंत्री रोजी मलिक सहित सैकड़ों ने श्रीमती कटारिया को जन्म दिन की बधाई दी। जन्मदिन पर प्रत्याशी बंतो कटारिया ने भी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि




उनके जन्मदिन का सबसे बडा तोहफा जीत का ही होगा। जिस मेहनत से कार्यकर्ता दिन-रात चुनाव में काम कर रहे हैं, उससे जीत का रास्ता साफ नजर आ रहा है। उन्हांने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह जीत उन सब कार्यकताओं की होगी, जो चुनाव में किसी न किसी रूप जुड़े हुए हैं। श्रीमती कटारिया ने कहा कि

**चुनाव प्रचार**

**▸▸ बंतो कटारिया को कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन के तोहफे के रूप में जीत दिलाने का किया वायदा**

चाहे कोई पार्टी हो या व्यक्ति, हर किसी का कार्यकर्ता ही अहम होता है। कार्यकर्ता भी वह जो उसके प्रति समर्पित हो। बंतो कटारिया ने कहा कि वह उनकी खुशकिस्मत है कि उनके साथ समर्पित कार्यकर्ताओं की फौज है। इन्हीं समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर चुनाव रूपी जंग को जीता जा सकता है।

# भाजपा सरकार ने गलत नीतियों को लागू कर देश के लोगों को ठगा: सैलजा

## भाजपा राज में हक के लिए किसान, बेरोजगार, सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कर्मचारी, सभी सड़कों पर

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़/रतिया:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन)की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने गलत नीतियों को लागू कर पूरे देश के लोगों को ठगा है। मोदी सरकार ने हर वर्ग को लोगों को रोने के लिए विवश कर दिया है। मगर अब समय बदल रहा है, देश में लोग भी बदलाव चाहते हैं, लोकतंत्र में मतदाता बड़ी शक्ति होती है। पूरे देश में कांग्रेस की जबरदस्त लहर चल रही है और लोग वोट की चोट से मोदी सरकार



को बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना चुके हैं। कुमारी सैलजा ने रविवार को रतिया विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा कर वोट की अपील की। उन्होंने गांव भिरडाना में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में कोई भी आदमी छोटा नहीं होता, सबकी आवाज बराबर होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 10 साल के शासन ने देश को काफी पीछे धकेल दिया है। किसान, बेरोजगार, सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कर्मचारी, सभी हकों के लिए सड़को पर आकर लड़ाई लड़ रहे हैं। पर अहंकार में डूबी इस सरकार को कुछ भी दिखाई नहीं देता है। उन्होंने कहा कि उनके पिता चौ. दलबीर सिंह की चिट्ठियों को जिस प्रकार लोगों ने इतने प्यार से संभालकर रखा है मेरा वचन है कि मैं उतने ही समर्पण से आपके हर सपने को संवारूंगी। ये वक्त कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का और देश को मजबूत करने का है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश की जनता के साथ सबसे बड़ा धोखा किया है। उन्होंने कहा कि आज सिरसा ही नहीं देश बदलाव के लिए तैयार है और बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता केवल और केवल मतदान की प्रतीक्षा कर रहा है ताकि इस जनविरोधी सरकार को अलविदा कहा जा सके। पूरे देश में कांग्रेस की जबरदस्त लहर चल रही है।

देश के किसानों की वर्तमान हालात का जिक्र करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि आज किसानों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा है वह आवाज उठाना चाहता है पर लाठी डंडों से हर बार उसकी आवाज दबाई जा रही है। अभी तक एमएसपी लागू नहीं की गई लेकिन कांग्रेस की सरकार बनते ही एमएसपी कानून लागू किया जाएगा। भाजपा सरकार किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रही है।

# राजस्थान से आने वाली गर्म हवाएं हरियाणा में तापमान बढ़ा रही

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा में पारा कहर बरपाने का रुख अपना रहा है। पिछले कई दिन गर्मी से मोहलत के बाद हरियाणा के शहरों का तापमान बढ़ गया। राज्य के 19 जिलों में तापमान 40 डिग्री पार कर गया। सिरसा में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.8 डिग्री ज्यादा रहा। इस समय यह अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। कुछ इलाकों में गर्म हवाएं भी चली हैं, मगर मौसम विभाग ने फिलहाल लू की पुष्टि नहीं की है। राजस्थान से आने वाली गर्म हवाएं हरियाणा में तापमान बढ़ा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिन तापमान बढ़ सकता है। एक दो इलाकों में लू भी चल सकती है। आठ मई के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जो पहाड़ों में बारिश देगा। हरियाणा में भी बादल छाएंगे। एक दो इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। इससे थोड़ी राहत मिल सकती है। हालांकि उसके बाद फिर तापमान बढ़ेगा। हरियाणा में पिछले कुछ दिनों से मौसम खुशनुमा था। पहाड़ों में बारिश व हल्की बर्फबारी के बाद आई हवाओं ने तापमान को काफी नीचे गिरा दिया था। हिसार में रात का तापमान सामान्य से आठ डिग्री तक नीचे चला गया था। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार हवाओं की दिशा में बदलाव आ गया है। अब राजस्थान की गर्म हवाएं राज्य में आना शुरू हो गई है, जो तापमान बढ़ा रही है। फिलहाल तापमान और बढ़ेगा। उसके बाद एक दो दिन की राहत मिल सकती है। हरियाणा में दिन और रात का तापमान बढ़ गया है। राज्य का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया है। वहीं, न्यूनतम यानी रात का तापमान सामान्य से 4.3 ज्यादा रिकॉर्ड हुआ। अंबाला में 40.5 डिग्री, हिसार में 42 डिग्री, रोहतक में 40.5, झज्जर में 41.3, महेंद्रगढ़ में 43.2 डिग्री, सोनीपत में 42.3 डिग्री, यमुनानगर में 40.7, कुरुक्षेत्र में 41.6, मेवात में 43.4 डिग्री, करनाल में 38 डिग्री, पंचकूला में 39.6 और भिवानी में 37.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### इसुजु मोटर्स ने भारत में न्यू लाईफस्टाईल पिक अप मॉडल्स पेश किये

**जालंधर**: गतिशील भारतीय उपभोक्ताओं की जीवनशैली की भावना को बढ़ावा देने के लिये इसुजू मोटर्स ने लाईफस्टाईल पिक अप को बाजार में उतारा है जो इस सैगमेंट में एक ट्रेंड स्थापित करने की दिशा में इसुजु की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। नये लांच किये गये वाहनो की कीमत 21,19,900 रुपये (हाईलैंडर), 25,51,700 रुपये से शुरू (वी क्रॉस जैड) और 26,91,700 रुपये से शुरू (वी क्रॉस जैड प्रेसटीज), एक्स शोरुम चैन्नई है। लेटेस्ट वी क्रॉस प्रेसटीज वेरियंट एक्सटिरयर में कई खूबसूरत लेकिन उत्तम दर्जे के ऐलीमेंट्स के साथ स्टाईल को बढ़ाता है। इसकी समूची अपील डार्क ग्रे में बखूबी उभरती है। गाड़ी का ओरिजनल डिजाईन साईबोर्ग – ओर्का से प्रेरित है जो कि दर्जनों बोल्ड स्टाईलिंग ऐलीमेंट्स को बेहरतीन रुप से उकेरता है। ट्रांक्शन कंट्रोल सिस्टम (टीसीएस), इलेक्ट्रोनिक स्टेबलिटी कंट्रोल (ईएससी), हिल डिसेंट कंट्रोल (एचडीसी), हिल स्टार्ट एसिस्ट (एचएसए) को एक्टिव सेफ्टी सिस्टम्स की दृष्टि से सभी मैन्युअल ट्रांसमिशन मॉडल्स में पेश किया गया है। पैसिव सेफ्टी सिस्टम को बढ़ाने के लिये सभी पैसेंजर पिक अप मॉडल्स को रियर सीट ओक्यूपेंट डिटेक्शन सेंसर्स से युक्त किया गया है और इनमे पीछे बैठने वाली तीनों सवारियों के लिये 3 प्वाईट सीट बेल्ट का स्टेंडर्ड तय किया गया है। लांच अवसर पर टिप्पणी करते हुये इसुजु मोटर्स के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर टोरु किशिमोतो ने कहा कि उन्हें भारत में अपने पहले लाईफस्टाईल एडवेंचर यूटिलिटी वाहन के साथ पेश करने में बैंचमार्क स्थापित करने पर गर्व है। लांच के बाद से ही कंपनी को खूब सराहना प्राप्त हो रही है। उन्होंनें उम्मीद जताई है कि आकांक्षी उत्पादों की इस समृद्ध रेंज के साथ उन्हें प्रगतिशील भारतीय ग्राहकों की जरुरतों को पूरा करने में सक्षम होंगें।

### देशव्यापी संघ आईसीएआई के दृष्टि रोडमैप से अवगत हुए चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

**चंडीगढ़**: वर्ष 2027 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने के भारत सरकार के विजन के साथ चार्टेड अकाउंटेंड्स के सर्वोच्च देश व्यापनी संघ – दी इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउटेंड्स आफ इंडिया (आईसीएआई) के उद्देश्यों को रेंखांकित करते हुये आईसीएआई के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए रंजीत कुमार अग्रवाल ने 2024–49 तक के अपने स्ट्रैटेजिक रोडमैप – दृष्टि की घोषणा की । सीए अग्रवाल देश के 72वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रुप में अपना कार्यकाल संभालने के बाद नवगठित कार्यकारिणी के साथ पहली बार चंडीगढ़ पहुंच कर होटल हयात में आयोजित एक सैमिनार के दौरान चंडीगढ़ ट्राईसिटी के सीए सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।



आईसीएआई चंडीगढ़ ब्रांच की मेजबानी में आयोजित इस सैमिनार में लगभग 200 सीए मैंबर्स ने भाग लिया नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के रणनीतिक पहलूओं से अवगत हुये। दृष्टिक्क के भाव पर विस्तारपूर्ण प्रकाश डालते हुये उन्होंनें बताया कि दृष्टि के डी से डिजिटलीकरण, आर से रिसर्च, आई से इंटीग्रिटी, एस से स्किल्स, एच से हैंडहोल्डिंग, टी से ट्रांसपेरेंसी और आई से इंडीपेंडेंस के मायने हैं जो कि इन सभी कारको और सीए समुदाय के सामूहिक प्रयासों से देश को वर्ष 2047 तक दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने में कार्य करेगी। इससे पूर्व अपने स्वागत संबोधन में आईसीएआई चंडीगढ़ चैप्टर के चैयरमेन सीए अभिषेक सिंह चौहान ने उम्मीद जताई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का दृष्टि रोडमैप ने केवल राष्ट्रीय हित में बल्कि सीए प्रोफेशन में नये आयाम स्थापित करने में भी लाभकारी सिद्ध होगी। चौहान ने नैश्नल प्रेजीडेंट से स्थानीय सीए मैंबर्स और स्टूडेंट्स के हितों के लिये मांगें रखी। वर्तमान में चंडीगढ़ ब्रांच के अधीन लगभग 3500 सीए प्रेक्टिस कर रहे हैं जबकि अप्पर नार्थ से लगभग दस हजार सीए स्टूडेंट्स दीक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सीए प्रोफेशन के दायरे में वर्ष दर वर्ष वृद्धि हो रही है।

# 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की गंगा बह रही'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भाजपा नेता** मानव पुरी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की गंगा बह रही है। विकास कार्य को और आगे बढ़ाने व 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी जनता वोट के रूप में आहूति डाले और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। उन्होंने केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीब, महिला और युवाओं के विकास व उत्थान के लिए लगातार काम



करने के साथ विश्व में देश का मान सम्मान बढ़ाने और देश की सीमा को सुरक्षित करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले साढ़े 9 साल में प्रदेश के कोने.कोने में विकास हुआ है। हरियाणा प्रदेश विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणीय राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्ष के भाजपा कार्यकाल में राज्य सरकार ने समान रूप से प्रदेश में विकास कार्य करवाए हैं तथा प्रदेश के युवाओं को बगैर भेदभाव के मैरिट के आधार पर नौकरियां देने का काम किया है। मानव पुरी ने कहा कि अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। देश और प्रदेश के विकास के लिए एक बार फिर देश की जनता भाजपा को चुनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में जनता साथ देगी। मानव पुरी ने कहा कि हरियाणा की सभी 10 सीटों पर कमल खिलेगा। करनाल लोकसभा से मनोहर की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक जीत होगी। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विजयी होकर करनाल के विकास को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

## विद्यार्थियों की मेहनत से होगा स्कूल का नाम रोशनः रेनू



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हाल ही में** घोषित बारहवीं कक्षा के सत्र 2023-2024 का एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम जिलेभर में शानदार रहा है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी देव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं, बेहतरीन परिणामों की कड़ी में मेधावी विद्यार्थी साहिल कुमार ने 89 प्रतिशत तथा हरमन ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे हैं। विद्यालय के 22 छात्रों ने मैरिट प्राप्त की है तथा 93 छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या रेनू गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी इसी तरह मेहनत करते रहे तो वह दिन दूर नहीं, जब स्कूल का नाम पूरे हरियाणा के मानचित्र पर न हो।

## रोहित अहलावत ने एक बार फिर इंग्लैंड में अपना परचम लहराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**अंतरराष्ट्रीय जाट** संसद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि युवा समाजसेवी रोहित अहलावत ने पिछले नगर पार्षद का चुनाव जीता था,एक साल के अंदर ही जिला पार्षद का चुनाव जीत लिया। रोहित अहलावत ने वॉकिंगहैम बरो काउंसिल के हॉकडन वार्ड चुनाव लड़ा और जीत गए हैं। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि हॉकडन वार्ड सत्तारूढ़ पार्टी लिबरल डेमोक्रेट्स का गढ़ था,यहां कंजरवेटिव पार्टी का कोई जनाधार नहीं था फिर भी रोहित ने कंजरवेटिव पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि हॉकडन वार्ड बरो काउंसिल में उनकी जीत चर्चा का विषय बन गई,वे इस चुनाव को जीतने वाले पहले भारतीय हैं,पूरे इंग्लैंड में कंजरवेटिव पार्टी की निराशाजनक स्थिति के बावजूद यह जीत हासिल करना सराहनीय है,रोहित अहलावत



को पार्टी ने उन्हें 2 महीने पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया था।हमारे रोहित ने एक महीने तक घर-घर जाकर नागरिकों से अपील की। ??रोहित ने बताया कि अब वे दोनों पदों (बोरौ पार्षद और नगर पार्षद) पर रहकर अपने क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगे। इस जीत में मुख्य रणनीतिकार अमीन अहलावत, पवन त्यागी, साक्षी सिंह, सीमा अहलावत, निशा, सुनीमा ग्रेवल, विक्रम रावत, प्रवीण अहलावत, हरीश दहिया आदि रहे।

## जन्मदिन पर महादेव के समक्ष नतमस्तक हुए मनोहर

### मंजी साहिब गुरुघर में नवाया शीश, संतों का लिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल अपने जन्मदिन के अवसर पर करनाल पहुंचे। इस दौरान वे करनाल के पुराना चौड़ा बाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर और प्रथम पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहिब में नतमस्तक होने पहुंचे। मनोहर लाल ने शिव मंदिर में जाकर महादेव भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे मंजी साहिब गुरुद्वारा में पहुंचे जहां उन्होंने शीश नवाया। इस दौरान गुरुओं और संतों ने मनोहर लाल को प्रचंड जीत के लिए आशीर्वाद दिया। मनोहर लाल का जगह-जगह स्वागत किया गया और उपस्थित लोगों ने मनोहर



लाल को जन्मदिन की बधाई दी। शिव मंदिर में मनोहर लाल को भगवान शिव की तस्वीर भेंट की गई। गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब में बाबा सुक्खा सिंह व सिख संतों की ओर से मनोहर लाल को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। मनोहर लाल ने संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के सभी सिक्खों को परिवार मानकर सेवा की है और वह निरंतर समाज की सेवा करते रहेंगे। आज उनका जन्मदिन है और इस अवसर पर जो आशीर्वाद और स्नेह उन्हें मिला है, वह उससे अभिभूत हैं। अब जनता के आशीर्वाद से वे सांसद बनकर सेवा करेंगे और देश के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ देने का काम करेंगे।

## मनोहर लाल ने करनाल क्षेत्र के लिए कोई विशेष काम नहीं कियाः दिव्यांशु

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कांग्रेस के पूर्व** जिलाध्यक्ष स्वर्गीय देशराज गाबा के निवास पर आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं ने एकजुटता का परिचय दिया। करनाल लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने मंच से कार्यकताओं में जोश भरते हुए भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में भाजपा के करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल के कार्यकाल को लेकर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल कोरी घोषणाओं तक सीमित रही। स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ो रुपए आए, लेकिन धरातल पर उतना विकास नहीं दिखा। जिन उम्मीदों के




साथ मनोहर लाल को यहां की जनता ने विधायक बनाया और वे दो बार मुख्यमंत्री बने, जितना प्यार जनता ने उन्हें दिया, स्थानीय निवासियों को कभी महसूस नहीं हुआ कि वे सीएम सिटी के बांशिदे हैं। बुद्धिराजा ने कहा कि मनोहर लाल ने बतौर सीएम इस क्षेत्र के लिए कोई विशेष काम किया ही नहीं। यही वजह है कि वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार होने के बावजूद जनता से सहानुभूति हासिल नहीं कर पा रहे है।

आने वाला समय कांग्रेस का है ओर चुनावी फिजा बदल चुकी है। कांग्रेस भारी बहुमत के साथ यह चुनाव जीतेगी और उनके समक्ष कोई भी प्रतिद्वंदी टिक नहीं पाएगा। कार्यक्रम के आयोजक पराग गाबा, पंकज गाबा व प्रवेश गाबा ने अपने सैकड़ों कार्यकताओं और हजारों समर्थकों के साथ बुद्धिराजा का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इस चुनाव में जी जान से लड़ेगा और बुद्धिराजा यहां से भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। यही नहीं विधानसभा उप चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी त्रिलोचन सिंह की जीत सुनिश्चित है। इस अवसर पर करनाल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार त्रिलोचन सिंह, असंध से कांग्रेस विधायक शमशेर सिंह गोगी, पूर्व मंत्री भीमसेन मैहता, अशोक खुराना, राजकुमार वाल्मीकि, रामपाल धीर, बीआर मदान, पम्मा जलमाना, लवली पहलवान, शेर सिंह, हरी राम साभा, ओमप्रकाश सलूजा, पप्पू लाठर, जीत संधू, सुरेन्द्र शर्मा, सुरजीत, सागर चंदेल, मुकेश शर्मा, शिव शर्मा, बिट्टू संधू, टोनी कक्कड़, बलजीत सिंह इच्छनपुर, बिट्टू इच्छनपुर, दिलराज सिंह, चरणजीत पानीपत, राजिन्द्र रावल, अनिल, सतिन्द्र गांधी, ऊषा तुली, सत्या दुग्गल, गुरविन्द्र कौर, संतोष तेजान, सुनीता साहौता, सुमित राणा, पुनीत कुक्की, पीयूष शर्मा, मुकेश शर्मा, सपना राणा, सोनू शर्मा, पंकज कौशिक, आकाश, अमित सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, राजीव जैन सहायता प्रदान की



**सोनीपतः मोहन नगर** में बीती रात सिलेंडर एवं कुकर मरम्मत की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में सब कुछ स्वाह हो गया। आग इतनी भयंकर थी कि लोहे के सिलेंडर तक पिघल गए। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और पीड़ित को सांत्वना देते हुए निजी कोष से पच्चीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। दुकानदार राजू सहगल ने बताया कि वह उत्तराखंड के रहने वाले हैं और ऋण लेकर काम शुरू किया था। आगजनी के कारण हम बर्बाद हो गए हैं। आग बुझाने के प्रयास में दुकानदार के हाथ पांव भी जल गए। पीड़ित की पत्नी ने बताया कि उनके पास खाने और दवाई तक के पैसे नहीं बचे है। पड़ोसी डॉक्टर जोगिंदर वर्मा ने बताया कि आग बुझाने में पड़ोसियों ने भी मदद की और समय पर आकर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग को काबू किया। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि वह चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद सरकार से भी मदद करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में भी दुकानदारों को आगजनी होने पर कविता जैन के स्वैच्छिक कोष से नुकसान की भरपाई करवाई गई थी और अब भी पीड़ितो को भरपूर सहायता प्रदान करने के प्रयास कर रहे हैं।

## टेलीग्राम के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग करने की वारदात में शामिल दस आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली थाना क्षेत्र में** ऑनलाइन एप के माध्यम से ट्रेडिंग व आईपीओ खरीद में के नाम पर युवक से 14.65 लाख रुपये हड़पने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने दस आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से पुलिस ने दो लाख 70 हजार रुपये की राशि व दस मोबाइल फोन बरामद किए है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।अपार्टमेंट कुंडली निवासी प्राणतोष ने गत 13 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि 9 जनवरी को वह एफआईआई अकाउंट नाम के ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग संस्थान से जुड़ा था। उन्होंने वह वेल स्टॉक नामक ऑनलाइन एप के माध्यम से प्री-मार्केट ट्रेडिंग और आईपीओ खरीदारी करता है। वह उन्हें रोज शेयर खरीदने की सलाह देने लगे। साथ ही वह अपने खाता नंबर पर रुपये जमा कराने की सलाह देते थे। उन्होंने बातों में लेकर उनसे करीब एक माह में 14.65 लाख रुपये जमा करा लिये। उनके खाते में 69.54 लाख रुपये दिखाई देने लगे। उन्होंने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी उन्हें मैसेज मिला कि खाते को चालू रखने के लिए इसमें जमा धनराशि कम है और उन्हें 50 लाख रुपये जमा करने को कहा गया। उन्होंने रुपये जमा कराने से मना कर दिया। फिर उन्होंने कहा कि वह अपने खाते से सभी रुपये निकाल सकते है या इसमें बड़ी राशि जमा होने तक इंतजार कर सकते है।

## महाराणा प्रताप हम सब के आदर्शः अशोक शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उत्तर प्रदेश** के मैनपुरी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश के कुछ लोगों द्वारा जूते चप्पल पहनकर अच्छा कार्य न करने पर ब्राह्मण खाप हरियाणा उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास करती है। किसी भी समाज के किसी भी महापुरुष, आराध्यदेव की प्रतिमा को इस तरह से अपमानित नहीं करना चाहिए, ताकि समाज का भाईचारा किसी भी कीमत पर खराब न हो। ब्राह्मण खाप के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने



कहा कि किसी समुदाय में आपस में मतभेद न हों। सबको एकजुट होकर एक दूसरे समाज का मान सम्मान करना चाहिए। उनकी मान मर्यादा को भंग नहीं करना चाहिए। संस्कारों का पालन करना चाहिए, ताकि समाज के अंदर किसी भी तरह की दीवार न खड़ी हो। जो उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में कुछ लोगों द्वारा ऐसा किया गया। इस अपने कृत्य पर उन लोगों को माफी मांगनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी महापुरुष का अपमान न हो। अशोक शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे आदर्श हैं और उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का जो अपमान किया है। यह बात समाज हित में नहीं है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए और भविष्य में ऐसा कोई कार्य न हो, इसके लिए उन्हें प्रण लेना चाहिए। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में अखिलेश यादव की रैली के दौरान सपा समर्थक महाराणा प्रताप जी की मूर्ति पर जूते चप्पल पहनकर चढ़ गए। इस दौरान इन लोगों द्वारा गलत शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया है, जिस पर संज्ञान लेना चाहिए। अशोक शर्मा ने कहा कि वीर शिरोमणि ने देश के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया और ऐसे लोग उन्हें अपमानित करते हैं, जिसे समाज अस्वीकार करता है।

## लोकसभा चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को देंगे ज्ञापन

### भाजपा उमीदवारों से पूछेंगे कि क्यों नहीं लागू की कर्मचारियों की मांगें, बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए भी रणनीति तैयार की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सर्व कर्मचारी** संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर-12 स्थित हुडा कार्यालय में जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव सेवा राम बड़सर ने किया। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए संघ के जिला प्रेस सचिव कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि कर्मचारी मुद्दों को लेकर जिला के सभी खंडों में खंड स्तरीय कंवेंशनें की जाएगी, वहीं सरकार की जन विरोधी, कर्मचारियों विरोधी



नीतियों को लेकर जिलाभर के सभी विभागों के कर्मचारियों में पर्चे वितरित किए जाएंगे, जिसके लिए तमाम ब्लॉक वा विभाग के नेताओं की ड्यूटी लगाई गई। साथ ही लोकसभा चुनाव में खड़े तमाम पार्टियों के उम्मीदवारों को सर्व कर्मचारी संघ की ओर से कर्मचारियों की मांगों को लेकर एक ज्ञापन दिया जाएगा व उस पर उनके विचार जाने जाएंगे। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए भी रणनीति तैयार की गई।बैठक में बिजली यूनियन के राज्य उप महासचिव राजेन्द्र राणा, जिला कोषाध्यक्ष ऋषिपाल इंद्री, जिला उपप्रधान राजपाल बसताडा, जिला सहसचिव रमेश शर्मा चोंचडा, जिला कार्यकारिणी सदस्य धीरज रावत, ओम प्रकाश सिंहमार, उधम सिंह राठी, खण्ड प्रधान करनाल भाग सिंह, खंड सचिव राजकुमार, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार मैहरा, घरौंडा से खण्ड सचिव रमेश कुमार, निसिंग खंड से प्रधान अशोक भाटिया, नीलोखेडी खंड से सदस्य मीना रानी, असंध से खंड प्रधान कपिल शर्मा, सचिव राजेश शर्मा, मैकेनिकल

वर्कर यूनियन से रंगलाल संधू और रोहताश खोखर, फील्ड स्टाफ मिनिस्ट्रियल यूनियन से जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार, बिजली यूनिट से अजीत सैनी और सचिव जगमाल सिंह, सब यूनिट प्रधान महेंद्र पांचाल, फायर विभाग से कपिल कुमार, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रोशन लाल गुप्ता, हुडा वर्कर यूनियन से सरदार गुरुविंदर सिंह, इंद्री से नरेश मैहला आदि हाजिर रहे।

## मुरथल के पास खैर की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः मुरथल थाना पुलिस ने** ओडिशा से ट्रक में खैर की लकड़ी लेकर आ रहे दो तस्करों को पकड़ा है। पुलिस ने वन विभाग की टीम को बुलाकर खैर की लकड़ी से भरे ट्रक को कब्जे में लिया। ट्रक चालक व क्लीनर मध्य प्रदेश के जिला शहडोल के गांव चांदौली निवासी पुष्पेंद्र सिंह गौड़ और अजय गौड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुरूआती पूछताछ में ओडिशा से लकड़ी लेकर आने का पता लगा है। पुलिस ने दोनों को कुरुक्षेत्र स्थित पर्यावरण अदालत में पेश कर नौ दिन के रिमांड पर लिया है। वन विभाग के अधिकारी सुनील भनवाला ने पुलिस को बताया कि उनको मुरथल थाना से सूचना मिली थी कि मुरथल में जीटी रोड पर मान ढाबा के पास लकड़ी से भरे एक ट्रक को पकड़ा है। इसमें खैर की लकडी होने का अंदेशा है। सूचना के बाद उच्चाधिकारियों के आदेश पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सुनील के मुताबिक ट्रक में जांच की गई तो उसमें लकड़ी भरी हुई थी।


चैक करने पर यह खैर की लकड़ी प्रतीत हुई। चालक पुष्पेंद्र और परिचालक अजय गौड़ लकड़ी के बारे में कोई कागजात व बिल्टी पेश नहीं कर सके। शक है कि लकड़ी चोरी की भी हो सकती है। इसके बाद लकड़ी का वजन कराकर लकड़ियों को ट्रक से उतार कर गिनती व पैमाइश की जा रही हे। लकड़ी की कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुरूआती पूछताछ में चालक-क्लीनर ने लकड़ी को ओडिशा से लेकर आने की बात कही है। हालांकि कहा जा रहा है कि इस संबंध में गहनता से पूछताछ के बाद ही पता लग सकेगा। चालक व क्लीनर से पूछताछ की जाएगी। पुलिस टीम ने आरोपितों को कुरुक्षेत्र की पर्यावरण कोर्ट में पेश किया है।

## संपादकीय

# अस्तित्व के संकट से जूझती कम्यूनिस्ट पार्टियां

**देश की** कम्यूनिस्ट पार्टियों के सामने अस्तित्व का संकट है। साल 2004 के बाद लोकसभा में वामदलों का प्रतिनिधित्व लगातार कम होता जा रहा है। अब 18 वीं लोकसभा के चुनाव में वामदलों के सामने अस्तित्व बचाए रखने का संकट है। आजादी से पहले और उसके बाद के दौर में एक समय पूरे देश में वामदल काफी प्रभावी थे। सरकार भले कम ही राज्यों में रही हो पर वामदल और उसके अनुशांगिक संगठन चाहे वह स्टूडेंट फेडरेशन हो या मजदूर संगठन या लेखक संघ सभी की अपनी पहचान थी। पर कुछ समय के बदलाव तो कुछ अपने धत्कर्मों की वजह से वामदलों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया है। प. बंगाल में वामदलों ने तीन दशक से भी अधिक समय तक एकछत्र राज किया। वहीं, त्रिपुरा, केरल में भी वामदलों की सरकार रही है। पर 2019 के लोकसभा के चुनाव आते-आते हालात यह हो गई कि वामदलों के गढ़ प. बंगाल में वामदलों को एक भी सीट नहीं मिली, वहीं त्रिपुरा में भी खाता खोलने में विफल रही। दरअसल, समय की मांग को समझना और उसके अनुसार समयानुकूल बदलाव करना अपने आप में बड़ी बात होती है। जनभावना को भी समझना जरूरी हो जाता है। केवल विचारधारा और एग्रेसिव होने से काम नहीं चल सकता। फिर समय पर सही निर्णय नहीं लेने का परिणाम देर-सबेर भुगतना पड़ता है। ज्योति बसु के पास तीन बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर आये पर पोलिट ब्यूरो ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने पर सहमति नहीं दी। कल्पना कीजिए कि ज्योति बसु तीन में से किसी एक अवसर पर प्रधानमंत्री बनते तो उसका लाभ अंततोगत्वा वामदलों को ही मिलता पर आपसी मतभेदों के चलते सही विकल्प नहीं चुनने का परिणाम आज सामने है। गत 2019 के लोकसभा चुनाव की ही बात की जाए तो वामदलों को लोकसभा के लिए छह सीटें मिली। इसमें भी एक समय कम्यूनिस्टों के गढ़ रहे प. बंगाल और त्रिपुरा में तो वामदलों का खाता भी नहीं खुल सका। तमिलनाडू में गठबंधन के सहारे माकपा और भाकपा को दो-दो सीटे मिल गई। वहीं, केरल में माकपा और आरएसपी एक-एक सीटें जीतने में सफल हो सकी। जैसे-तैसे केवल माकपा राष्ट्रीय दल के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रही है। यह भी कोई ज्यादा पुरानी बात नहीं है कि लोकसभा के इससे पहले के तीन चुनावों के पहले 2004 के चुनाव में वामदलों के पास 59 सीटें थी। कांग्रेस-भाजपा के बाद लोकसभा की तीसरी बड़ी ताकत वामदल थे। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वामदल सरकार में भी शामिल हुए। लोकसभा स्पीकर का पद भी वामदलों के पास ही गया। देखा जाए तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार भी ठीक ही चली पर परमाणु समझौते के चलते बाद में वामदल सरकार से बाहर हो गए। ममता के चलते प. बंगाल में वामदल लगभग अप्रासंगिक होता जा रहा है और प. बंगाल में वामदल के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी उभर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वायनाड से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना भी वामदल को हानि पहुंचाने वाला ही रहा है। एक समय था जब ज्योति बसु को केन्द्र की राजनीति में लाने के प्रयास हुए पर आपसी मतभेदों के चलते वामदलों ने इसे सिरे से चढ़ने ही नहीं दिया। वामदलों के अस्तित्व के संकट को यों भी समझा जा सकता है कि किसी समय विपक्षी दलों में वामदलों की तूती बोलती थी आज कोई बड़ा नाम सामने नहीं आ पा रहा है। प्रकाश करात या सीताराम येचुरी आदि के नाम यदाकदा ही सामने आ पाते हैं।

# आखिर कब तक भारत मलेरिया मुक्त होगा?



डॉ. रामानुज पाठक

> "अनुमानित 34 लाख मामलों और 5,511 मौतों के साथ, भारत में 2021 की तुलना में 2022 में मलेरिया की घटनाओं में 30 फीसद और मृत्यु दर में 34 फीसद की गिरावट देखी गई। मलेरिया के 2022 में पूरे विश्व में 6,08,000 मौतें और 2.44 करोड़ मामले दर्ज किए गए थे 2000 के वाद में 77 फीसद मलेरिया के मामलों की कमी आई है। 2000 के बाद दक्षिण और पूर्वी एशिया में मलेरिया से होने वाली मौतों में सबसे ज्यादा मामलों वाले देशों में आधे मामले सिर्फ चार देशों में सामने आए हैं। ये चार देश हैं नाइजीरिया, कांगो, युगांडा और मोजाम्बिक। 2024 में केप वर्दे के साथ-साथ 2023 में तजाकिस्तान, अजरबैजान और बेलीज को मलेरिया मुक्त घोषित किया गया।ब तक कुल 43 देशों को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मलेरिया मुक्त देश घोषित किया जा चुका है"

**मलेरिया** कोई वायरस (विषाणु) नहीं है और न ही यह बैक्टीरिया(जीवाणु) जनित रोग है।यह एक'प्रोटोजोआ' (आदिकाल का एक कोशकीय) परजीवी है, जो सामान्य विषाणु से हजारों गुना बड़ा है। जीन की तुलना करके इसे अच्छी तरह समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए कोविड-19 वायरस (विषाणु)में लगभग 12 जीन होते हैं, जिसकी तुलना में मलेरिया में काफी ज्यादा यानी 5,000 जीन पाए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, मलेरिया परजीवी चार जीवन चक्रों से गुजरता है। संक्रामक रोगजनकों के साथ-साथ यह और विकराल रूप धारण कर लेता है। चिकित्सा शोधकर्ता 100 से अधिक वर्षों से मलेरिया के टीके बनाने की कोशिश करते रहे हैं। अकेले ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 30 साल से मलेरिया के टीके हेतु शोध चलता रहा है। अब मलेरिया रोधी दो टीके आ चुके हैं, जिनके नाम आरटीएस, एस और आर 21 हैं जिसकी चर्चा आलेख में आगे की गई है।मलेरिया एक मच्छर जनित रक्त रोग है जो प्लास्मोडियम नामक परजीवी के कारण होता है।

यह मुख्य रूप से अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है।इस परजीवी का प्रसार संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छरों के काटने से होता है। मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद परजीवी शुरू में यकृत कोशिकाओं के भीतर वृद्धि करते हैं उसके बाद लाल रक्त कोशिकाओं ( आर बी सी) को नष्ट करते हैं जिसके परिणामस्वरूप आर बी सी की क्षति होती है। ऐसी 5 परजीवी प्रजातियाँ हैं जो मनुष्यों में मलेरिया संक्रमण का कारण होती हैं,इनमें से 2 प्रजातियाँ,प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम और प्लाज्मोडियम वाइवैक्स है, जिनसे मलेरिया संक्रमण का सर्वाधिक खतरा विद्यमान होता है। एडीज मच्छर द्वारा,चिकनगुनिया, डेंगू बुखार, लिम्फेटिक फाइलेरिया, रिफ्ट वैली बुखार, पीला बुखार (पीत ज्वर), जीका तथा एनोफि लीज मच्छर से,मलेरिया, लिम्फेटिक फाइलेरिया (अफ्रीका में)

वहीं क्यूलेक्स मच्छर से जापानी इन्सेफेलाइटिस, लिम्फेटिक फाइलेरिया, वेस्ट नाइल फीवर(बुखार) फैलता है।

मलेरिया के लक्षणों में बुखार और फ्लू जैसे लक्षण शामिल होते हैं, जिसमें ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान महसूस होती है।एक बार मानव शरीर में प्रवेश हो जाने के बाद ये परजीवी यकृत में गुणात्मक रूप से बढ़ते हैं और फिर लाल रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करते हैं।गंभीर मामलों में मलेरिया अंग विफलता, कोमा और मृत्यु का कारण बन सकता है।यह बीमारी रोकथाम योग्य और इलाज योग्य दोनों है, लेकिन यह विशेष रूप से दुनिया भर के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय देशों में एक चिंताजनक सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बनी हुई है। चार्ल्स लुई अल्फोंस लावेरन ने 1889 में मलेरिया परजीवी की खोज की और 1907 में उनकी खोज के लिए नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।विश्व मलेरिया रिपोर्ट वर्ष 2022 के अनुसार, इस बीमारी ने वर्ष 2021/2022 में अनुमानित 6,19,000 लोगों की जान ली। वर्ष 2019 में दुनिया भर में मलेरिया के अनुमानित 2 हजार290 लाख मामले थे और उस वर्ष मलेरिया से अनुमानित 4,09,000 मौतें हुई थीं।

5 वर्ष से कम आयु के बच्चे वर्ष 2019 में मलेरिया से प्रभावित सबसे कमजोर समूह हैं, दुनिया भर में मलेरिया से होने वाली मौतों में इनका 67 फीसद तथा तकरीबन 2,74,000 है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में वर्ष 2019 के लगभग 200 लाख मामलों की तुलना में वर्ष 2020 में मलेरिया के अनुमानित 56 लाख अधिक मामले थे।रपट में यह भी बताया गया है कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में मलेरिया के मामलों और मौतों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की है।वैश्विक मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू एच ओ)द्वारा शुरू किया गया था और इसका उद्देश्य वैश्विक प्रयासों के समन्वय से मलेरिया को नियंत्रित तथा खत्म करना है।

इसका कार्यान्वयन "मलेरिया वर्ष 2016-2030 के लिये वैश्विक तकनीकी रणनीति" द्वारा निर्देशित है। रणनीति का लक्ष्य मलेरिया मामलों और मृत्यु दर को वर्ष 2020 तक कम-से-कम 40 फीसद, वर्ष 2025 तक कम-से-कम 75 फीसद और वर्ष 2015 की आधार रेखा के मुकाबले वर्ष 2030 तक कम-से-कम 90 फीसद कम करना है।विश्व की आधी आबादी पर मलेरिया का खतरा बना हुआ है।मलेरिया की रोकथाम और नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के वावजूद मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में दुनिया अभी काफी पीछे है। स्टैस्टिटा की रपट अनुसार 2022 में मलेरिया 85 देशों में स्थानिक महामारी के रूप में सक्रिय था। मामूली सुधार के वावजूद विश्वअभी भी विश्व स्वास्थ्य संगठन के उस लक्ष्य से पीछे है, जिसमें 2025 तक मलेरिया से प्रभावित देशों की संख्या 75 तक लाने की बात कही गई है। यद्यपि भारत में मलेरिया के मामले कम हुए हैं लेकिन भारत को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मलेरिया मुक्त देश घोषित नहीं किया गया है। वर्ष 2023 में जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में मच्छर जनित संक्रमण के मामलों और मौतों की संख्या में गिरावट जारी है। अनुमानित 34 लाख मामलों और 5,511 मौतों के साथ, भारत में 2021 की तुलना में 2022 में मलेरिया की घटनाओं में 30 फीसद और मृत्यु दर में 34 फीसद की गिरावट देखी गई। मलेरिया के 2022में पूरे विश्व में 6,08,000 मौतें और 2.44 करोड़ मामले दर्ज किए गए थे 2000 के वाद में 77फीसद मलेरिया के मामलों की कमी आई है। 2000 के बाद दक्षिण और पूर्वी एशिया में मलेरिया से होने वाली मौतों में सबसे ज्यादा मामलों वाले देशों में आधे मामले सिर्फ चार देशों में सामने आए हैं। ये चार देश हैं नाइजीरिया, कांगो, युगांडा और मोजाम्बिक। 2024 में केप वर्दे के साथ-साथ 2023 में तजाकिस्तान, अजरबैजान और बेलीज को मलेरिया मुक्त घोषित किया गया।अब तक कुल 43देशों को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मलेरिया मुक्त देश घोषित किया जा चुका है। डब्लू एच ओ उन देशों को मलेरिया मुक्त घोषित करता है जहां तीन साल से मलेरिया के कोई स्थानिक मामले नहीं पाए जाते हैं उन्हें मलेरिया उन्मूलन के डब्लू एच ओ के प्रमाणीकरण के लिए आवेदन करने का पात्र माना जाता है। प्रमाणन प्रक्रियाः मलेरिया उन्मूलन का प्रमाण पत्र डब्ल्यूएचओ द्वारा किसी देश की मलेरिया मुक्त स्थिति की आधिकारिक मान्यता है। डब्ल्यूएचओ किसी देश को मलेरिया मुक्त प्रमाण पत्र तब प्रदान करता है जब वह अपने ठोस और विश्वसनीय साक्ष्य के आधार पर यह बता पाता है कि उसके देश में पिछले तीन वर्षों से एनाफिलीज मच्छरों द्वारा मलेरिया का प्रसार बाधित हुआ है।संबंधित देश को मलेरिया प्रसार को पुनः रोकने की क्षमता भी प्रदर्शित करनी चाहिये। मलेरिया मुक्त प्रमाण पत्र देने का अंतिम निर्णय मलेरिया उन्मूलन प्रमाणन पैनल (मलेरिया एलिमिनेशन सर्टिफिकेशन पैनल) की सिफारिश के आधार पर डब्ल्यूएचओ महानिदेशक के पास होता है। पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र, में चीन पहला देश है जिसे डब्ल्यूएचओ ने 3 दशक में ही मलेरिया मुक्त प्रमाण पत्र दिया है।विश्व स्वास्थ्य संगठन की मलेरिया रिपोर्ट-2017 कहती है, दक्षिण पूर्व एशिया में मलेरिया के सबसे ज्यादा 87 फीसदी मामले भारत में है।

अधिक मामलों की वजह जनसंख्या का ज्यादा होना है। देश में ओडीशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में मलेरिया के मामले सबसे ज्यादा हैं। राज्यों में मानसून के बाद जलभराव, वेक्टर(वाहक)की मौजूदगी के कारण मच्छर पनपते हैं, जो मलेरिया के मामलों को बढ़ाते हैं।



## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# प्रारंभिक शिक्षा का पुनर्मूल्यांकन

विजय गर्ग

**बच्चे** पूर्वस्कूली कक्षा नए शोध से संकेत मिलता है कि दीर्घकालिक शैक्षणिक सफलता को बढ़ावा देने में प्रीस्कूल कार्यक्रमों की प्रभावशीलता अस्पष्ट है, अध्ययनों में सकारात्मक, नकारात्मक और तटस्थ परिणामों का मिश्रण दिखाया गया है। व्यापक रूप से माना जाता है कि प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रम बच्चों को स्कूल में सफल होने में मदद करने और आय और नस्ल-आधारित उपलब्धि अंतर को कम करने के लिए प्रभावी सार्वजनिक निवेश हैं। हालाँकि, टीचर्स कॉलेज, कोलंबिया विश्वविद्यालय, वर्जीनिया विश्वविद्यालय, कैलिफोर्निया-इरविन विश्वविद्यालय और डेलावेयर विश्वविद्यालय के जांचकताओं की एक टीम द्वारा किए गए एक नए अभूतपूर्व अध्ययन में बच्चों की मदद के लिए आज के प्रीस्कूल कार्यक्रमों की दीर्घकालिक प्रभावशीलता पर मिश्रित साक्ष्य मिले हैं। स्कूल में सफल होना. जर्नल साइंस में आज प्रकाशित अध्ययन, "प्रारंभिक शिक्षा के दीर्घकालिक प्रभावों पर अनसेटल्ड साइंस", ने कठोर डिजाइनों का उपयोग कर-के अच्छी तरह से स्थापित, सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित प्रीस्कूल कार्यक्रमों के प्रकाशित मूल्यांकन की जांच की। चार मूल्यांकनों में उन बच्चों के स्कूल प्रदर्शन में सकारात्मक, नकारात्मक और कोई अंतर नहीं होने की सूचना दी गई, जिन्होंने प्राथमिक विद्यालय और उससे आगे के प्रीस्कूल कार्यक्रमों में भाग लिया और नहीं गए। यह अध्ययन क्षेत्र के भीतर प्रचलित धारणाओं को चुनौती देता है, उन प्रमुख कारकों की पहचान करने के महत्व पर जोर देता है जो शैक्षणिक प्रयासों और जीवन दोनों में सफलता के लिए महत्वपूर्ण कौशल के विकास को बढ़ावा देते हैं, खासकर वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों में। पूर्वस्कूली कार्यक्रमों से मिश्रित परिणाम वर्जीनिया विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडी ऑफ टीचिंग एंड लर्निंग में रिसर्च प्रोफेसर और अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका मार्गरेट बर्चिनल कहती हैं, "प्रीस्कूल कार्यक्रमों को लंबे समय से प्रभावी हस्तक्षेप के रूप में सराहा गया है, फिर भी हमारा अध्ययन एक अधिक सूक्ष्म वास्तविकता को उजागर करता है।" ह्लजबकि कई लोग उनके सकारात्मक प्रभाव का अनुमान लगाते हैं, कठोर मूल्यांकन परिणामों का मिश्रण दिखाते हैं, जिसमें सफलताएँ और असफलताएँ दोनों शामिल हैं और, कुछ मामलों में, कोई दीर्घकालिक प्रभाव नहीं दिखता है। यह जरूरी है कि हम स्कूल की सफलता को समान रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रीस्कूल कार्यक्रम डिजाइन करें, खासकर कम आय वाले परिवारों के बच्चों के लिए। बर्चिनल आगे जोर देते हैं, महत्वपूर्ण रूप से, माता-पिता के लिए, विशेष रूप से सीमित वित्तीय साधनों वाले लोगों के लिए, कार्यबल भागीदारी के लिए विश्वसनीय चाइल्डकैअर तक पहुंच आवश्यक है। सार्वजनिक प्रीस्कूल कार्यक्रम भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जो न केवल भरोसेमंद देखभाल प्रदान करते हैं बल्कि उनके बच्चों की शैक्षणिक सफलता के लिए एक ठोस आधार भी रखते हैं।

## विचार

# चुनाव से विमुख हो रहे युवा मतदाता

मनोज कौशल

**18 से** 19 वर्ष के बीच के लगभग 40% से कम मतदाताओं ने वर्ष 2024 के चुनाव के लिए पंजीकरण कराया है। चुनाव प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी को लेकर काफी चिंता बढ़ गई है। सबसे कम नामांकन बिहार उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे प्रदेशों में देखने को मिला है।

इसके पीछे कहीं ना कहीं राजनीतिक शिक्षा का अभाव, युवा केंद्रित एजेंडे का अभाव और पर्याप्त प्रतिनिधित्व व सहभागिता का अभाव, सामाजिक दबाव, तकनीकी प्रभाव और कहीं-कहीं युवाओं को मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाना है। लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव युवाओं को बढ़-चढकर लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहिए। लेकिन वर्तमान समय में लोकसभा चुनाव में युवाओं का मतदान के प्रति विमुख होना कहीं ना कहीं सवाल खड़ा करता है। आखिर कम वोटिंग की वजह क्या है? यह हमें सभी को और चुनाव आयोग को सोचना पड़ेगा। गर्मी की वजह से लोकसभा के चुनाव में मतदाताओं का वोट ना देना कोई मायने नहीं रखता है। जिन्हें वोट देना होता है वह मतदान स्थल तक जरूर जाते हैं। मतदान करने के लिए सुबह का समय अच्छा होता है। मान लीजिए दोपहर का समय लू के थपेड़ों से लोग बचने के लिए घर से बाहर नहीं निकलते हैं। शाम के समय भी मतदान का उचित समय हो सकता है। मतदान कम होने के अनेकों कारण हैं जो कि लोकसभा के पहले चरण में ही देखने को मिला। यह स्थिति दूसरे चरण में और अन्य चरण में भी देखने को मिलेगा। इसमें कोई दो राय नहीं है। क्योंकि कहीं न कहीं मतदाता सूची भी दोषी है। सही तरीके से देखा जाए तो अनेकों लोगों के नाम मतदाता सूची से गायब मिलते हैं। किसी का नाम सही है तो किसी की फोटो दूसरे मतदाता के नाम के आगे छपी है। अनेको मतदाताओं के तो तस्वीर भी गलत दर्ज होते हैं। मतदान स्थल पर पहुंचने पर सूची में नाम ही नहीं मिलता है। जबकि चुनाव आयोग द्वारा मतदान के लिए अनेकों जागरूकता अभियान चलाए गए हैं। सूची में नाम जोड़ने और मतदान चढ़ बढ़कर करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। वर्तमान समय में देखा जाए तो युवा मतदाता मतदान के प्रति ज्यादातर उत्सुक नहीं दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि कुछ अपने रोजगार पढ़ाई लिखाई और घर से दूर रहने के वजह से तो, कुछ को लोकतंत्र और चुनाव के महत्व समझ में नहीं आ रहा है। जबकि सरकार ने सारे मुकम्मल जागरूकता और सुविधाएं दे रखी है। कुछ युवा तो मतदान के दिन को मस्ती और छुट्टी का दिन मान करके घर में आनंद उठाते हैं। अगर देखा जाए तो कहीं ना कहीं इसमें राजनीतिक दलों को भी युवाओं को मतदान करने के लिए जागरूक करना चाहिए। उनके अंदर जोश भरना चाहिए, ताकि वे बढ़ चढ़कर इसमें हिस्सा लें। शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे लोग मिल जाएंगे, जो दूसरे राज्यों से अपने रोजी-रोटी और रोजगार के चक्कर में घर से दूर कमाने आये हैं। चौकीदारी, मजदूरी करने वाले लोग और कंपनियों में काम करने वाले लोगों का नाम गांव के वोटर लिस्ट में तो है लेकिन उन्हें यहां की वोटर लिस्ट में शामिल करने का प्रयास नहीं किया गया। जिसके कारण मत प्रतिशत कम है।

विभिन्न पार्टियों द्वारा भी युवाओं को मत देने के लिए उत्साहित किया जाए एवं उनके मनोबल को बढ़ाया जाए और लोकतंत्र की गरिमा और उसकी महत्व को समझाया जाये तो मत प्रतिशत बढ़ सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अठारहवीं लोकसभा के आम चुनाव

तेजेश सिंह नेगी

**अठारह** बरस के होते ही आप हो जाते है देश और अपने भविष्य के लिए अपना नेता चुनने के काबिल। इस बार के आम चुनाव आम नही है बल्कि बेहद खास है। दरअसल ये अठारहवीं लोकसभा के चुनाव है। अठारह यानी की दस से आठ ज्यादा और बीस से दो कम। इस संख्या को यूं ही नहीं चुना गया है। असल में अठारह का महत्व बहुत गहरा है।

विश्व का सबसे लंबा साहित्यिक ग्रंथ और महाकाव्य महाभारत अठारह पर्वों में बंटा हुआ है।

महाभारत के युद्ध में जब अर्जुन धर्म संकट में युद्ध करने से हिचकिचाते है तब महाप्रभु श्रीकृष्ण उन्हें उपदेश देते है और कर्म व धर्म के सच्चे ज्ञान का बोध कराते हैं। श्री कृष्ण के इन्हीं उपदेशों को भगवत गीता नामक ग्रंथ में संकलित किया गया है। संयोग की बात है की श्रीमद्भगवद्गीता में भी अठारह अध्याय हैं। महाभारत के अंतिम यानी अठारहवें दिन ही भीम, दुर्योधन की जंघा पर प्रहार करते हैं, जिससे दुर्योधन की मृत्यु को हो जाती है और युद्ध समाप्त होता है। सुहाग में जब अमिताभ रेखा को कहते हैं कि 'अठारह बरस की तू होने कोई आई रे कौन पूछेगा जतन कुछ कर ले' तब उनका आशय भी रेखा का वोटर कार्ड बनाने के संदर्भ में था। अठारह बरस में भला रेखा की उंगली में लोकतांत्रिक स्याही की रेखा न लगे तो क्या ही लोकतंत्र की जीत होगी। आजादी के समय पाकिस्तानी सेना को नाकों चने चबवाने के बाद अठारह साल बाद फिर पैसठ में तो जैसे उनकी कमर ही तोड़ दी थी। और उन्नीस सौ एकहतर में इसी टूटी कमर से लड़ते हुए पाकिस्तान ने अपने दो हिस्से करवा लिए। संयोग से एक नौ सात एक का जोड़ भी अठारह ही होता है। और कारगिल युद्ध का इतिहास आप जानते ही है जो निन्याबे यानी नौ और नौ में हुआ था। अठारह में अट्टहास का अठा है और गुमराह का राह भी है। इसी उम्र में पान की दुकान में अट्टहास करते युवक अक्सर गुमराह हो जाते है। ये गुमराह युवक जब अपनी प्रेमिका से प्रेम का इजहार करने को हिम्मत जुटाते है तब आ जाता है उसका खुसट बाप बीच में जैसे उन्नीस और बीस के बीच में आता है अठारह। श्रीदेवी भी अपने हाथो में नौ नौ कुल अठारह चूड़ियों के बहाने ही मजबूरी में अपने प्रेमी को ठहरने को कहती है।

# अजीब समस्या

डॉ. सुरेश कुमार

**रूढ़ीवादी** सोच विज्ञान का मजाक उड़ाने में सबसे आगे होती है। यही कारण था कि उसकी कोख में बच्ची थी। अब आप पूछेंगे कि मुझे कैसे पता? कहीं डॉक्टरों को खिला-पिलाकर मालूम तो नहीं करवा लिया। यदि मैं कहूँ कि उसकी कोख में बच्चा था, तब निश्चित ही आप इस तरह का सवाल नहीं करते। आसानी से मान लेते। हमारे देश में लिंग भेद केवल व्याकरण तक सीमित है। वैचारिक रूप से हम अब भी पुल्लिंगवादी हैं। खैर जो भी हो उसकी कोख में बच्चा था या बच्ची यह तो नौ महीने बाद ही मालूम होने वाला था। चूंकि पहली संतान होने वाली थी सो घर की बुजुर्ग पीढ़ी खानदान का नाम रौशन करने वाले चिराग की प्रतीक्षा कर रही थी। वह क्या है न कि कोख से जन्म लेने वालौ संतान अपने साथ-साथ कुछ न दिखाई देने वाले टैग भी लाती हैं। मसलन लड़का हुआ तो घर का चिराग और लड़की हुई तो घर की लक्ष्मी। कोख का कारक पुल्लिंग वह इस बात से ही अत्यंत प्रसन्न रहता है कि उसके साथ पिता का टैग लग जाएगा, जबकि कोख की पीड़ा सहने वाली वह माँ बाद में बनेगी, सहनशील पहले। घर भर के लोगों को कोख किसी कमरे की तरह लग रहा है। जिसमें कोई सोया है और नौ महीने बाद उनके सपने पूरा करने के लिए जागेगा और बाहर आएगा। सबकी अपनी-अपनी अपेक्षाएँ हैं। सबकी अपनी-अपनी डिमांड है। दादा जी का कहना है कि उनका चिराग आगे चलकर डॉक्टर बनेगा तो दादी का कहनाम है कि वह इंजीनियर बनेगा। चाचा जी का कहना है कि वह अधिकारी बनेगा तो चाची जी उसे कलेक्टर बनता देखना चाहती हैं। पिता उसे बड़ा व्यापारी बनता देखना चाहते हैं तो कोई कुछ तो कुछ। सब अपनी-अपनी इच्छाएँ लादना चाहते हैं, कोई उसे यह पूछना नहीं चाहता कि वह क्या बनना चाहता है। मानो ऐसा लग रहा था कि संतान का जन्म इच्छाओं की पूर्ति करने के लिए हो रहा है, न कि उसे खुद से कुछ करने की उसकी कोख में संतान की पीड़ा से अधिक घर भर की डिमांड वाली पीड़ा अधिक सालती है। आँसुओं के भी अपने प्रकार हैं। जो आँसू कोरों से निकलते हैं उसकी भावनात्मक परिभाषा रासायनिक परिभाषा पर हमेशा भारी पड़ती है।

## न्यूज फ्लैश

### घर में चोरी करने वाले एक आरोपी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई सीआईए टू पुलिस टीम

**पानीपत/कमाल हुसैन:** सीआईए टू पुलिस की टीम घर में चोरी करने वाले एक आरोपी को शनिवार को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी की पहचान रिहान निवासी शामली यूपी के रूप में हुई। आरोपी आर्म्स एक्ट के अन्य मामले में जेल में बंद था। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने शामली यूपी निवासी अपने दोस्त शिवा के साथ मिलकर 2 मार्च की रात सेक्टर 12 में एक घर से 4 लाख 5 हजार रुपए व चांदी के बर्तन चोरी करने की वारदात को अंजाम देना बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में सिद्धांत निवासी सेक्टर 12 की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने दोस्त शिवा के साथ मिलकर दिन के समय घर की रेकी की थी। रात में दोनों ने मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। चोरी शुदा नगदी व चांदी के बर्तन बरामद करने व वारदात में शामिल फराह इसके साथी आरोपी शिवा के ठिकानों का पता लगा पकड़ने के लिए पुलिस ने शनिवार को आरोपी रिहान को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

### करनाल में 7 लाख 69 हजार 326 मीट्रिक टन गेहूं की आवक : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक जारी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 7 लाख 69 हजार 326 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 7 लाख 69 हजार 326 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 99 हजार 497 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 93 हजार 707 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन द्वारा 67 हजार 422 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 8 हजार 700 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि कमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आएं ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी अपील की कि खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते है।

### राहुल बाबा चुनाव लड़ने के लिए यहाँ से वहाँ भाग रहे हैं: अमित शाह

**करनाल:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में दमन और दीव में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और खासकर राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया। अपने आप में भारतीय राजनीति के स्कूल अमित शाह ने यह स्पष्ट कर दिया कि, हारहुल बाबा चुनाव लड़ने के लिए यहाँ से वहाँ भाग रहे हैं। सीट में कोई दिक्कत नहीं है, दिक्कत राहुल में है, जहाँ जाएंगे वहां हारेंगे। अमेठी और रायबरेली कांग्रेस के लिए परंपरागत सीट रही है। शून्य में सिमटती जा रही कांग्रेस का यह हाल है कि अमेठी से हारने के बाद राहुल गाँधी वायनाड से लड़ने की कोशिश करते हैं और अब 2024 में रायबरेली से लड़ने जा रहे हैं। राजनीति की हल्की सी भी समझ रखने वाले लोग यही मानते हैं कि लगभग 20 सालों से राहुल गांधी को लॉन्च करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हर बार उनकी लॉन्चिंग असफल साबित हो रही है। भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह ने तो दावा किया है कि 21वें ट्रायल में भी राहुल नाम का यान क्रैश होगा। आजादी के बाद दशकों तक इस देश पर कांग्रेस का राज रहा। कांग्रेस के दौर में आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद अपने चरम पर था। बीते 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में देश भर से आतंकवाद और नक्सलवाद का जड़ से खात्मा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने यह साबित किया है कि आस्था के प्रतीकों को संजोने के साथ-साथ विकास के काम भी किए जा सकते हैं।

# लोकसभा चुनाव धर्म और अधर्म की लड़ाई : मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल में भगवान परशुराम जयंती पर कहा कि जिस प्रकार भगवान परशुराम ने शस्त्र व शास्त्र दोनों का प्रयोग करते हुए अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी, ठीक वैसी ही लड़ाई आज देश में चुनाव के माध्यम से लड़ी जा रही है। आज देश में लोकसभा चुनाव में न्याय और अन्य की लड़ाई है। एक तरफ देश को एक धारा में पिरोकर अच्छे काम करते हुए देश को जोड़े वाली ताकते हैं, वहीं दूसरी ओर वह लोग हैं जो देश में कश्मीर और पंजाब संकट के लिए उत्तरदायी थी। नक्सलवाद और पूर्वोत्तर भारत की समस्या के लिए उत्तरदायी थी। मनोहर लाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने साफ किया है कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीब लोगों का है, जबकि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर इस प्रकार की राजनीति स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए मकान बनाए, उनमें शौचालय बनाए, बिजली और पानी का कनेक्शन दिया, सिलेंडर दिया और इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड दिया। अब प्रधानमंत्री ने फैसला किया है कि 70 वर्ष से अधिक आयु के हर व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा, ताकि उसे अपने इलाज के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़े। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में उस व्यक्ति को इस योजना में माना जाएगा, जिस परिवार की आय सालाना 1 लाख 80 हजार रुपए से कम है, जबकि पूरे देश में यह आय सीमा 1 लाख 20 हजार रुपए है। पूर्व मुख्यमंत्री ने हरियाणा सरकार की बिना खर्ची-बिना पर्ची सरकारी नौकरी के सवाल पर मनोहर लाल ने कहा कि हिसार से कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश ने भी माना है कि कांग्रेस राज में पर्ची से नौकरी दी जाती थी। मनोहर लाल ने कहा कि देश में चुनाव का महापर्व चल रहा है और मैं आप लोगों से समर्थन मांगने आया हूं। केवल यह कह सकता हूं कि मन लगाकर समाज की सेवा करने का काम करूंगा और हर बार आप अपने बीच में खड़ा पाएंगे।

**आपकी अपेक्षा पर पूरा खरा उतरूंगा**

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मेरा जन्मदिन है। बकौल मनोहर लाल साल में एक बार तो सबका जन्मदिन आता है, लेकिन जिस प्रकार से आप लोगों ने मुझे आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी हैं, उससे निश्चित तौर पर मेरा उत्साह बढ़ा है।

### करनाल हार्डवेयर एंड मैन्यूफैक्चर्स एसो.की बैठक में उठा जीएसटी का मुद्दा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल हार्डवेयर** एंड मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रधान ने पुराने कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। आने वाले समय में कई आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण किया। इनमें प्रधान विपिन आहुजा, सचिव प्रवीन गर्ग, कोषाध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व प्रधान राजेंद्र छाबड़ा शामिल हैं। प्रधान विपिन आहुजा ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। सदस्यों ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। सचिव प्रवीण गर्ग ने कहा कि एसोसिएशन द्वारा समय-समय पर समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाया जाता रहेगा। इस अवसर पर जीएसटी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि कुछ समान पर जीएसटी कम करने से उन्हें राहत मिलेगी। बैठक में तय किया गया कि इस संबंध में सरकार से मिलेंगे। बैठक में सदस्य कँवल प्रीत सिंह, दर्शन मदान, सुरेंद्र आर्य, दिनेश मदान, अनुराग, मेवा सिंह दीपक वोहरा, अनुराग खन्ना, राजीव भूटानी, विकास अग्रवाल, इंदर मिगलानी, अनिल भाटिया और मुनीश भाटिया मौजूद रहे।

### सीनियर सिटीजन व दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी पिक एंड ड्रॉप की फैसिलिटी

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि सोनीपत जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को 25 मई को मतदान केंद्र के लिए पिक एंड ड्रॉप की सुविधा मिलेगी। इससे पहले इन मतदाताओं को घर से भी मतदान की सुविधा दी गई थी लेकिन अनेक मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की इच्छा जाहिर की है।

**टोल फ्री 1950 पर कॉल कर दर्ज करवानी होगी जानकारी**

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से वोट डालने के साथ-साथ इन मतदाताओं को पिक एंड ड्रॉप की भी सुविधा मिलेगी।

# करनाल के युवक की मेलबर्न में हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। ऑस्ट्रेलिया के** मेलबर्न में झगड़े के दौरान करनाल के गगसीना गांव के एक युवक की हत्या कर दी गई। युवक की छाती में चाकुओं से तीन वार किए गए हैं। परिजनों ने बसताड़ा गांव के दो युवकों पर हत्या के आरोप लगाए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में ही काम कर रहे थे। परिजनों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है, ताकि उनके बेटे का शव भारत लाया जा सके। गगसीना गांव निवासी 22 वर्षीय नवजीत डेढ़ साल पहले 10 नवंबर 2022 को स्टडी बीजा पर ऑस्ट्रेलिया गया था। वह मेलबर्न में था। 4 मई की रात नवजीत के दोस्त का बसताड़ा गांव के युवकों के साथ झगड़ा हो गया था। इसी दौरान आरोपी युवकों ने नवजीत पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिससे नवजीत की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नवजीत पर चाकूओं के तीन वार किए गए हैं। मृतक नवजीत के पिता जितेंद्र ने बताया कि बीजना गांव का श्रवण कुमार तीन महीने पहले ऑस्ट्रेलिया गया था। श्रवण कुमार ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में कई बार नवजीत के पास ही आ जाता था। श्रवण कुमार मेलबर्न में बसताड़ा गांव के दो युवकों के पास ही कमरे पर रहता था। इन दोनों के साथ श्रवण का झगड़ा था। इसके बाद दोनों युवकों ने श्रवण को अपना सामान उठाने के लिए कह दिया था। नवजीत के पिता ने बताया कि श्रवण कुमार नवजीत के पास आया था और नवजीत से कहा था कि जहां पर वह पहले रहता था, वहां मेरा सामान पड़ा हुआ है और वह सामान उठवाने के लिए चल। इसके बाद नवजीत उसके साथ चला गया था। नवजीत गाड़ी में ही बैठा हुआ था और श्रवण अपना सामान उठाने के लिए चला गया था। लेकिन वहीं पर दोनों युवकों ने श्रवण के साथ हाथापाई कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने गाड़ी में बैठे नवजीत पर भी चाकुओं से तीन वार किए। इसी दौरान नवजीत की सीट बैल्ट लगी हुई थी। चाकुओं के वार के कारण नवजीत की मौत हो गई। नवजीत का आरोपियों के साथ कोई भी लेना देना नहीं था, लेकिन बेवजह नवजीत की हत्या कर दी गई। पीड़ित पिता ने बताया कि रात को दो बजे हमें नवजीत की हत्या की सूचना मिली। इसके बाद से ही पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। नवजीत घर का इकलौता चिराग था। सरकार से अनुरोध है कि उसके बेटे का शव भारत लाया जाए और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### अमेजन फ्रेश के साथ 7 मई तक चखें समर फ्लेवर्स का स्वाद

**नोएडा।** इस गर्मी में, भीड़भाड़ वाले रेस्टॉरेंट की जगह घर पर बने भोजन की गर्माहट का आनंद उठाएं। घर पर ही स्वादिष्ट भोजन के साथ रेस्टॉरेंट्स की गर्मी और लंबी लाइनों से छुटकारा पाएं। चाहे आप अपने प्रियजनों को बिस्तर पर ब्रेकफास्ट देकर सरप्राइज करना चाहते हों, या दोस्तों के लिए एक शानदार ब्रंच बुफे की मेजबानी करना चाहते हों या फिर उत्तम डिनर का आयोजन करना चाहते हों, सर्फ एक्सेल और टाटा द्वारा प्रस्तुत अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज के साथ 7 मई तक सभी आवश्यक चीजों का स्टॉक तैयार करें। ताजे फल और सब्जियों से लेकर स्नैक्स, बेवरेजेस और दैनिक उपयोगी चीजों तक हर चीज पर उठाएं 45 प्रतिशत तक की छूट का फायदा। ग्राहक अंडर 99 स्टोर में ग्रॉसरी पर सुपर सेवर डील्स और सभी टॉप कैटेगरी में न्यूनतम 30% छूट जैसे शानदार ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। घर पर बेहतरीन भोजन अनुभव हासिल करने के लिए अपने पसंदीदा डिलीवरी स्लॉट चुनें और लोकप्रिय ब्रांड्स जैसे वेदका, सनफीस्ट, हल्दीराम और दावत आदि से खरीदारी करें। प्राइम रिपीट ग्राहक 200 रुपए तक का कैशबैक हासिल कर सकते हैं, और नए अमेजन ग्राहक अपने पहले चार अमेजन फ्रेश ऑर्डर पर 400 रुपए तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। विशेषरूप से तैयार किए गए समर स्टोर के साथ गर्मियों में खाना पकाने के अपने अनुभव को बेहतर बनाएं।

# भूपेंद्र हुड्डा की साजिश का शिकार हुई कांग्रेसः दिग्विजय

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जननायक जनता** पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दिग्विजय चौटाला ने आरोप लगाया कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और पूर्व सीएम मनोहर लाल मिलकर षड्यंत्र रच रहे हैं। हुड्डा ने अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा को रोहतक से लोकसभा चुनाव जिताने के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। करनाल की लोकसभा सीट पर एक डमी कैंडिडेट उतारा गया है। उनके षडयंत्र से कांग्रेस को नुकसान हो रहा है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि लोगों में कांग्रेस के खिलाफ गुस्सा और भी ज्यादा बढ़ गया है। हमारे कैंडिडेट की डिमांड जनता ने की। जनता ने यह भी कहा है कि अपना मजबूत कैंडिडेट लोकसभा करनाल सीट पर उतारें अन्यथा आपकी पार्टी को भी नुकसान होगा और एंटी खट्टर वोट देवेंद्र कादियान के पक्ष में जाएगा। जेजेपी के राष्ट्रीय सचिव द्वारा पार्टी छोड़े जाने के सवाल पर दिग्विजय ने कहा कि चाहे कोई पार्टी छोड़े या पार्टी से जाए, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। बस पार्टी की जड़ और टहनियां मजबूत होनी चाहिए और वे मजबूत हैं। सूबे सिंह हमारी पार्टी के अच्छे कार्यकर्ता थे, अच्छे इंसान हैं, उनको शुभकामनाएं हैं। विधायक जोगीराम सिहाग के सवाल पर दिग्विजय ने कहा कि कानून यह कहता है कि अगर कोई विधायक किसी दूसरी पार्टी का प्रचार करता है और वोट की अपील करता है तो उसकी सदस्यता चली जाएगी। जोगीराम सिहाग मेरे अंकल हैं। अगर वे किसी दूसरी पार्टी के लिए वोट की अपील करेंगे तो पार्टी भी कार्रवाई करेगी। चौटाला ने कहा कि करनाल लोकसभा सीट से जनता बीजेपी को चलता करने का काम करेगी।

दूसरा, कांग्रेस का उम्मीदवार बाहरी उम्मीदवार है और उसे एक्सपीरियंस नहीं है इनेलो द्वारा एनसीपी को समर्थन दिए जाने के सवाल पर दिग्विजय ने कहा कि इनेलो के पास तो कैंडिडेट ही नहीं है, इनेलो चार सीटों पर खाली है।

# उपायुक्त कार्यालय के बाहर चलाई गई पोस्टर फ्री ट्री मुहिम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। लक्ष्य जनहित** सोसाइटी की पोस्टर फ्री ट्री मुहिम डीसी ऑफिस के सामने चलाई गई, जिसके अंतर्गत 100 से अधिक पेड़ों को कील एवं पोस्टर से मुक्त किया गया। सोसाइटी के फाउंडर चेयरमैन दिनेश बक्शी ने कहा कि अपने स्वार्थ के चलते इंसान इतना गिर गया है कि चंद पैसे बचाने के लिए पेड़ों में कील से पोस्टर लगा देता है, जिससे पेड़ों को दर्द के साथ-साथ पोस्टर के पीछे दीमक पेड़ को नुकसान पहुंचाती है, जिसके चलते पेड़ दम तोड़ देता है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में पेड़ में जीवन होता है, बताया गया है। अभी हाल में वैज्ञानिकों ने अपनी रिसर्च में पेड़ काटने से पेड़ करहाता है, पेड़ के करहाने की आवाज भी रिकॉर्ड की। सोसाइटी के संरक्षक निशिकांत मित्तल ने कहा कि हम यदि अपने बच्चों के लिए कुछ छोड़ के जाना चाहते हैं तो स्वच्छ वातावरण व स्वच्छ जल छोड़ें। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पेड़ों का ख्याल रखें, इन पर कील व पिन न लगाएं। आज की सेवा में दिनेश बक्शी, निशिकांत मित्तल, अमित सचदेवा, ललित सीकरी, मनोज तनेजा और सचिन धवन शामिल हुए।

### चुनाव प्रकिया के दौरान एमसीएमसी रखेगी पेड न्यूज पर नजरः उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग करेगी। इसके अलावा पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है।

# मनोज वधवा मैदान में कूदे तो कांग्रेस की हालत होगी पतली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। करनाल की** राजनीति में पंजाबी बिरादरी में बेहतर पकड़ रखने वाले पूर्व डिप्टी मेयर मनोज वधवा ने भाजपा व कांग्रेस की नींद उड़ाई हुई है। कई दिन से कहा जा रहा है कि वधवा आजाद प्रत्याशी के तौर पर करनाल विधानसभा के उप चुनाव में मैदान में आ सकते हैं। छह मई को नामांकन की आखिरी तारीख है। यदि वह नामांकन दाखिल कर देते हैं तो वह सीधे तौर पर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएंगे, क्योंकि सरकार से नाराज वोटर जो पहले कांग्रेस के पास जाना था, वह दो हिस्सों में बंट सकता है। इससे सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी लाभ की स्थिति में जाएगी। वोटरों का ध्रुवीकरण की स्थिति में भाजपा का पलड़ा कांग्रेस पर भारी हो जाएगा। विधानसभा उप चुनाव में एक तरफ सीएम नायब सिंह सैनी भाजपा प्रत्याशी के तौर पर अपनी जीत की ताल ठोक रहे हैं तो अब कांग्रेस प्रत्याशी त्रिलोचन सिंह उनका मुकाबला कर रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में त्रिलोचन सिंह ने उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन करते हुए सबको चौंका दिया था। यदि वह अपने पिछले प्रदर्शन को देखते हुए और मेहनत करते हैं तो वह उप चुनाव में भी फिर चौंका सकते हैं। क्योंकि पिछली दफा उन्होंने 35 हजार से ज्यादा मत हासिल किए थे। तब उनके सामने पूर्व सीएम मनोहर लाल थे। मनोहर लाल पंजाबी समाज पर खासा प्रभाव रखते हैं। यह समाज ही करनाल से जीत हार तय करता है। इस समाज की वोट जिस ओर झुक जाती है, उसकी जीत पक्की मानी जाती है। लिहाजा अब चुनाव में मनोहर लाल की जगह सीएम नायब सैनी हैं। वह इस आसरे है कि पूर्व सीएम मनोहर लाल उन्हें पंजाबी समाज की वोट दिलाने में सफल रहेंगे। इसके साथ ही अन्य बिरादरियों से भी उनके पास खासे वोट आएंगे। लेकिन पिछले दिनों में पंजाबी समाज के एक समूह की नाराजगी की बात सामने आई तो भाजपा भी चिंता में आ गई थी। दूसरी ओर मनोज वधवा ने भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। तब भी माना जा रहा था कि वह कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन उन्हें कांग्रेस ने टिकट नहीं दी थी। अब चर्चा है कि आजाद प्रत्याशी के तौर पर वह मैदान में आ सकते हैं। इससे भाजपा से नाराज वोटर और खासकर पंजाबी समाज का वोटर बंट सकता है।

# 'हर बूथ तक मोदी, मनोहर और सीएम की राम-राम पहुंचाएगा भायुमो'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। भाजपा युवा** मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा भारी बहुमत के साथ विजयी प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है। कौशल रोजगार में युवाओं को घर बैठे प्राथमिकता के साथ रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम मनोहर लाल ने साढ़े 9 वर्षों तक विकास कार्यों में अहम योगदान दिया। योगेंद्र शर्मा करनाल के भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सुरेंद्र उड़ाना भी खासतौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एक आदर्श नेता हैं, जो 36 बिरादरी के लोगों के साथ लेकर चल रहे हैं। करनाल लोकसभा क्षेत्र में मनोहर लाल खट्टर सबसे ज्यादा वोटों से जीतकर संसद में जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को खर्ची और पर्ची के बिना नौकरियां नहीं मिलती थी, लेकिन मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में डेढ़ लाख से अधिक युवाओं को नौकरियां दी गई। उन्होंने कहा कि इससे पहले की सरकारों ने नौकरियां बेचने का काम किया, लेकिन यहां पूरे प्रदेश में युवाओं को प्राथमिकता से नौकरी मिली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के लोगों तक रोजगार पहुंचा। युवा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि लोगों के बीच सरकार के प्रति विश्वास पैदा हुआ कि यह सरकार ईमानदारी से कार्य कर रही है। करनाल लोकसभा चुनावों में भाजपा युवा मोर्चा हर बूथ पर मोदी की राम-राम, मनोहर की और मुख्यमंत्री की राम-राम पहुंचाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि पहले भारत क्या था और आज भारत क्या है, उस विषय में भी लोगों को बताएंगे। योगेंद्र शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों के हित में बहुत कार्य किए। भाजपा युवा मोर्चा करनाल लोकसभा क्षेत्र में मनोहर लाल के लिए विकास के नाम पर वोट मांगेगा। भाजपा कार्यकाल में ही देश-प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत देश का नाम विश्व पटल पर चमकाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा पार्टी की सरकार बनेगी और करनाल से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल रिकार्डतोड़ मतों से जीत दर्ज करेंगे।

**जन-जन तक**

**भाजपा पार्टी की सरकार बनेगी और करनाल से प्रत्याशी मनोहर रिकार्डतोड़ मतों से जीत दर्ज करेंगे**

# चुनाव का पर्व-देश का गर्व, हरियाणा में 25 मई को होगा मतदानः उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य परिवहन करनाल डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। उन्होंने कहा कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने के प्रति जागरूक कर रही हैं। उन्होंने बताया लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए करनाल बस स्टैंड से विभिन्न रूटों पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग व राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा रोडवेज की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, बैनर व पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि इन पोस्टरों में आम जनता से 'छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए-मतदान केंद्र पर मतदान करने आइए, 'लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर- उंगली पर नीली लकीर ए जैसे जागरूकता स्लोगन व टैग लाइन के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा कमेटी के मैंबर जसवंत सिंह दुनियामाजरा को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर जसवंत सिंह दुनियामाजरा की अंतिम अरदास पर एचएसजीएमसी प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, कार्यकारिणी समिति मैंबर जत्थेदार जसगीर सिंह मांगेआना, मैंबर गुलाब सिंह मुनक, सुखसागर सिंह हिसार, बीबी राणा कौर भट्टी, सुदर्शन सिंह गावड़ी, टीपी सिंह, मोहनजीत सिंह, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, ब्रह्म उदासीन अखाड़ा मांडी साहिब के संचालक बाबा गुरविंदर सिंह के पिता, संत बाबा महेशमुनि, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक ज्ञानी साहब सिंह, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जत्थेदार हरभजन सिंह मसाना, भाजपा नेत्री बीबी करतार कौर, हरपाल सिंह चीका सहित अन्य सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने नम आंखों से दिवंगत को श्रद्धासुमन अर्पित किए। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार दुनियामाजरा में हुई अंतिम अरदास समागम में जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व अन्य ने दिवंगत के सपुत्र राजपाल सिंह दुनियामाजरा व अन्य परिजनोंको ढांढस बंधाया। अंतिम अरदास में दिवंगत को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए जत्थेदार असंध ने कहा कि जसवंत सिंह दुनियामाजरा हरियाणा कमेटी के एक निष्ठावान मैंबर रहे हैं। उन्होंने हमेशा संस्था के हित में कदम उठाए। उनके देहांत से परिवार समेत संस्था को कभी न पूरा होने वाली क्षति हुई है। इस दौरान बीबी करतार कौर, हरपाल सिंह चीका समेत अन्य कई गणमान्यजनों ने दिवंगत को अपने श्रद्धासुमन भेंट किए। श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचे गणमान्यजनों ने राजपाल सिंह दुनियामाजरा को दस्तार व सिरोपा भी भेंट किया। अंतिम अरदास में हरियाणा कमेटी के उपसचिव सतपाल सिंह, कुलदीप सिंह भानोखेडी, मैनेजर जज सिंह, सिख नेता तजिंदर सिंह मक्कड़, धर्म प्रचार के सहायक सुपरवाईजर गुरपेज सिंह, सरबजीत सिंह, प्रभजोत सिंह सहित प्रदेश के अनेक गुरुद्वारा साहिबान के प्रबंधक शामिल हुए।

### विजय जैन ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के लिए जनता से वोटो की अपील की



**पानीपत/कमाल हुसैन:** पानीपत ग्रामीण हलके के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत हल्के की बाहरी कालोनियों परशुराम कॉलोनी ,वधावा राम कॉलोनी व नागपाल कॉलोनी में जनसंपर्क साधकर के जनसभाओं को संबोधित किया और घर-घर जाकर के हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के लिए जनता से वोटो की अपील की इस अवसर पर सभाओं का आयोजन नवयुवक ब्राह्मण सभा के प्रधान जेपी शर्मा ,परशुराम मंदिर के आयोजन कमेटी के प्रधान नारायण दत्त शर्मा व पुजारी अरुण पांडे ने किया "और मंच संचालन ब्लॉक समिति के पूर्व मेंबर विजय शर्मा ने किया इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जो की करनाल लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं एक ईमानदार युगपुरुष और विकास पुरुष के नाम से जाने जाते हैं जिन्होंने अपने 9:30 वर्ष के शासनकाल में हरियाणा की जनता को बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं देकर के गरीब व सहायक लोगों का मान सम्मान बढ़ाया और अपने शासनकाल के दौरान पानीपत की बाहरी कॉलोनियों को वैध करके उन में अनेकों विकास कार्य किये, सभी बाहरी कॉलोनियों में पक्की सड़कें, पानी, शिविर व बिजली का प्रबंध करके गरीब जनता के लिए बहुत सी योजनाएं लागू की और सदैव ही जनहित के अनेकों कार्य किये "मेरी आप लोगों से अपील है कि इस बार मनोहर लाल जी को आपने कम से कम 10 लाख वोटो से जीता करके पूरे हिंदुस्तान में एक विश्व रिकॉर्ड कायम करना है और जब मनोहर लाल जी भारी बहुमत से जीत करके केंद्र में मोदी सरकार के हाथ मजबूत करेंगे और कैबिनेट मंत्री बन करके फिर आप लोगों की सेवा करेंगे जैन ने कहा है कि विपक्षी पार्टियों ने करनाल लोकसभा से एक डमी कैंडिडेट खड़ा करके जिसको कोई जानता तक नहीं अपनी हार स्वीकार कर ली है।

# 'इंडिया गठबंधन को तोड़ने के लिए भूपेंद्र हुड्डा जिम्मेदार'

## एनसीपी - इनेलों के सांझा प्रत्याशी मराठा वीरेंद्र वर्मा ने खोला समालखा में चुनाव कार्यालय

**दस्तक**

▸▸ करनाल लोकसभा क्षेत्र में अनेक प्रोजेक्ट स्थापित करके बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

इनेलो की बैशाखियों पर सवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मराठा वीरेंद्र वर्मा ने रविवार को पहली बार समालखा में चुनावी दस्तक दी। मराठा ने यहां हथवाला रोड स्थित इनेलो बीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रणबीर जांगड़ा के फार्म हाउस पर चुनाव कार्यालय खोला। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मराठा वीरेंद्र वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ साथ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को भी निशाने पर लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के मनोहर लाल खट्टर को चुनाव जिताने के लिए भूपेंद्र हुड्डा ने जानबूझकर करनाल से हल्का उम्मीदवार उतारा है। मराठा वीरेंद्र वर्मा ने स्पष्ट किया कि हरियाणा में इंडिया गठबंधन को तोड़ने का दोषी भूपेंद्र हुड्डा है जो अपने निजी स्वार्थों के चलते कांग्रेस को कमजोर करने का षडयंत्र रच रहे है। मराठा वीरेंद्र वर्मा ने इनेलो कार्यकताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि हरियाणा में एनसीपी, इनेलो और शिरोमणि अकाली दल का यह गठबंधन लंबा चलेगा। यह गठबंधन न सिर्फ करनाल और कुरूक्षेत्र लोकसभा सीटों को जीतेगा बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ करके अभय सिंह चौटाला को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगां। उन्होंने एनसीपी और इनेलो के कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश में लोकतंत्र को बचाने का युद्ध है। जिस प्रकार युद्ध को सेना के मनोबल के बिना नहीं जीता जा सकता। इसी तरह चुनाव जीतने के लिए कार्यकताओं की संख्या मायने नही रखती उनका मनोबल ऊंचा रहना जरूरी है। उन्होंने लोकल फार वोकल और वोट फार लोकल का नारा बुलंद करते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी दोनों बाहरी है। जिनके पता ठिकानों का किसी को पता नहीं है। एनसीपी प्रत्याशी वीरेंद्र वर्मा ने यहां बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पानीपत रिफाइनरी के सहयोग से करनाल लोकसभा क्षेत्र में अनेक प्रोजेक्ट स्थापित करके बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

## 'स्टार्टअप, उद्यमिता व प्लेसमेंट का दायरा विकसित होता है'





**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में यूआईईटी संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के लिए एलुमनाई परिचर्चा कार्यक्रम आफलाइन व ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि केयू डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी व यूआईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि एलुमनाई परिचर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है क्योंकि विद्यार्थी इसके माध्यम से उनके जीवन की सफलता एवं संघर्ष के बारे में जानकर निश्चित रूप से प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परिचर्चा द्वारा स्टार्टअप, उद्यमिता व प्लेसमेंट का दायरा विकसित होता है। तकनीकी विद्यार्थियों को शिखर तक ले जाने व आज के समय में स्टार्टअप उद्यमिता को मल्टी नेशनल कंपनी और प्लेसमेंट को अधिक मजबूत करने के लिए एलुमनाई कड़ी का कार्य करते हैं। प्रो. ढींगरा ने कहा कि आज के तकनीकी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए नई तकनीक की आवश्यकता होती है तथा एलुमनाई इन समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संस्थान के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं। कॉपोरेट कल्चर को अनुसरण करने के लिए भी एलुमनाई का अनुभव और मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होता है।इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सविता गिल, डॉ. रीटा दहिया, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, डॉ. प्रियंका जांगड़ा, डॉ. पवन दिवान, डॉ. अनुराधा, डॉ. संजय काजल, डॉ. अजय जांगड़ा, डॉ. सुनील नैन, डॉ. कर्मबीर, डॉ. अमिता मित्तल, डॉ. संजीव आहूजा, नेहा दुग्गल, एकता, रविंद्र चौधरी, हरिकेश पपोसा व अजय शर्मा मौजूद रहे।

## कुवि के युवा एवं संस्कृति कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय युवा महोत्सव का हुआ समापन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं संस्कृति कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय युवा महोत्सव का रविवार को विधिवत रूप से समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी चित्रकारों को सम्मानित किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया व सभी कला साधकों को समृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया की सभी कलाकार जो भारतवर्ष के कोने-कोने से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहुंचे



उन्होंने अपनी बेहतरीन कलाकृतियां दिखाई और सभी पेंटिंग प्रदर्शनी का हिस्सा बनी इस कला उत्सव के माध्यम से सभी ललित कला विभाग के विद्यार्थियों ने बारीकी से कला के गुर सीखने का प्रयास किया युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के उपनिदेशक डॉ गुरचरण सिंह व कला उत्सव के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य भारतवर्ष की संस्कृति को एक मंच पर लाना है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आने वाले समय में यह कला उत्सव बहुत बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

## एमएम यूनिवर्सिटी में पुलिस सिपाहियों को दी लॉ की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निर्देशानुसार एवम सहयोग से मुलाना यूनिवर्सिटी के कानून विभाग के ने कानून-विशेषज्ञ डीन प्रोफ़ैसर बिन्दु जिन्दल के नेतृत्व में कानून से सम्बन्धित पुलिस सिपाहियों को चोरी, छीनाझपटी, डकैती, लूट, अमानत में ख्यानत, जबरन वसूली, फिरौती, अपराधिक गतिविधियों, संज्ञेय व असंज्ञेय अपराध, बेल प्रोविजन जैसे जमानती अपराधों व गैर जमानती अपराधों सम्बन्धी दिशा निर्देश, अपराधिक गबन, आपराधिक बनाम नागरिक मामला, सामान्य इरादा, दंगे, सिविल लॉ व क्रिमिनल लॉ जैसे विभिन्न विषयों



पर सम्बोधन दिया। उन्होंने पुलिस सिपाहियों को सम्बोधित किया और कार्यक्रम बारे बताया कि नए अपराधिक कानूनों में सभी कानूनी पेशेवरों का परिचित होना आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन महिलाओं के खिलाफ अपराध चर्चा और धन्यवाद के ज्ञापन के साथ हुआ। कानून विभाग के विद्यार्थियों ने पुलिस सिपाहियों को डयूटी के दौरान कानून से सम्बन्धित अपने अधिकारों के प्रति भी जानकारियाँ सांझा की जिससे आम नागरिकों व पुलिस के मध्य आपसी तालमेल बना रहे और कानून व्यवस्था भी सुदृढ़ बनी रहे।

इस कार्यक्रम में थाना मुलाना प्रबन्धक निरीक्षक कमलदीप सिहँ ने

**अवगत कराया**

▸▸ बताया कि नए अपराधिक कानूनों में सभी कानूनी पेशेवरों का परिचित होना आवश्यक है

लगभग 60 पुलिस सिपाहियों सहित भाग लिया। कानून विभाग के विद्यार्थी महीमा, कनीका ,रजनी ,पकंज व अन्य ने अपराधिक कानूनों बारे विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर एमएमयू के अधिकारी डाक्टर मधुबाला ,डाक्टर पुनम लांबा,प्रो. शिप्रा गुप्ता, प्रो. रीतिका बंसल व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: मुरथल** थाना पुलिस ने गाड़ी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आदित्य निवासी आठ मरला पावर हाउस कॉलोनी पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सौंदापुर चौक पानीपत निवासी अंशुल ने 22 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह शिव टैक्सी सर्विस में चालक के तौर पर कार्यरत है। उसके मालिक के पास आई लोकेशन पर उसे गाड़ी लेकर भेजा गया।

## नशा घर में क्लेश और अशांति को देता है जन्म: डॉ. वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी ने विभिन्न स्थानों पर लोगों को एकत्रित कर नशे के विरुद्ध जागरूक किया। रेलवे सड़क के एक स्थान पर ऑटो चालकों को एकत्रित कर उनके साथ विचार साँझा करते हुए ब्यूरो के अधिकारी डॉ. वर्मा ने बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन इस आशय से किया गया है कि हरियाणा को ड्रग फ्री किया जा सके। उन्होंने बताया कि ब्यूरो



के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में लोगों को नशे से दूर रहने को जागरूक किया जा रहा है। डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति दिन भर काम करके घर लौटता है तो घर में शांति चाहता है लेकिन कुछ लोग नशे का सेवन करके घर जाते हैं और घर में युद्ध का वातावरण बन जाता है।

### बहन से हजारों रुपये की नकदी लेकर निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में बहन से हजारों रुपये की राशि लेकर काम के लिए निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवक की तलाश के प्रयास कर रही है। राम बाग कॉलोनी निवासी हेमा ने बताया कि वह झाडू-पौछा करने का काम करता है। उसका पति शंकर नई अनाज मंडी में मेहनत-मजदूरी का काम करता था। गत 29 अप्रैल को देर शाम घर पर आया। उसके बाद अपनी बहन से 4000 हजार रुपये लेकर घर से चला गया। उस दिन के बाद अब तक वापिस नहीं लौटा।

## वात्सल्य वाटिका ने 19वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी अमीन रोड कुरुक्षेत्र ने अपना 19वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया । फिर कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत व परिचय विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने करवाया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान दीपक चोपड़ा निदेशक बी आर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र और डॉ दीपिका चोपड़ा और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमान अंकित गुप्ता ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एडवोकेट रहे । कार्यक्रम की



अध्यक्षता सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्रीमान धीरज गुलाटी ने की । फिर वात्सल्य वाटिका के छात्रों द्वारा बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलकियाँ बिखेरी जिसमें सबसे पहले बालिकाओं के द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत गीत की प्रस्तुति दी और नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा गीत बम बम भोले, बेटियाँ गीत, कीजो केसरी के लाल गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी । मुख्य अतिथि दीपक चोपड़ा जी ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे वात्सल्य वाटिका में आने पर बहुत खुशी मिलती हैं । यहाँ आने का मुझे इंतजार रहता है। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में सब कुछ सकारात्मक हैं। बच्चों की प्रस्तुतियाँ बहुत सुंदर होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अंकित गुप्ता ने कहा कि विद्यालय ऐसी भूमि है जहां पर संस्कार दिए जाते हैं ।यहाँ पर पढ़ाई से पहले बच्चों में संस्कार रोपे जाते हैं ।कार्यक्रम के अध्यक्ष धीरज गुलाटी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि बच्चों के लिए बहुत प्यार है।

इस प्रांगण को चलाने वाले गुरुजी को सदैव नमन करता हूँ । मुझे याद है कि मैं 2005 से संस्था में एक अंग के रूप में जुड़ा हुआ हूँ। मैंने देखा है 5 बच्चों से गुरू जी ने एक पौधा लगाया था । वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले छात्र किसी अन्य स्कूल में पढ़ने वाले छात्र से कम नहीं है।

## बंतो कटारिया को जन्मदिन के तोहफे के रूप में जीत दिलाने का किया वायदा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला।** अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया का जन्मदिन रविवार को कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। घंटों तक उन्हें बधाई देने वाले कार्यकताओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर कार्यकताओं ने बंतो कटारिया को 4 जून को जीत के रूप में जन्म दिन का तोहफा देने की बात कही। बंतो कटारिया के जन्म दिन का केट काटकर पूर्व विधायक लतिका शर्मा, वरिष्ठ नेत्री नीता खेड़ा, पूर्व प्रदेश महामंत्री रोजी मलिक सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने श्रीमती कटारिया को जन्म दिन की बधाई दी। जन्मदिन पर प्रत्याशी बंतो कटारिया ने भी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि उसके जन्मदिन का सबसे बडा तोहफा जीत का ही होगा। जिस मेहनत से कार्यकर्ता दिन-रात चुनाव में



काम कर रहे हैं, उससे जीत का रास्ता साफ नजर आ रहा है। उन्हांने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यह जीत उन सब कार्यकर्ताओं की होगी, जो चुनाव में किसी न किसी रूप जुड़े हुए हैं। श्रीमती कटारिया ने कहा कि चाहे कोई पार्टी हो या व्यक्ति, हर किसी का कार्यकर्ता ही अहम होता है। कार्यकर्ता भी वह जो उसके प्रति समर्पित हो। बंतो कटारिया ने कहा कि वह उनकी खुशकिस्मत है कि उनके साथ समर्पित कार्यकर्ताओं की फौज है। इन्हीं समर्पित कार्यकताओं के बल पर चुनाव रूपी जंग को जीता जा सकता है। भाजपा के कार्यकर्ता अपने आप में इतने समर्पित हैं कि आगे से काम पूरा करके नए काम की तैयारी में जुट जाते हैं। स्वर्गीय रतन लाल कटारिया जी के साथ के ये कार्यकर्ता आज उनके साथ भी पूरी शिद्दत से जुड़े हुए हैं। जिसके पास ऐसे मेहनती कार्यकर्ता हों, उसकी

**समर्थन**

▸▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में मातृ शक्ति का बहुत सम्मान किया है

जीत हमेशा तय ही होती है। बंतो कटारिया ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां, उनकी विदेश नीति, अंतरराष्ट्रीय मंचां पर भारत की ताकत, देश को एकता में बांधकर रखने की कार्यप्रणाली पर वोट करें। उन्हांने कहा कि नरेंद्र भाई मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में मातृ शक्ति का बहुत सम्मान किया है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर काम किया है।

## 'मतदाता घर बैठे डाउनलोड करें फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं की सुविधा हेतु भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विभिन्न डिजिटल पहलें की गई हैं। इनमें सबसे प्रमुख है ई-एपिक यानि फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र को डिजिटल तरीके से प्राप्त करना। अब मतदाता घर बैठे ही अपना वोटर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। यदि मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन से



अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं।

चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि यह डिजिटल वोटर कार्ड मतदान करने के लिए पूरी तरह से मान्य है। डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है। यह ई-एपिक ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के इस पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजिलॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है। डिजिटल कार्ड को डाउनलोड करने के लिए पंजीकृत मतदाता को राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल पर जाना होगा। नए यूजर को अपने आपको रजिस्टर

# जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह का शपथ एवं अभिनंदन समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**अखिल भारतीय जांगिड़** ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष सतबीर सिंह जांगड़ा का शपथ एवं अभिनंदन समारोह आज जीटी रोड स्थित रोड़ धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह जांगड़ा व विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम जांगड़ा रहे। जिन्होंने सतबीर सिंह जांगड़ा एवं उनकी जिला की कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अतिथियों का फूल माला से स्वागत एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। जिसमें जिला जांगड़ा समाज एवं अन्य समाज के सदस्यों ने जिला अध्यक्ष बनने पर सतवीर सिंह जांगड़ा को पगड़ी व फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। जिला अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ठ अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम जांगड़ा ने कहा कि जांगड़ा समाज के 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को महासभा 2100 रुपए नगद व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करेगी। समाज के होनहार बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक मदद की जाएगी। समाज की गरीब विधवा की बेटी की शादी में 11 हजार रुपए कन्यादान के रूप में सहयोग किया जाएगा। जिला अध्यक्ष द्वारा समाज के हित के लिए पांच सूत्रीय कार्यक्रम की घोषणा की गई। जिसमें सर्वप्रथम समाज को संगठित करना, जांगड़ा समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा में आर्थिक मदद करने के लिए राहत कोष बनाना, जिला पानीपत में जांगड़ा समाज के लिए धर्मशाला का निर्माण करवाने के लिए प्रयास करना, समाज के अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाना, शिक्षित व बेरोजगार बच्चों को अधिक से अधिक रोजगार दिलवाले का प्रयास करने का कार्य किया जाएगा। मंच संचालन जिला महामंत्री सतपाल जांगड़ा ने किया। सहयोग जिला संरक्षक एवं पूर्व प्रधान रमेश चंद जांगड़ा, सत्यदेव आर्य ,राजेंद्र आर्य संरक्षक अखिल भारतीय जांगड़ा ब्राह्मण महासभा दिल्ली का रहा। इस अवसर पर जगदीश चंद्र जांगड़ा संरक्षक, रामपाल जांगड़ा संरक्षक, अजय सिंह जांगड़ा संरक्षक, रमेश जांगड़ा संरक्षक, परमवीर जांगड़ा, पवन जांगड़ा, संरक्षक, जिला प्रधान की टीम में कुलदीप जांगड़ा कार्यकारी अध्यक्ष, ओमप्रकाश जांगड़ा उपाध्यक्ष, जय भगवान जांगड़ा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जगत सिंह जांगड़ा कोषाध्यक्ष, कार्यकारी सदस्य कृष्ण लाल जांगड़ा, धर्मपाल जांगड़ा, प्रदीप जांगड़ा, मुकेश जांगड़ा, महेंद्र, मनीष, संदीप, विनोद, धर्मवीर, उमेद, ओम प्रकाश व इंद्र सिंह जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

# कूड़ा डाल कर आग लगाने के कारण पर्यावरण संरक्षण बदहाल

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौरः बड़ी औद्योगिक क्षेत्र** में फैक्ट्री संचालक पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर सजग दिखाई नहीं दे रहे हैं। बड़ी उद्योगिक एसोसिएशन के प्रधान नवीन ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में सैकड़ों छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां हैं, लेकिन उनसे निकलने वाले कूड़े को डंपिंग जोन में डालने की बजाय खुले में डाल रहे हैं। इतना ही नहीं कंपनी के कर्मचारी सुबह और रात के समय कूड़े को खुले मे डालकर उसमें आग लगा कर भाग जाते है। पर्यावरण संरक्षण की बदहाल स्थिति का आलम यहा तक भी है कि फैक्ट्रियों का कूड़ा कई बार ग्रीन बेल्ट में जला दिया जाता है, जिससे गांव के पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है, लेकिन आज तक प्रशासन और पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड ने इस बारे में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की।

**एक एकड़ में बने डंपिंग जोन में डाले कूड़ा : देशवाल**

एचएसआईआईडीसी के वरिष्ठ प्रबंधक जसबीर देशवाल ने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में करीब 650 औद्योगिक इकाई हैं जिनसे निकलने वाले कूड़े के निस्तारण के लिए एचएसआईआईडीसी द्वारा डंपिंग जोन बना रखा है। डंपिंग जोन करीब एक एकड़ भूमि पर बनाया गया है। जिसकी चार दिवारी भी की गई हैं। नियमानुसार फैक्ट्रियों से निकलने वाले कूड़े को डंपिंग जोन में डालना होता है, लेकिन कुछ फैक्ट्री संचालक खुले में कूड़ा डलवाने से बाज नहीं आते। उन्होंने कई फेक्ट्री संचालको पर जुमार्ने भी लगाया है।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रक ड्राईवर्स के लिए एमेजॉन इंडिया ने लॉन्च किया हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्रामः सुश्रुत

**अंबाला।** आज एमेजॉन इंडिया ने ट्रक ड्राईवर्स के लिए एक विस्तृत हैल्थ एवं वैलनेस प्रोग्राम सुश्रुत लॉन्च किया। एमेजॉन के 350 ट्रकिंग पार्टनर्स हैं, जिनके पास हजारों ट्रक ड्राईवर्स नौकरी करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य इन ट्रक ड्राईवर्स की स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करना है, जो अपने जीवन का ज्यादातर समय सड़क पर बिताते हैं। इसके साथ ही, यह ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवार के लिए लंबे समय तक स्वास्थ्य की अच्छी आदतों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। बेंगलुरु, मानेसर (हरियाणा), और देश के अन्य हिस्सों में ट्रक ड्राईवर्स के लिए हैल्थ कैंप्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 70 से अधिक स्वास्थ्य पैरामीटर्स की जांच की जा रही है। प्रेमांश फाउंडेशन, आँचल हैल्थ सेंटर और डॉकऑनलाईन जैसे एनजीओ के साथ गठबंधन में चलाए जा रहे इन कैंप्स में से पहले कैंप का आयोजन जनवरी, 2024 में बैंगलुरू में किया गया था और हाल ही में संपन्न हुआ मानेसर का कैंप काफी सफल रहा, जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रक ड्राईवर्स ने हिस्सा लिया। एमेजॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज के डायरेक्टर, अरुण कुमार सिंह ने कहा, एमेजॉन में हम ट्रक ड्राईवर्स के जीवन की चुनौतियों को समझते हैं, जिनके कारण लंबे समय तक सड़क पर रहने की वजह से उनका स्वास्थ्य नजरंदाज हो जाता है। सुश्रुत प्रोग्राम का उद्देश्य इन चुनौतियों को संबोधित करना और ड्राईवर्स को स्वस्थ रहने में मदद करना शामिल है। हमें उम्मीद है कि यह प्रोग्राम ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगा। सुश्रुत प्रोग्राम का उद्देश्य अनेक जाँच सेवाएं, जैसे खून की जाँच, आँखों की जाँच, और दाँतों का परीक्षण करना है, ताकि ट्रक ड्राईवर्स के स्वास्थ्य की समस्याओं की पहचान व निदान हो सके। इसके अलावा, कैंप के दौरान जागरुकता अभियान और सत्रों का आयोजन भी किया जाता है ताकि ट्रक ड्राईवर्स और उनके परिवारों के बीच स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। ड्राईवर्स को रेफरल कार्ड और अपनी हैल्थ रिपोर्ट के साथ खुद के लिए और परिवार के तीन तक सदस्यों के लिए टेलीकम्युनिकेशन सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही रेफरल कार्ड पूरे साल आँचल हैल्थ सेंटर की सुविधा और संबद्ध सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य जाँच सेवाएं उपलब्ध कराता है। बैंगलुरू से एमेजॉन के ट्रकिंग पार्टनर के साथ काम करने वाले ट्रक ड्राईवर, थिप्पाराजू जी ने कहा, मैं सुश्रुत जैसे अभियानों के लिए एमेजॉन का आभारी हूँ। हम ज्यादातर समय सड़कों पर रहते हैं, इसलिए यह देखकर हमारा आश्वासन बढ़ता है कि एमेजॉन हमारे स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है, और हमें स्वस्थ रखने के लिए हैल्थ कैंप्स का आयोजन करता है।



### होण्डा ने शुरू की महिला सशक्तीकरण पहल स्त्री सारथी... स्टीयरिंग हर ओन पाथ

**करनाल :करनाल** स्थित अपने इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रीसर्च में महिला कैब ड्राइवरों के लिए पहले प्रशिक्षण बैच की शुरूआत की करनाल। होण्डा ने अपनी महिला सशक्तीकरण पहल ह्यस्त्री सारथी... स्टीयरिंग हर ओन पाथह्व की घोषणा की है और इसी उपलक्ष्य में करनाल स्थित अपने इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रीसर्च में महिला कैब ड्राइवरों के लिए पहले प्रशिक्षण बैच की शुरूआत की गई। यह पहल हाल ही में ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में होण्डा के इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रीसर्च (आईडीटीआर), नोडल एजेन्सी के रूप में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और मोबिलाइजेशन पार्टनर के रूप में केडमैन स्किलिंग प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुरूप है। इसके अलावा इन कुशल महिला कैब ड्राइवरों को रोजगार प्रदान करने के लिए ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी ने एनएसडीसी के साथ भी साझेदारी की है। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करने तथा नए डोमेन जैसे परिवहन में नए मार्ग उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य के साथ होण्डा ने इस पहल ह्यस्त्री सारथी... स्टीयरिंग हर ओन पाथ का लॉन्च किया है। आईडीटीआर में प्रशिक्षण प्रोग्राम के तहत विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है जैसे सड़क सुरक्षा नियमों एवं सुरक्षात्मक ड्राइविंग तकनीकों को कवर करने के लिए इंटरैक्टिव थ्योरी सैशन्स; सिमुलेटेड वातावरण में कौशल एवं अभ्यास के लिए अडवान्स्ड ड्राइविंग सिमुलेटर्स; कौशल विकास हेतु आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त डेडिकेटेड ड्राइविंग लैब; पेशेवर तरीके से डिजाइन किए गए ड्राइविंग ट्रैक पर ऑन–ट्रैक ड्राइविंग ट्रेनिंग, जिसमें उन्हें वास्तविक दुनिया में वाहन चलाने के लिए अभ्यास करने और बाधाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।



# ज़िला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




**पानीपतः डिस्ट्रिक्ट** बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा करवाई जा रही वार्षिक ज़िला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ पानीपत क्लब में हुआ प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी विजय जैन ने रिबन काटकर किया प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 15 अंडर 17 व अंडर 11 के मुकाबले खेले गये यह प्रतियोगिता 5 तारीख से 7 तारीख तक खेली जाएगी विजय जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा के खेल बच्चो को अनुशासन में रहना सिखाता है व मानसिक विकास में सहायक होता है । आज खेले गये मुकाबलों में ।बच्चों के अंडर 11 में राघव सक्सेना ने आरित को 15-6 15-1 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनायी अंडर 15 में आशीष ने काव्यामक्कड़ को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनायी 17 वर्ष में लवीश ने अर्पित को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनायी महिला अंडर 15 में नाडर कौर ने वन्या को हराकर तीसरे राउंड में जगह बनायी इस अवसर पर प्रधान जुगल डावर महासचिव दिनेश संदुजा ,सतीश महाजन, ओ पी रणोलिया, मुकेश तलवार, अभिषेक वत्स, नितिन अरोड़ा, विपिन शर्मा , मुकेश मदान आदी सदस्य मौजूद रहे ।

# रक्तदान शिविर में 260 युवाओं ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**



**रोटरी क्लब गन्नौर** रॉयल द्वारा रविवार को शिव पार्क में रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्लब के अजय जैन व सचिन वाधवा ने किया। शिविर में 260 यूनिट यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान करने पर युवाओं को प्रशंसा पत्र व हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। क्लब के प्रधान जतिन जैन ने कहा कि रक्तदान की एक बूंद किसी के बहुमूल्य जीवन को बचाता है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। पूर्व प्रधान अजय त्यागी ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं का हौसला बढ़ाया। त्यागी ने कहा कि क्लब समाज सेवा के बेहतर कार्य कर रहा है। इस अवसर अजय त्यागी, नितिन जैन, गौरव जैन, श्वेत मित्तल, रजत जैन, नितिन बंसल व अन्य मौजूद रहे।

# बहुतकनीकी संस्थानः दाखिले के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

**तकनीकी शिक्षा विभाग** ने राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों में तीन वर्ष के डिप्लोमा इंजीनियरिंग और लेटरल इंट्री स्कीम में दाखिले के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान के प्रधानाचार्य राजीव नरवाल एवं उपप्रधानाचार्य जसबीर सिंह ने बताया कि इस संस्थान में पांच शाखाओ केमिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और टेक्सटाइल टेक्रोलॉजी में तीन वर्षीय डिप्लोमा करवाया जाता है। जिसके लिए आवेदक स्वयं तथा संस्थान में आकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। जिसकी अंतिम तिथि 3 जून 2024 है। इसी तरह लेटरल एंट्री स्कीम के तहत सीधे दुसरे साल में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 मई 2024 है। एडमिशन इंचार्ज पुनीत गर्ग ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए अनिवार्य दस्तावेज दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो चाहिए। उपरोक्त दस्तावेज के साथ लेटरल एंट्री दाखिले के लिए दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र के साथ बारहवी पी. सी. एम. या एनएसक्यूएफ लेबल 4 या दो साल आईटीआई कोर्स प्रमाण पत्र जरूरी है।

# रक्तदान शिविर में 89 युवाओं ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




**रक्तदान** का मुख्युदेश्य प्रवीन नांदल को आयरन वर्ल्ड चैंपियनशिप जोकि स्वीडन में आयोजित हुई थी उसमे पदक लाने के सम्मान में लगाया गया था। रक्तदान शिविर का शुभारंभ लोकेश नागरू ० कांग्रेस नेता बिक्रम शाह जी ने किया शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं - सहयोग परिवार, शिव बाबा की रसोई, आरंभ फाउंडेशन, रिंग रोड एसोसिएशन , मदद बैंक , एक पेड़ एक परिवार, लखदातार समिति के साथ शहर के बाजारों के प्रधान मुख्य रूप से मौजूद रहे?। प्रवीन नांदल ने बताया कि बॉडीबिल्डिंग करने के लिए अनुशासन का बहुत बड़ा रोल होता है बॉडी बनाने के लिए कभी भी गलत तरीके से बॉडी ना बना कर अछे खानपान ० अनुशासन के शरीर बनाया जा सकता है आदर्श एक विश्वास ० प्रवीन नांदल फिटनेस द्वारा लगाए गए इस रक्तदान शिविर में 89 युवाओं ने रक्तदान किया। आदर्श एक विश्वास से नवीन मुंजाल ० संदीप अरोड़ा ने बताया कि प्रवीन नांदल आदर्श संस्था के सदस्य भी है और ये रक्तदान शिविर उन्हीं के स्म्मान में लगाया गया है ।संस्था के पदाधिकारी डॉ पुलकित गोयल ० डॉ रजत दहिया ने बताया रक्तदान एक ऐसा दान है जो हम ऐसे इंसान के लिए दान करते हैं जिन्हें हम जानते तक नहीं रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। रक्तदान करने से हम अनजान इन्सान की जान बचाते हैं। इस अवसर पर पूजा,मीरा, कृष्ण मलिक, सचिन, अशोक कालडा,हिमांशु गांधी, कशिश ढिंगरा, रिंकु, अरमान नांदल मौजूद रहे।

# गमों का दौर भी आये तो मुस्कुरा के जियो...

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः फ्रेंड्स लाफिंग क्लब** हरियाणा, सोनीपत सम्बंधित लाफ्टर क्लब इंटरनेशनल द्वारा विश्व हास्य दिवस के उपलक्ष्य में हास्यमेव जयते कार्यक्रम का आयोजन हुड्डा पार्क सेक्टर 23 सोनीपत में किया गया। विश्व हास्य दिवस के अवसर पर सुबह 7 बजे हँसोड़ लोगो की जमात हुडा पार्क सेक्टर 23 में आनी शुरू हो गयी। सूर्य की प्रथम किरण के साथ हास्य कल्ब के सदस्यों ने शहरवासियों के साथ लगाए जमकर ठहाके और छोड़े हँसी के फव्वारे। कार्यक्रम की शुरूआत हास्य मेव जयते के नारे के साथ हास्य द्वारा विश्व शांति हो कि प्रार्थना के साथ हुई। क्लब के सदस्यों ने पूरे विश्व मे मानवता धर्म के पक्ष में करुणा, मैत्री, भाईचारा हो व पूरा सँसार हँसी खुशी के साथ अमन शांति से रहने की कामना की। कार्यक्रम में टाइम पास कॉमेडी के प्रसिद्ध हास्य कलाकार सेवा निवृत्त चीफ फार्मासिस्ट बी एस मान मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सी आर ए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ नरेंद्र सिंह खत्री व समाजसेवी देवेंद्र गर्ग रोहटिया मौजूद रहे। इस अवसर पर फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने बताया कि पूरे विश्व मे हर साल मई महीने के पहले रविवार को वर्ल्ड लाफ्टर डे ( विश्व हास्य दिवस ) मनाया जाता है। फ्रेंड्स लाफिंग क्लब हरियाणा हरियाणा प्रदेश का पहला हास्य क्लब सोनीपत बना और अंतरराष्ट्रीय हास्य क्लब से सम्बंधित हुआ। फ्रेंड्स लाफिंग क्लब की स्थापना हुए 25 साल होने हास्यमेव जयते उदघोष के साथ सोनीपत व प्रदेशवासियों को हास्य दिवस की बधाई दी। सतपाल सिंह अहलावत ने कहा गमो का दौर भी आये तो मुस्कुरा के जियो। हंसना सेहत के लिए बहुत जरुरी है। हंसने के कारण हमारा मन-मस्तिक एवं शरीर स्वस्थ रहता है। आज के समय में तो हंसी की अत्यंत आवश्यकता है।

# दुकान में गल्ले से नगदी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपत कमाल हुसैनः** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ने बताया कि गीता कॉलोनी निवासी आदित्य पुत्र संजय ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में शिकायत देकर बताया था कि उसकी जाटल रोड पर मदान डेयरी के नाम से दूध की दुकान है। दुकान पर 4/5 लड़के काम कर रहे हैं। दुकान की दूध की सेल में पिछले काफी समय से पैसे कम हो रहे थे। इसके पश्चात उसने दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। 14 अप्रैल को उसने 70 हजार रुपए गिनकर काउंटर में रखे। बाद में चेक करने पर 2 हजार रुपए कम मिले। सीसीटीवी कैमरे चेक किये तो दुकान पर काम कर रहे लड़कों में से अमरीश नाम का युवक काउंटर से पैसे निकालता हुआ दिखाई दे रहा है। आदित्य की शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

# खेतों में जल रहे गेहूं के फाने, फूल रही सांसें, अफसर बेखबर

## प्रदूषण से बचाव के लिए किसान फांस न जलाए : एसडीएम, भूसा तैयार करने के बाद सैकड़ों एकड़ फांस में लगाई है आग

**टीम एक्शन इंडिया**



**गन्नौरः फाने जलाए** जाने को लेकर भले ही प्रशासन व कृषि विभाग द्वारा हर साल जागरुकता अभियान चलाने का दावा पाबंदी लगाकर धारा 144 के तहत आदेश जारी किए जाते है लेकिन किसान नियमों को ताक पर रख धड़ल्ले से गेहूं के अवशेष खेतों में जलाए जा रहे हैं। ऐसा करना केवल पर्यावरण को हानि पहुंचाई जा रही है। बल्कि लोगों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं।

फाने के खेत की जुताई में अधिक खर्च के फेर में किसान खेत में खड़े फानों को आग लगा रहे हैं। हालांकि कृषि विभाग खुद को पूरी तरह गंभीर बता रहा है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के दावे हो रहे हैं। जबकि हजारों एकड़ में खड़े फानों को किसान अब तक जला चुके हैं। किसानों की यह लापरवाही खेत की उपजाऊ शक्ति को कम करने के साथ पर्यावरण प्रदूषण को भी बढ़ावा दे रही है। इसके साथ में सड़क के साथ में खड़े पेड़ भी आग लगने के कारण जल रहे है।

**भूसा तैयार करने के बाद सैकड़ों एकड़ फांस में लगाई है आग**

गन्नौर में हजारों हेक्टेयर में गेहूं की बिजाई हुई थी। इसमें से 80 प्रतिशत के कारब कटाई कंबाइन से की गई। जबकि हाथों से कम कटाई की गई। कंबाइन से कटाई के बाद फानों से पहले भूसा तैयार करते हैं। इसके बाद खेत जल्द तैयार करने के फेर में बचे अवशेष में आग लगाई जाती है। गन्नौर से गुमड़ रोड़, बेगा रोड, गढ़ी -ं-ारा रोड़, खेड़ गुज्जर रोड़ पर बाहर खेतों में गेंहू के फांसो में किसानों ने आग लगा दी है।

**प्रदूषण से बचाव के लिए किसान फांस न जलाए : एसडीएम**

- विभाग अपने स्तर पर पिछले कई दिनों से जागरूकता अभियान चलाए हुए हैं।

फाने जलाने से रोकने को लेकर पुलिस केस व दस हजार रुपए जुमार्ने से लेकर तीन माह तक कैद की सजा संबंधित किसान को हो सकती है। एसडीएम निर्मल नागर ने किसानों से आग्रह किया कि वे प्रदूषण बचाव व जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए अवशेष न जलाए ।

# गुरु तेग बहादुर साहब का पवन प्रकाश दिवस मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः** सोनीपत गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहब सेक्टर 15 सोनीपत में श्री गुरु तेग बहादुर साहब का पवन प्रकाश दिवस मनाया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारा साहब पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती कविता जैन श्री ललित बत्रा श्री मोहनलाल बडोली भाई योगेश पाल अरोरा वह तरुण देवदास जी गुरुद्वारा साहिब पहुंचे अमृतसर श्री दरबार साहब से हजूरी रागी भाई गुरप्रीत सिंह इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब आए संगत को उन्होंने कीर्तन द्वारा निहाल किया महासचिव परमजीत सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहब की वाणी श्री गुरु ग्रंथ साहब में दर्ज है गुरु जी की बैरागमई बाणी आज भी मनुष्य के जीवन को दिशा निर्देश देती है। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आरडेंट के सहयोग से एक रक्तदान शिविर भी लगाया गया।

# नरेला विधानसभा के आर.के. इंटरनेशनल स्कूल के तीन छात्रों ने जीते पदक

**टीम एक्शन इंडिया**

**हाल ही में गोवा में आयोजित** ऑल इंडिया मल्टी स्पोर्ट्स 2024 के रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में आरके इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने झंडा गाड़ा है। प्रतियोगिता में आरके इंटरनेशनल स्कूल के मयंक, सुभम और हर्ष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक जीतकर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। तीनों खिलाड़ी थाईलैंड में होने वाली इंटरनेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड़ स्थित आर के इंटरनेशनल स्कूल के तीन



खिलाड़ियों ने गोवा में आयोजित ऑल इंडिया मल्टी स्पोर्ट्स के रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक अपने नाम किए। पदक जीतने के बाद वापस आने पर आरके इंटरनेशनल स्कूल की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर उनका भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर आरके इंटरनेशनल स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने तीनों खिलाड़ियों का पुष्पगुच्छ प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। उन्होंने उनकी हौसला अफजाई करते हुए आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अब तीनो खिलाड़ी इंटरनेशनल प्रतियोगिता जो कि थाइलैंड में प्रस्तावित है, में अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन करेंगे। वही प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**पदक जीता**

**मयंक, शुभम और हर्ष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया।**

इस दौरान चेयरमेंन नरेंद्र शर्मा, डायरेक्टर आकाश शर्मा और ऐश्वर्या शर्मा, मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव शिल्पी शर्मा ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सभी शिक्षक व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# नीलमकला केन्द्र ने आयोजित किया सम्मेलन, कई कवियों ने सुनाई कविता

**कवि सम्मेलन**

**कवियों ने काव्य शैली से समाज को सुनहरा संदेश दिया, जिससे माहौल बेहद खुशनुमा बना दिया।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** पांडव नगर दिल्ली नीलम कला केंद्र द्वारा के 'रूबरू' कवि सम्मेलन का शानदार आयोजन किया गया। यहाँ हिंदुस्तान से आए कई नामी गिरामी शायर एवम शायरात ने अपने बेहतरीन कलाम पढ़े और श्रोताओं का मन



मोह लिया। जिनमें शायर आरिफ देहलवी, शायर जावेद अब्बासी, शायर संजीव कुमार, शायरा निधि मानवी और सुप्रिया वाणी, तरुण जैन, मुकेश गोल्डी, रंजन शर्मा एवम संजय कुमार गिरि मौजूद रहे। सभी कवियों ने अपनी काव्य शैली से समाज को सुनहरा संदेश दिया, जिसने वहां का माहौल बेहद खुशनुमा मनोहर और विचारशील बना दिया। आयोजन के अंत में नीलम कला केंद्र की फाउंडर चारू गुप्ता ने सभी कवियों का धन्यवाद किया। कवि सम्मेलन का शानदार संचालन शायर असलम बेताब ने बेहतरीन अंदाज में किया।

# वजीरपुर विधानसभाः भारत नगर में पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने चलाया जनसंपर्क अभियान









**टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली के वजीरपुर विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके भारत नगर में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा के साथ संजीव सचदेवा, ललित शर्मा, अनमोल मलिक, अश्वनी वोहरा, सुरेन्द्र कुमार, हितैषी, कृष्ण जावा, इन्दर वोहरा, अशोक शर्मा, अमरजीत सिंह, विजय शर्मा, कुलदीप सिंह, रजनी बत्तरा, राज वर्मा, रितू भारद्वाज के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि आत्मनिर्भर इंसान ही आत्मनिर्भर भारत बना सकता है, जिसका सबसे बेहतरीन और सटीक उदाहरण नरेंद्र मोदी है, जो अपनी मेहनत और योग्यता के आधार पर इस मुकाम तक पहुँचे है, बाकी विपक्ष में कोई अपने परिवार पर निर्भर है, कोई जात, पात, धर्म की राजनीति पर और कोई मीडिया पर निर्भर है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में विकसित भारत की अविश्वसनीय कहानी लिखी है। लोकसभा चुनाव में अपना मतदान सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की अखंडता के लिए, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए, हर गरीब को सुविधा देने के लिए, अपनी संस्कृति के सम्मान के लिए और विश्व में भारत का मान बढ़ाने के लिए कीजिए। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# अस्पताल में मरीजों की सेवा के लिए लगाया गया स्टॉल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: जम जम फाउन्डेशन** के द्वारा हिन्दूराव अस्पताल में लगने वाली वरिष्ठ नागरिक सम्मान ओपीडी में एक वरिष्ठ नागरिक सेवा स्टॉल लगाकर अस्पताल में ईलाज के लिए आने वाले सभी लगभग 300 बुजुर्ग मरीजों को एक पानी की बोतल, जूस, बिस्कुट, डाइट मिक्चर आदि वितरित किया गया। इस मौके पर हिन्दूराव अस्पताल से डॉ. जी,बी,एस कोहली, डॉ. पंकज कुमार अग्रवाल, डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, डॉ. एस, के प्रसाद व डॉ. अनुराग आनन्द का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर ऑल इण्डिया ईमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ काजी




मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन, जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान, महासचिव मौहम्मद अनवार, सचिव मौहम्मद कादिर, कोषाध्यक्ष जहीर आलम, भाजपा उत्तर-पूर्वी जिला महिला मोर्चा की महामन्त्री ममता आनन्द, भाजपा मल्का गंज मण्डल की मंत्री पूजा ठुकराल सहित मानसी सिंह, सुमित भोजगी, दिनेश शर्मा, महेन्द्र प्रेमी, प्रमोद अग्रवाल, मौहम्मद कामिल, सुहेल अंसारी, ओसामा अंसारी व अब्दुल खालिक प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने बताया की हिन्दूराव अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक में मरीजों के लिए पीने के पानी की कोई भी सुविधा नहीं होने के कारण यहाँ इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और आजकल तो भीषण गर्मी भी पड़ रही है ऐसे में बुजुर्ग लोगों के लिए हमने एक स्टॉल लगाकर उन्हें पानी, जूस, बिस्कुट एवं डाइड मिक्चर आदि वितरित किए है आगे भी हम इसी प्रकार सेवा जारी रखेंगे।

# निमार्णाधीन यूईआर-2 ने बरवाला गांव के लोगों की बढ़ाई मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: रेजीडेंट्स वैलफेयर** एसोसिएशन बरवाला गांव के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और अथार्टी के अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट कर उनका ध्यान बरवाला गांव में निमार्णाधीन यूईआर-2 की और दिलाया है। वत्स ने कहा कि यूईआर-2 के निर्माण के चलते ने एच ए आई ने बरवाला गांव में पीडब्ल्यूडी की मुख्य बवाना रोड का 300 मीटर का हिस्सा अधिगृहीत किया है।

# भाजपा के कार्यों से खुश हैं देश की जनताः उमाकांत शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा के** मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है। आज देश में भाजपा के राज में विकास ही विकास हो रहा है। पीएम मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह



करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है। जिसकी वजह से दिल्ली की जनता अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रही है। उमाकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च किए गये, जिससे आज विश्व की हर बड़ी कंपनी देश में अपना निवेश कर रही है। उमाकांत शर्मा ने कहा कि हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और देश की जनता पीएम मोदी के साथ खड़ी है।

# शालीमार बागः परिवार की तरह करें पेड़-पौधे की रक्षाः ज्योति सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: शालीमार बाग** विधानसभा क्षेत्र की समाजसेविका ज्योति सैनी ने कहा कि हमारे जीवन में पौधारोपण का विशेष महत्व है, इसलिए सभी पौधारोपण करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधें से जहां एक और हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इनसे हमें फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी मिलती है,



इसलिए सभी उचित स्थान देखकर पौधारोपण अवश्य ही करें। उन्होंने आगे बताया कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का

**विचार**

**हम सभी को अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, जिससे क्षेत्र हरा-भरा रहें।**

कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम गरीबों की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े।

# कृष्णा सोशल वेलफेयर ने ग्लिट्ज आइकॉन अवार्ड किया आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में** स्थित पश्चिम विहार के भारतीय विद्यापीठ इंस्टिट्यूट कंप्यूटर एप्लीकेशन मैनेजमेंट में ग्लिट्ज आइकॉन अवार्ड 2024 का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को कृष्णा सोशल वेलफेयर ट्रस्ट व रेडिक्स ब्यूटी द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को राजेश चौहान और विक्की शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रवज्जलित व गणेश वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर परमजीत सिंह पम्मा और मॉडल एंड एक्ट्रेस शालिनी भाटिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि







उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेडिक्स ब्यूटी ब्राइडल व मेकअप 2024 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मेकअप आर्टिस्ट ने अपनी मॉडलों पर मेकअप किया। इस प्रतियोगिता में सभी मॉडलों ने रेप वॉक करके कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विजेता मॉडल को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर एंग्री मैन परमजीत सिंह पम्माआर्टिस्ट व मॉडलों से अपील की वह मतदान कर अपना फर्ज निभाएं और सभी से अपील करें कि वह मतदान जरूर करें। इस अवसर पर बच्चो ने नृत्य प्रदर्शन और गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति की और उपस्थित सभी लोगो का दिल जीत लिया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्षिता वर्मा, द्वितीय स्थान पर हेमा कश्यप और तृत्य स्थान पर मधु राजपूत रही।

# योग करने से व्यक्ति रहता है स्वस्थः सत्यपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: विश्व** हास्य योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्य पाल शर्मा ने बताया कि योग करोगें तो हमेशा निरोग रहोगे। इसलिए सभी को योग करना चाहिए और दूसरों को भी योग करने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी को नियमित रूप से व्यायाम व योग अवश्य ही करना चाहिए, इससे शरीर स्वस्थ रहता है और हम कई रोगों से दूर रहते है। उन्होंने आगे बताया कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग शारीरिक और



मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। इसलिए सभी योग करें। इस समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों स्थानीय लोग सम्मिलित हुए और योग करने का प्रण भी लिया।

इस अवसर पर सत्यपाल शर्मा, विपिन गुप्ता, जे. के. जुनेजा, परवीन यादव, जगदीश जिंदल, अभय जैन, अशोक गुप्ता, गुलशन खुराना, राज कुमार अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारी मतों से विजयी होगें योगेन्द्र चंदोलियाः अवध किशोर





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वरूप नगर मंडल में बैठक कर जनसंपर्क किया गया और लोगों को भाजपा की नीतियों से अवगत कराते हुए भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया को वोट देने की लोगों से अपील की गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद पांडे, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष सत्येंद्र उपाध्याय, प्रदीप सिंह, जिला प्रवक्ता शैलेंद्र चंद राजपूत, पूर्वांचल मोर्चा मंडल महामंत्री पवन कुमार, सूर्य सिंह, पुनीत गुप्ता, हिमांशु ठाकुर, अवधेश मिश्रा, माया नंद चौधरी, मोद नारायण झा, मनोज कुमार मिश्रा, लल्लन प्रसाद, मंडल उपाध्यक्ष विवेक मिश्रा, विनोद राय, पंडित दिनेश दुबे, हरिकेश यादव, विजयकांत, नील कुंवर सिंह, श्रवण कुमार शुक्ला, मुकेश, राघवेंद्र सिंह ,पंकज शर्मा, नितेश कुमार, पिंटू कुमार, नीतीश कुमार, मनोज कुमार, श्रवण प्रसाद, ऋषि रॉकी ,,अभिषेक उपाध्याय, धीरेंद्र उपाध्याय, लाडो सिंह, चंद्रकेश, सुशील कुमार, सरोज कुमार, विजय कुमार, मुनेंद्र, विनोद राय , लल्लन चौधरी, राजेंद्र सिंह, पंडित रामानंद तिवारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने वोटों के लिए मेवात को जानबूझ कर पिछड़ा रखा: नायब सैनी

**संकल्प रैली**

**▶▶कांग्रेस डरा-धमकाकर वोट बटोरती है और भाजपा विकास कराकर वोट मांगती है : मुख्यमंत्री नायब सैनी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/नूंह**

नूंह विजय संकल्प रैली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मेवात के लोगों से देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा ने 10 साल में मेवात की तकदीर और तस्वीर बदली हैं। मोदी सरकार और राव इंद्रजीत सिंह द्वारा कराए गए विकास कार्यों को देखकर एक बार जागो और कमल को जीताकर दिल्ली भेजो। यहां श्री सैनी ने खुलकर बोलते हुए कहा कि यह समझने का समय है कि कांग्रेस ने किस तरह से मेवात को पिछड़ा रखा है। श्री सैनी ने मेवात के लोगों से 2014 और 2024 के मेवात में क्या अंतर आया है इस हाथ खड़ा करवाकर समर्थन मांगा। मुख्यमंत्री की बात पर मेवात के लोगों ने खड़े होकर सीएम सैनी की बात का समर्थन किया।

गुरुग्राम लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन में विजय संकल्प रैली में नायब सैनी ने कांग्रेस की पोल खोलते हुए कहा कि कांग्रेस भय और डरा धमका कर वोट बटोरती है। वोट लेने के लिए कांग्रेस ने मेवात की समस्याओं को बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि मेवात के पिछड़ेपन को मैने नजदीक से देखा है। कांग्रेस के नेता मंत्री बनने पर रेस्टहाउस तक सीमित रहते हैं, लोगों की समस्याओं से उन्हें कोई मतलब नहीं रहता।

नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने मेवात के पिछड़ेपन को दूर करते हुए अनकों सुविधाएं दी हैं। डबल इंजन सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया है। पानी की समस्या का समाधान किया है। रेनीवेल



वाटर परियोजना से खेतो के लिए भी पानी की व्यवस्था की है। उन्होंने मेवात के लोगों से सवाल पूछते हुए कहा कि 2014 से पहले के मेवात को देखें और अब 2024 के हरे-भरे मेवात को देखें तो आपको पता लगा जाएगा कि भाजपा ने कितना काम किया है।

सीएम सैनी ने कहा कि मेवात के लोग शिक्षित हों इसके लिए विश्वविद्यालय, स्कूल और कालेज खोले हैं। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह ने मेवात क्षेत्र की आवाज को दिल्ली में उठाया है। उसका परिणाम है कि मेवात में आईएमटी स्थापित हुई।

कांग्रेस को मेवात के पिछड़ेपन का जिम्मेदार ठहराते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस को सिर्फ वोटों से मतलब है, कांग्रेस ने यहां के विकास से कोई मतलब नहीं रहा, इसलिए मेवात पिछड़ा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने 10 सालों में फोर लाइन सड़कें, एक्सप्रेस-वे दिए जो मेवात से होकर गुजर रहे हैं। सीएम ने भरोसा देते हुए कहा कि आने वाले समय में मेवात के विकास की गति और तेज होगी।

लोगों से आग्रह करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि जब सरकार मेवात क्षेत्र के बारे में इतना सोचती है तो आप लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है कि विकास की सोच रखने वाली सरकार को तीसरी बार बड़े मार्जिन से बनाएं। उन्होंने कहा कि इस संकल्प रैली में यह संकल्प लें कि राव इंद्रजीत सिंह को बड़े मार्जिन से जिताना है। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा वीरों और शहीदों का सम्मान करने वाली पार्टी है। देश की एकता और अखंडता के लिए लड़ने वाले हसन खां मेवाती का सम्मान भाजपा सरकार ने किया है।

कांग्रेस को घेरते हुए नायब सैनी ने कहा कि आप लोगों को अच्छी तरह याद होगा कि कांग्रेस के समय में तीन-चार घंटे ही बिजली आती थी। कांग्रेस की सोच हिंदू-मुस्लिम के नाम पर दंगे कराने की रही है। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को यही डर है कि उन्होंने 50 साल कुछ किया नहीं और मोदी सरकार ने 10 सालों वो करके दिखा दिया जो कांग्रेस सोच भी नहीं सकती थी।

नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार में 24 घंटे बिजली आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी की सोच 140 करोड़ लोगों के लिए काम करने की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी संविधान का सम्मान किया नहीं और अब लोगों को डरा रही है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए तो संविधान खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संविधान के अनुरूप काम करते हुए हर सुविधा को लोगों तक पहुंचा रही है। 70 साल के बुजुर्ग को मोदी सरकार ने 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज कराने का अधिकार दे रही है।

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस को यह भी पीड़ा है कि मोदी जो बोलते हैं वह कर-के दिखाते हैं। मोदी ने हर घर नल से जल दिया, 80 करोड़ लोगों को राशन दिया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा तोहफा मोदी ने गुरुग्राम लोकसभा को माजरा में ऐम्स और गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे का दिया है। आने वाले समय में इस क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक जाकिर हुसैन का आभार जताया।

अगले पांच साल में मेवात में दौड़ेगी ट्रेन : राव इंद्रजीत सिंह

संकल्प रैली में राव इंद्रजीत सिंह ने दावा करते हुए कहा कि अगले पांच सालों में मेवात की धरती पर ट्रेन दौड़ती दिखाई देगी। मेवात के लोगों की पुरानी मांग को संकल्प के साथ पूरा किया जाएगा। राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने 5 लाख 600 करोड़ का बजट रेल कॉरिडोर के लिए मंजूर कर दिया है और तावडू, नूंह और फिरोजपुर झिरका तक पैंसेजर ट्रेनें चलेंगी।राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि 2009 में 80 हजार और 2014 में ढाई लाख वोटों से जीत हुई थी। तीसरी बार गुरुग्राम की जनता ने पौने चार लाख वोटों से जिताया था।

## संक्षिप्त खबरें

### सडक हादसे में घायल की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

थाना हाईवे क्षेत्र में दो सप्ताह पूर्व हादसे में घायल हुए व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी हाइवे उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 23 अप्रैल की रात को महोली रोड पर हुए सड़क हादसे में गिरधरपुर कॉलोनी निवासी श्याम सुंदर घायल हो गये थे। श्याम सुंदर मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल भुडरसू जा रहे थे। तभी महोली रोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीररूप से घायल हो गये। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार की रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवा मोर्चा निकालेगा हर विधानसभा में बाइक रैली, नवमतदाता सम्मेलन भी होंगे।




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ रोहतक**

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने आगामी दिनों का एक पूरा कार्यक्रम तैयार किया है। रोहतक में युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी, जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक में फैसला लिया गया कि जल्दी ही विधानसभा स्तर पर बाइक रैली और नवमतदाता सम्मेलन किए जाएंगे। मंगल कमल कार्यालय में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री संगठन फणीन्द्र नाथ शर्मा,प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, राजस्थान के खाद्य एवं आपूर्ती कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, प्रदेश मंत्री राहुल राणा एवं युवा मोर्चा प्रदेश प्रभारी व विधायक आदमपुर भव्य बिश्नोई ने युवाओं को जीत का मूलमंत्र दिया।

संगठन महा मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा पार्टी की रीढ़ है। फिलहाल युवा मोर्चा के कार्यकताओं को 24 घंटे मेहनत करने की आवश्यकता है, क्योकि कोई भी बड़ा काम युवाओं की भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता। उन्होंनें युवाओं को जीत के गुर सिखाते हुए कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता के लिए संगठन का काम सर्वोपरि होना चाहिए एवं हर कार्यक्रम में भागीदारी जरुर होनी चाहिए।

भव्य बिश्नोई ने अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश के विकास के इतने काम किए, जिससे जनता भली भांति परिचित है। भाजपा कार्यकताओं को अपने किए हुए काम बताकर जनता के बीच जाना है। जबकि कांग्रेस के लोग जनता में झूठ बोलकर वोट लेना चाहते हैं।

बिश्नोई ने कहा कि आज का युवा भाजपा से जुड़ना चाहता है। युवा मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्त्ता का लक्ष्य होना चाहिए कोई भी नवमतदाता बिना सम्पर्क के नहीं छूटना चाहिए।

राजस्थान खाद्य एवं आपूर्ति कैबिनेट मंत्री एवं रोहतक लोकसभा प्रभारी सुमित गोदारा ने युवाओं में सकारात्मक उर्जा का प्रवाह करते हुए कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकताओं को सबसे ज्यादा सीखने के अवसर मिलते हैं। आपको सदैव सकारात्मकता के साथ काम करना चाहिए। सच्चे मन से मेहनत करने वाले कार्यकर्ता को पार्टी जरुर आगे बढाती है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार में सबसे ज्यादा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित बनने ओर देश अग्रसर हो रहा है।

वहीं हरियाणा भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पुनिया ने कहा कि अबकी बार 400 पार में युवाओं की अहम भुमिका रहेगी।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा योगी ने बैठक के मध्य अपनी बात रखी और आगामी युवा मोर्चा के कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 10 मई को प्रत्येक बूथ पर 5 मोटरसाईकिल के साथ प्रत्येक विधानसभा में बाईक यात्रा निकलेगी। 15-17 मई को प्रत्येक विधानसभा में 1500 नवमतदाताओं का सम्मेलन आयोजित होगा।

## यह चुनाव विकसित भारत के लिए: डा. सतीश पूनिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/सोनीपत** सोनीपत लोकसभा के प्रवास पर पहुंचे भाजपा हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा है कि यह चुनाव देश को विकसित बनाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है। अब तक हुए दो चरणों में में मतदाताओं ने विकसित भारत के लिए वोट किया है और आने वाले चरणों में भी देशवासी देश के विकास के लिए मोदी जी को ही वोट करेंगे।डा. पूनिया ने सोनीपत में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक में उनके साथ चुनाव प्रबंधन और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा भी की।

## जीवन को प्राणदायक ऊर्जा से संतुलित करने का उपाय है संजीवनी ध्यानः आचार्या

**संजीवनी ध्यान**

**▶▶साधना केंद्र में आयोजित आज के संडे ध्यान में आचार्या मां साक्षी ने संजीवनी ध्यान करवाया।**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधरा मैत्री संघ हिसार द्वारा कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आयोजित आज के संडे ध्यान में आचार्या मां साक्षी ने संजीवनी ध्यान करवाया। उन्होंने बताया कि संजीवनी ध्यान का अर्थ होता है 'जीवन का समर्थन' या 'जीवन की ऊर्जा का संग्रह' और यह एक प्रमुख ध्यान पद्धति है जो साधकों को मानसिक शांति, आत्मा




का समर्थन और आध्यात्मिक उन्नति की की दिशा में मार्गदर्शन करती है। इस ध्यान पद्धति का उद्दीपन मुख्य रुप से भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से हुआ है और यह ध्यान साधने वाले को शांति, सुख, और समृद्धि की प्राप्ति का उत्कृष्ट अनुभव करने का उद्देश्य रखता है। यह ध्यान विभिन्न आसन, प्राणायाम, मुद्राएं और मन को नियंत्रित करने के तकनीकों का समाहित मिश्रण है। साधक इस ध्यान के माध्यम से अपने मन को नियंत्रित करता है और आत्मा के साथ संयोजन प्राप्त करता है। इस ध्यान पद्धति में मुद्राएं भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संजीवनी ध्यान का प्रशिक्षण ध्यान गुरुओं द्वारा दिया जाता है जो अपने शिष्यों को ध्यान की शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। संजीवनी ध्यान एक सांस्कृतिक और धार्मिक अभ्यास होता है जो साधकों को आत्मा के अद्वितीयता का अनुभव करने का मार्ग दिखाता है। ज्ञात हो कि कोई भी ध्यान आपको किसी गुरु या प्रशिक्षित आचार्य के निर्देशन में ही करना चाहिए। ओशोधारा मैत्री संघ हर रविवार को सुबह 7 से 9 बजे तक अपने साधना केंद्र कोशिश नगर पर ध्यान के कार्यक्रम का आयोजन करता है जो कि सभी के लिए निःशुल्क होता है और प्रशिक्षित आचार्य ही वो ध्यान का सेशन लेते हैं। ध्यान के बाद ओशोधारा, हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने साधकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि ओशोधारा के कार्यक्रम वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टि से प्रमाणिक है और ध्यान को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर सप्ताह पूरे देश में ध्यान योग का कार्यक्रम तय किया गया है। ओशोधारा मैत्री संघ हिसार ओशोधारा के प्रथम तल का प्रोग्राम किये हुए साधकों के लिए हिसार के बुधला संत मंदिर में 17 से 19 मई 2024 को सुरति योग करवाने जा रहा है।

## हुड्डा होटल ब्लू बर्ड से भाई जयप्रकाश के समर्थन में रोड शो का नेतृत्व करेंगे: गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि 6 मई 2024 सोमवार को हिसार लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश जेपी अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

नामांकन दाखिल करवाने के लिए हिसार में 12:00 बजे ब्लू बर्ड सिरसा बाईपास से हजारों गाड़ियों का काफिला हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान जी



के नेतृत्व में कांग्रेस भवन हिसार पहुंचेगा। इस कार्यक्रम में हिसार लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भारी संख्या में भाग लेंगे। बजरंग गर्ग ने कहा कि जनता के जोश और कांग्रेस के कार्यक्रमों में पहुंच रहे लोगों से पता चल रहा है कि जनता के आशीर्वाद से इंडिया गठबंधन के हिसार लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश व हरियाणा में 10 के 10 इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी भारी बहुमत से विजय प्राप्त करने जा रहे हैं।

## अफीम तस्कर गिरफ्तार, 2 किलो 700 ग्राम अफीम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट्स वेयर एंटीक नारकोटिक सेल ने रविवार को दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 लाख रुपए कीमत की 2 किलो 700 ग्राम अफीम व 4 किलो 135 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया है।स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार को सूचना मिली थी कि एनएच 152डी मोहना पुल के निचे एक होंडा सिटी गाड़ी मे एक युवक बैठा है। जो अपने साथ अफीम लिए हुए है। जो थोड़ी देर मे अम्बाला की तरफ जाने वाला है। इसके बाद पुलिस ने रेडिंग पार्टी तैयार कर 152 डी मोहना पुल के निचे दबीश देकर वहां खड़ी होंडा सिटी गाड़ी से गांव भावी जिला जोधपुर निवासी दिनेश ऊर्फ हनुमान को काबू कर लिया।

## खेल प्रतियोगिता से हमारे शरीर का मानसिक विकास होता है : नर सिंह पाल



**क्रिकेट टूनार्मेंट**

**▶▶गांव रादौरी में ग्रामीण युवाओं की ओर से एक क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया/रादौर :** गांव रादौरी में ग्रामीण युवाओं की ओर से एक क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरसिंह पाल ने मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरसिंह पाल ने टूनार्मेंट में विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में 18 टीमों ने भाग लिया।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नर सिंह पाल ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और हमें किसी न किसी रूप में खेलों से अवश्य जोड ?ा चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि हमें जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी मिलती है।

इस क्रिकेट टूनार्मेंट में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरसिंह पाल ने विभिन्न गांव से आई क्रिकेट टीमों के खिलाडि ?ों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि खेल प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम का आयोजन होता रहना चाहिए, इस तरह की प्रतियोगिता से हमारे शरीर का मानसिक विकास होता है , वह खेलो के बढ़ावे के लिए सदैव तत्पर है ,क्रिकेट खेल होने के साथ-साथ लोगों के मनोरंजन का साधन भी है, जिसे लोगों द्वारा बहुत ही उत्सुकता से देखा जाता है। इस अवसर पर राजिंदर कश्यप, मयंक शर्मा, अजय कंबोज, बलविंद्र कबीर पंथी, विशाल, रवि, अनिकेत, सुमित, आशु, हर्षित, अंकित, मानित, ललित, आदि खिलाडि ?ों ने भाग लिया ।

## बेआसरा पशुओं की समस्या से जूझ रहे लोग

**गौवंश**

**▶▶कस्बे की गलियों से लेकर फोरलेन मार्ग के बीचों बीच दुर्घटनाओं को दे रहे है न्योता**

**पीलीबंगा**

बेआसरा पशुओं की समस्या से कस्बे के लोग परेशान हैं।मंडी की मुख्य सड़कों पर दिन रात गौवंश घूमते रहते हैं। सड़कों पर घूम रहे यह पशु जहां सड़क हादसों को न्योता दे रहे हैं, वहीं यातायात को भी प्रभावित कर रहे हैं। साथ ही खेतों में फसल और साग सब्जियों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इन पशुओं के कारण ज्यादा समस्या



मंडी की मुख्य सड़कों और गलियों में देखी जा सकती है। शहर का कोई भी कोना इनसे अछूता नहीं है। यह बेआसरा पशु अपने साथ-साथ आम लोगों की जान के लिए आफत बन गए हैं।कस्बे में संचालित हो रही 3 मुख्य गोशालाओं के बावजूद इनके पास कोई ठिकाना नहीं होने के कारण वह शहर की सड़कों गलियों चौराहों पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। दिन और रात दोनों समय यह बेसहारा पशु कस्बे की गलियों व मुख्य सड़कों को अपना ठिकाना बना लेते हैं। झुंड में सड़क के बीच खड़े यह पशु आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते जा रहे हैं।प्रशासन भी इनके आगे बेबस है।कस्बे की जनता और राहगीर लंबे समय से इस समस्या से परेशान हैं।पीलीबंगा मंडी के बीच में से फोरलेन मार्ग होने के कारण यहां पर बड़े और छोटे वाहन बहुत तेजी से गुजरते हैं।

इससे कई बार पशु भी वाहनों की चपेट में आ चुके हैं। सबसे मुख्य बात यह है कि जिन पशुओं का रंग काला और स्याह लाल होता है वह रात के अंधेरे में कई बार ठीक से दिखाई नहीं देते हैं। इससे सामने से आ रहा वाहन चालक समझ नहीं पता है कि बीच सड़क में कोई पशु बैठा हुआ है।

## लाडवा की सड़कों पर ट्रैक्टर लेकर निकले डॉ. सुशील गुप्ता, मांगा जनसमर्थन

**टीम एक्शन इंडिया/लाडवा/कुरुक्षेत्र**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्ण गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को लाडवा विधानसभा के गांवों में चुनावी यात्रा शुरू की। इस दौरान उन्होंने लाडवा की सड़कों पर ट्रैक्टर चलाकर लोगों से जनसमर्थन मांगा। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव उमरी से शुरू की और शाम को बाबैन में समाप्त की। इस मौके पर उनके साथ विधायक मेवा सिंह, संजीव सैनी, गुरदेव सूरा, नायब सैनी पटाकमाजरा, सुभाष चंद, गुलशन शर्मा, अमरीक सिंह बकाली, गुरप्रीत सिंह सैनी कोल्लापुर, सुभाष सैनी, मक्खन सिंह लुबाना, संदीप



समैन, परमजीत सिंह सैनी, भीम उमरी, पुष्पा चौधरी, बलजीत कंग और जगदीप कौर मौजूद रहीं।

उन्होंने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ, तब से लेकर कई सरकारें आई और गई। किसी ने थोड़ा कम काम किया तो किसी ने ज्यादा संविधान के हिसाब से काम किया। परंतु इस बार मोदी सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र को तोड़ रही है। इसलिए इस बार का चुनाव बहुत महत्त्वपूर्ण है। ये चुनाव किसी विशेष व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि देश के लिए लड़ा जा रहा है। इसलिए सभी विपक्षी पार्टियों ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया। भाजपा बहुमत के बल पर सुप्रीम कोर्ट और लोकतंत्र का निरादर कर रही है। भाजपा ने चुनाव की घोषणा से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा लिया और अपनी मर्जी से नया चुनाव आयुक्त नियुक्त किया। जो संविधान और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि इतिहास में पहले कभी भी जनता द्वारा चुने गए सिटिंग मुख्यमंत्री को गिरफ्तार नहीं किया गया। संविधान मुख्यमंत्री को अलग और प्रधानमंत्री को अलग ताकत देता है। लेकिन भाजपा ने हार के डर से तीन बार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरफ्तार किया। भाजपा दोनों पार्टियों को बिना लीडर के चुनाव लड़ाना चाहती है। भाजपा ने चुनाव से पहले सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक खाते सीज कर दिए। जो सरेआम देश के संविधान और लोकतंत्र की हत्या है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 लाख देने, हर साल 2 करोड़ रोजगार, 2022 तक किसान की आय डबल करने, जब 750 से ज्यादा किसानों ने शहादत दी तो एमएसपी की गारंटी देने का वादा किया था। लेकिन पीएम मोदी के सभी वादे जुमला निकले। यदि देश का प्रधानमंत्री झूठ बोले तो लोग किस पर विश्वास करें। आजादी के बाद देश के किसान को इतना सताया गया जितना अंग्रेजों ने भी नहीं सताया था। भाजपा ने किसानों को उपद्रवी, आंदोलनजीवी, आतंकवादी और खालिस्तानी कहा।

## गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने अवैध शराब सप्लाई करते हुए पकड़ा

**रादौर :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब ठेकेदार को अवैध शराब सप्लाई करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने एक टाटा ऐस गाड़ी से भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक्साइज स्टाफ के एचसी आजाद सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि शराब ठेकेदार बृजपाल का जठलाना क्षेत्र के गांव पालेवाला में ठेका है।

इसके अलावा यमुना नदी के उस पार नकुंभ में भी उसने शराब का ठेका लिया हुआ है। ठेकेदार पालेवाला




शराब ठेके की आड़ में यमुनानगर गोदाम से देशी व अंग्रेजी शराब अवैध रूप से नकुंभ ठेके पर सप्लाई करता है। आज भी उसकी एक गाड़ी यमुना नदी के नगली घाट पर बने पुल के रास्ते नकुंभ में जाएगी। अगर समय रहते नाकाबंदी की जाए तो उसे अवैध शराब के साथ पकड़ा जा सकता है। जिसके बाद टीम का गठन किया गया और गांव संधाला के पास नाकाबंदी की। कुछ देर बाद उन्हें एक टाटा ऐस गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस जांच मे पूछने पर उन्होंने अपनी पहचान संजीव कुमार निवासी कांसापुर गाडी चालक व सुखविंदर निवासी गुमथला सेल्समैन नकुंभ ठेका बताया। जांच में उनके पास एक रवाना पास मिला, जो पालेवाला से नकुंभ के नाम जारी था। जांच में गाड़ी से देशी शराब की 75 पेटी बोतल, 23 पेटी अध्धे व 20 पेटी पव्वे मिले। वहीं अंग्रेजी शराब की 17 पेटी बोतल, चार पेटी अध्धे व 1 पेटी पव्वे बरामद हुए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 06 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## किसानों का 37.13 करोड़ का गन्ना भुगतान जारी

टीम एक्शन इंडिया

**डोईवाला:** डोईवाला शुगर मिल ने गन्ना किसानों के लिए 37 करोड़ 13 लाख 98 हजार रुपए का भुगतान जारी किया है। शुगर मिल के अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड डोईवाला को 18 करोड़ 53 लाख 79 हजार रुपये, सहकारी गन्ना समिति देहरादून को 12 करोड़ 06 लाख 56 हजार रुपये, सहकारी गन्ना विकास समिति ज्वालापुर दो करोड़ 21लाख 54 हजार, द इकबालपुर सहकारी गन्ना विकास समिति रुड़की दो करोड़ 87 लाख 68 हजार रुपये, द पावटा वैली शुगर केन ग्रोवर्स कोआपरेटिव सोसाइटी पावटा साहिब 94 लाख 26 हजार रुपये, द शाकुंभरा शुगर केन ग्रोवर्स कोआपरेटिव सोसाइटी पावटा साहिब 22 लाख 35 हजार रुपये व सहकारी गन्ना विकास समिति लक्सर को 27 लाख 80 हजार रुपये का भुगतान किया गया है।

**21 जनवरी से 7 मार्च तक का भुगतान:** उन्होंने बताया कि यह भुगतान 21 जनवरी से 7 मार्च तक का है। वहीं किसानों ने मिल की ओर से समस्त गन्ना भुगतान को लेकर मिल प्रबंधन का आभार जताया है। उत्तराखंड किसान एकता मंच के प्रदेश महामंत्री दरपान बोरा ने कहा कि मिल प्रबंधन की ओर से किसानों का समस्त भुगतान किए जाने के बाद अब किसानों की परेशानी दूर होगी।

## बागेश्वर के जंगलों की आग देवाल सीमा में पहुंची

टीम एक्शन इंडिया

**देवाल:** चमोली जनपद के कर्णप्रयाग से लगे नागनाथ, नंदप्रयाग, आटागाड सहित आदिबदरी, गैरसैंण के जंगलों में लगी आग कम होने का नाम नहीं ले रही है। कर्णप्रयाग से लगे नागनाथ रेंज के जंगल तीन दिनों से धधक रहे हैं, लेकिन विभाग मूक बना है। उधर, सिमली से लगे सुंदरगांव, आदिबदरी के भल्सों, गैरसैंण के जंगल भी आग से धधक रहे हैं।

**नजर नहीं आ रही पहाड़ियां:** आग का धुंआ इस कदर वातावरण में बढ़ा है कि 50 से सौ मीटर दूर की पहाड़ियां नजर नहीं आ रही हैं। जिससे यात्राकाल में पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को इस बार पहाड़ के तीर्थस्थलों में गर्मी के साथ पहाड़ी सुंदरता को आग के गुब्बार के साथ कैद करना मजबूरी होगी। उधर, चमोली के कुमाऊं सीमा से लगे हिल स्टेशन देवाल के लिंगडी में बागेश्वर कुमाऊं के जंगलों की आग पहुंचने से वन कर्मियों के पसीने छूटे हुए हैं। पिछले दो दिन से कुमाऊं क्षेत्र के जनपद बागेश्वर के गढ़खेत दावों के जंगलों में भीषण आग लगी है।

# 'राम-कृष्ण की धरती पर नहीं चलेगा वोट जिहाद'

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा-कांग्रेस पर लगाया भारत के इस्लामीकरण का आरोप

निशाना साधा

▸▸ सीएम योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस ने मिलकर भारत के इस्लामीकरण की साजिश रची है

टीम एक्शन इंडिया

**कानपुर।** कांग्रेस नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी का मुसलमानों से वोट जिहाद की अपील करना चुनाव में बड़ा मुद्दा बन गया है। फरुर्खाबाद के कमालगंज की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राम-कृष्ण की धरती पर वोट जिहाद नहीं चलेगा। उन्होंने समझाया भी कि वोट जिहाद नहीं होता, अपने अधिकार का प्रयोग करना होता है। कहा कि सपा और कांग्रेस ने मिलकर भारत के इस्लामीकरण की साजिश रची है।




वहीं उन्होंने कन्नौज संसदीय क्षेत्र के बिधूना की जनसभा में अयोध्या के राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि लोग कह रहे हैं कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। फरुर्खाबाद के कमालगंज में दोपहर तीन बजे पार्टी प्रत्याशी मुकेश राजपूत के समर्थन में हुई जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने सपा, कांग्रेस और बसपा पर हमला बोला। सीएम ने कहा कि मुकेश राजपूत के पक्ष में मतदान करें।

**माफिया को हार बनाकर पहनती थी सपा:** बिधूना की सभा में मुख्यमंत्री कहा कि सपा की सरकार में रामभक्तों पर गोली चलती थी। आज 500 वर्षों बाद अयोध्या में बने मंदिर में श्रीरामलला ने होली खेली। रामनवमी पर उनका सूर्य तिलक हुआ। क्या सपा, बसपा और कांग्रेस पार्टी यह कर सकती थी।

**औरंगजेब के जजिया कर को लागू करना चाहती है कांग्रेस:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश में जनसभा कर सपा, कांग्रेस और बसपा पर जमकर हमला बोला। मध्य प्रदेश के अशोकनगर में गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के पक्ष में चुनावी सभा उन्होंने कहा कि कांग्रेस विरासत टैक्स लगाना चाहती है, यानी लोगों पर जजिया कर लगाना चाहती है, जैसा कि औरंगजेब के जमाने में लगाया गया था।

## सपा की सरकार में रामभक्तों पर गोली चलती थी: सीएम योगी

**बिधूना** की सभा में मुख्यमंत्री कहा कि सपा की सरकार में रामभक्तों पर गोली चलती थी। आज 500 वर्षों बाद अयोध्या में बने मंदिर में श्रीरामलला ने होली खेली। रामनवमी पर उनका सूर्य तिलक हुआ। क्या सपा, बसपा और कांग्रेस पार्टी यह कर सकती थी।

आपके पूर्वजों द्वारा जो संपत्ति अर्जित की गई है, वे उसे लेना चाह रहे हैं। क्या कोई भारतीय इसे स्वीकार करेगा? क्या आप स्वीकार करेंगे? उन्होंने रामलला और संत तुलसीदास का उल्लेख करते कहा कि मध्यकाल में तुलसीदास ने अकबर से मिलने और नवरत्नों में शामिल होने के प्रस्ताव को नकार दिया था।

## गोंडा की राजनीति में नया गुल खिलाएगी बृजभूषण व अजय



टीम एक्शन इंडिया

**गोंडा:** राजनीति का ऊंट कब किस करवट बैठ जाए, इसका पता किसी को नही है। कुछ ऐसे ही घटनाक्रम बीते कुछ दिनों से जिले की राजनीति में भी हुए हैं। विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के राजनीतिक धुर विरोधी से लोकसभा चुनाव के दौरान दिखी जुगलबंदी राजनीति में नया गुल खिला सकती है। कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हुई नामांकन सभा में भी कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। राजनीतिक जानकार इसे नए समीकरण का संकेत बता रहे हैं। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में वैसे तो पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं, लेकिन इस समय कर्नलगंज की चर्चा खूब हो रही है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने सीटिंग विधायक अजय प्रताप सिंह लल्ला भइया के स्थान पर अजय कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया था, इसके बाद राजनीति में एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे अजय प्रताप सिंह व पूर्व मंत्री सपा नेता योगेश प्रताप सिंह साथ आ गए थे। अजय प्रताप सिंह के बेटे ने पूर्व मंत्री के लिए क्षेत्र में वोट भी मांगा था। जबकि, इस चुनाव में अजय कुमार सिंह के साथ कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह खड़े रहे।

## कन्नौज में चढ़ा सियासी पारा, राहुल-अखिलेश करेंगे रोड शो



टीम एक्शन इंडिया

**कन्नौज:** लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे निकट आ रही है, राजनीतिक पार्टियां एक-दूसरे पर हमले तेज कर रही है। जुबानी हमले से मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं। गर्मी के साथ-साथ प्रमुख दलों का प्रयासी पारा भी बढ़ रहा है। चौथे चरण में 13 मई को होने वाले चुनाव को लेकर कन्नौज में अमित शाह, मायावती और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह हुंकार भरेंगे। इसके अलावा राहुल गांधी रोड शो करेंगे। कन्नौज जनता से मतदान के लिए अपील करेंगे।

**10 मई को राहुल-अखिलेश करेंगे रोड शो :** कन्नौज लोकसभा में छिबरामऊ, सदर, तिर्वा, औरैया की बिधूना और कानपुर देहात की रसूलाबाद विधानसभा आती है। इस सीट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव, भाजपा से सांसद सुब्रत पाठक और बसपा से इमरान बिन जफर चुनाव मैदान में है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने बताया कि 10 मई को राहुल गांधी रोड शो करेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई जा रही है। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान ने बताया कि 10 मई को अखिलेश यादव जनसभा करेंगे। जगह भी चयनित नहीं हो पाई है। साथ ही शिवपाल यादव, डिंपल यादव, पूनम पंडित समेत अन्य सपा के प्रमुख नेता जनसभाएं करेंगे। इनकी अभी तारीख तय नहीं हो पाई है।

**आठ मई को अमित शाह करेंगे जनसभा:** भाजपा मीडिया प्रभारी शरद मिश्र ने बताया कि आठ मई को तिर्वा विधानसभा में गृहमंत्री अमित शाह जनसभा करेंगे। बसपा जिलाध्यक्ष बबलू गौतम ने बताया कि नौ मई को तालग्राम ब्लाक के तेराजाकेट में सुबह 11 बजे बसपा प्रमुख मायावती आएंगी। 10 मई राज्यसभा सांसद व उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह दोपहर दो बजे जिला सचिव फैसल के समधन स्थित निजी गेस्ट हाउस में गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश यादव के समर्थन में जनसभा करेंगे।

जुबानी हमले

▸▸ रोड शो करेंगे राहुल-अखिलेश, अमित व मायावती की जनसभा, डिंपल-शिवपाल की भी होगी दस्तक

## कांग्रेस की जमीन खिसक चुकी है : सीएम धामी

टीम एक्शन इंडिया

**बदायूं:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने मिलकर बीमारू राज्य के रूप में पहचाने जाने वाले उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना दिया है। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार इस पार्टी की पहचान बन चुकी है। राहुल गांधी के अमेठी छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि कांग्रेस की राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है। इसलिए राहुल अपनी सीट छोड़कर भाग रहे हैं।

**रोड शो के बाद मीडिया से की बात:** भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में रोड शो शुरू करने से पहले मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी माफिया मुक्त हो गया है। सपा शासन काल में कानून व्यवस्था की का बहुत बुरा हाल था। व्यापारी यहां उद्योग लगाने से कतराते थे। धामी ने कहा, अपराध खत्म हो जाने से आज यूपी में इन्वेस्टर्स की बूम है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग मोदी को रोकने का असफल प्रयास कर रहे हैं। अस्तित्व बचाने, भ्रष्टाचार को छिपाने और तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों ने विपक्षी गठबंधन बनाया है, इनके सारे हथकंडे फेल हो चुके हैं।

सीएम पुष्कर धामी ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो चुकी है, बाकी राज्यों में लागू होने के सवाल पर धामी ने कहा कि हमने चुनाव में अपने संकल्प पत्र में यह बात रखी थी कि पूरे प्रदेश के लोगों के लिए एक कानून होगा।



दावा

▸▸ पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बना दिया : धामी

## पूर्व विधायक अनंत सिंह को 15 दिन का पेरोल

टीम एक्शन इंडिया

पटना: बिहार के बाहुबली व मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह को 15 दिन के पेरोल पर जेल से बाहर निकाला गया है। जेल से बाहर निकलते ही अनंत सिंह का टशन दिखने लगा। समर्थकों में खुशी की लहर दिख रही थी। बुलडोजर से फूलों की बारिश की गई। वहीं, सैकड़ों गाड़ियों का काफिला भी साथ में मौजूद था। अनंत सिंह के स्वागत की कई तस्वीरें सामने आई हैं। अनंत सिंह को सैकड़ों समर्थकों ने माला पहनाने की कोशिश की। अनंत सिंह भी काले चश्मे में पूरे टशन में दिख रहे थे। अनंत सिंह एकदम पुराने स्टाइल में दिख रहे थे।

## पवन सिंह को मिला जदयू नेताओं का सपोर्ट, होगी कार्रवाई

टीम एक्शन इंडिया

**कराकाट:** काराकाट आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे निर्दलीय प्रत्याशी का साथ देना जदयू नेताओं को महंगा पड़ गया। रोहतास जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा द्वारा उन नेताओं को पार्टी से निष्कासन का अनुशंसा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भेजा गया है। पत्र में जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि मुखिया सूर्यवंश सिंह, राजपुर प्रखण्ड अध्यक्ष झुना सिंह व जिला महा सचिव सूरज पासी को अभिनेता से नेता बने निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह को सम्मानित करते देखे गए हैं। जो पार्टी विरोधी गतिविधि है। भोजपुरी फिल्मों के पावर स्टार पवन सिंह बिहार की कारकाट सीट से ताल ठोकने का मन बना चुके हैं। हाल ही में उन्होंने इस लोकसभा क्षेत्र में रोड शो किया था। इसमें कई नेता नजर आए थे। पवन सिंह को भाजपा ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल सीट से टिकट दिया था, लेकिन निजी कारणों का हवाला देते हुए भोजपुरी सुपरस्टार ने टिकट वापस कर दिया था। इसके बाद उन्होंने कराकाट सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान किया।

## फरीदकोट के चुनावी रण में सितारे

टीम एक्शन इंडिया

मोगा: फरीदकोट के चुनावी रण में अब फिल्मी सितारे उतरने शुरू हो गए हैं। आज आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कर्मजीत अनमोल के पक्ष में पंजाबी कलाकार सिप्पी गिल, नीशा बानो, बीएन शर्मा और रुपिंदर रूबी पहुंचे हैं। सभी की तरफ से धर्मकोट विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में चुनाव प्रचार किया गया है।

**लोगों में फिल्मी सितारों का क्रेज:** प्रचार के दौरान लोगों में फिल्मी सितारों का क्रेज भी देखने को मिल रहा है। उनकी तरफ से कर्मजीत अनमोल को मेहनती, सूझवान और इमानदार कलाकार ही नहीं बताया बल्कि अच्छा समाज सेवी भी बताया जा रहा है।

**अनमोल ने कभी किसी के नाम का नहीं किया इस्तेमाल: बीएन शर्मा:** इस दौरान बीएन शर्मा ने अपने एक संबोधन के दौरान कहा है कि कर्मजीत अनमोल ने कभी किसी के नाम का इस्तेमाल नहीं किया है। वह खुद के बल पर यहां तक पहुंचे हैं।

## नौसेना ने फिर देवदूत बनकर मुसीबत में फंसे पाकिस्तानी की बचाई जान


टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** भारतीय नौसेना ने फिर देवदूत बनकर मुसीबत में फंसे पाकिस्तानी की जान बचाई। ईरानी नौका पर सवार पाकिस्तानी ने बचाने की गुहार लगाई थी। नौसेना के आईएनएस सुमेधा ने आपात संदेश पर तुरंत कार्रवाई करते हुए ईरानी नौका अल रहमानी पर सवार पाकिस्तानी चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता देकर उनकी जान बचाई। नौसेना इससे पहले मार्च में अरब सागर में ईरानी जहाज अल-कंबर का अपहरण करने वाले नौ समुद्री लुटेरों को आत्मसमर्पण के लिए विवश कर-के 23 पाकिस्तानियों को बचाया था। न्अरब सागर में तैनात युद्धपोत आइएनएस सुमेधा ने मछली पकड़ने वाली ईरानी नौका अल रहमानी को 30 अप्रैल को रोका।



देवदूत

▸▸ अल रहमानी पर सवार पाकिस्तानी चालक दल के सदस्य को चिकित्सा सहायता देकर उनकी जान बचाई




अपील — शहाबुद्दीन, अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और अब्बास हमारे आदर्श नहीं हो सकते

## भारत के भविष्य के लिए करें वोट : इन्द्रेश कुमार

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने रविवार को कहा कि शहाबुद्दीन, अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी और अब्बास हमारे आदर्श नहीं हो सकते। रसखान, रहीम, कबीर, डा.एपीजे अब्दुल कलाम, मोहम्मद करीम छागला और वीर अब्दुल हमीद हमारे आदर्श हैं। इसलिए दंगामुक्त हिन्दुस्तान के लिए और देश के भविष्य के लिए जाति एवं मजहब से ऊपर उठकर वोट करें। इन्द्रेश कुमार लखनऊ में अंतरराष्ट्र बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में आयोजित सर्व धर्म समभाव संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संगोष्ठी का आयोजन सामाजिक सद्भाव लखनऊ विभाग की ओर से किया गया था। उन्होंने कहा कि कैलाश मानसरोवर मुक्त हो, तिब्बत स्वतंत्र हो, पीओके हमारा हो, भारत अखण्ड हो इसके लिए वोट करें। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ चीन बढ़ा तो हमने मुंहतोड़ जवाब दिया, पाकिस्तान ने हरकत की तो सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक कर उसका जवाब दिया गया। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। यह सब प्रभावी नेतृत्व की सरकार के कारण संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि भारत निःस्वार्थ संस्कृति का देश है। हमारी यात्रा परमार्थ की है। इसलिए हम विश्वगुरु कहलाये। भारत में परमार्थ की संस्कृति है। हमारे यहां कहा गया है कि जियो लेकिन दूसरों के लिए। हमने सबके सद्भाव की बात कही है। हमने किसी के अमंगल की बात नहीं की। कार्यक्रम को राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बावन मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज ने की। उन्होंने कहा कि देश सर्वोपरि है। देशहित में ही सबका हित है। इसलिए हम लोगों को ऐसी सरकार बनानी है जो देशहित को सबसे ऊपर रखती हो।

